हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



सीएम ने मंत्रियों के साथ नर्मदा जी का पूजन किया





महेश्वर पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों के साथ मां नर्मदा का पूजन किया व लोकमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

## रानी अहिल्याबाई की धार्मिक नगरी महेश्वर में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार के फैसले का अनुमोदन

# 19 धार्मिक शहरों, कस्बों व पंचायतों में शराब की दुकानें और बार होंगे बंद

**ये भी हुए फैसले**

**1** न्यायालयीन प्रक्रिया में बंदी जेल से ही होंगे शामिल और चिकित्सक अस्पताल से दर्ज कराएंगे बयान

**2** डॉ. बीआर आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के 19 धार्मिक शहरों, कस्बों व पंचायतों में शराब की दुकानों व बार को बंद करने की कैबिनेट से शुक्रवार को मंजूरी मिल गई। इन सभी शहरों में नए वित्तीय वर्ष 2025-26 यानी एक अप्रैल 2025 से शराब की दुकानें नहीं खुलेंगी। इनमें एक नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 4 ग्राम पंचायतें हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमने तय किया है कि राज्य धीरे धीरे शराबबंदी की तरफ बढ़े।

**इनमें एक नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 4 ग्राम पंचायतें**

**शराबबंदी के साथ ही सरकार मांस व उससे बने पदार्थों की बिक्री भी प्रतिबंधित करेगी**



### सुशासन के साथ नारी सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में कैबिनेट की बैठक का आयोजन मां नर्मदा के किनारे होल्कर शासकों की राजधानी रहे महेश्वर में किया गया।

**आधारभूत संरचनाओं के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रस्ताव**

डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रख्यात विधि विशेषज्ञ थे। उनकी जन्मस्थली महू में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विवि को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

**सीएम ने कहा कि देवी अहिल्या और रानी दुर्गावती ने महिला सशक्तिकरण के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए**

**मुख्यमंत्री ने करीब 20 किमी दूर मंडलेश्वर में महेश्वर जानापाव उदवहन माइक्रो सिंचाई परियोजना का शिलान्यास भी किया**

### कैबिनेट ने इन स्थानों पर शराबबंदी का निर्णय लिया

कैबिनेट में लिए गए निर्णय के अनुसार उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मंडला, मुल्ताई, मंदसौर और अमरकंटक की संपूर्ण नगरीय सीमा में एवं सलकनपुर, कुंडलपुर, बांदकपुर और बरमानकला की ग्राम पंचायत सीमा में समस्त मदिरा दुकानों एवं बार को बंद किया जाएगा।

### *मप्र ने देश में सबसे पहले ई-समन व्यवस्था लागू की*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के तहत मप्र ने देश में सबसे पहले ई-समन व्यवस्था लागू की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के संबंध में नई दिल्ली में ली गई बैठक में नए कानूनों के क्रियान्वयन की दृष्टि से मप्र की अग्रणी व आदर्श राज्य के रूप में सराहना हुई। इस व्यवस्था से पुलिस बल के समय और संसाधनों की बचत होगी। डॉ. यादव ने कहा कि बंदी जेल में विद्यमान क्यूबिक से ही न्यायालयीन प्रक्रिया में शामिल होंगे। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि उन्हें न्यायालय न जाना पड़े। चिकित्सकों के अस्पताल से ही बयान दर्ज कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इन नवाचारों से पुलिस बल को कई प्रक्रियागत कार्यों में सुविधा मिलेगी और पुलिस के लगभग 30% कार्य व समय की बचत होगी। राज्य सरकार समय-सीमा में प्राथमिकता से इसे लागू करने के लिये प्रतिमाह बैठक कर प्रगति की समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में 24-25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ पुणे में हुए इंटरेक्टिव सेशन के संबंध में भी जानकारी दी।*

---

मद्रास हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

# कार्यालय में महिलाओं के साथ हुआ 'अनचाहा' व्यवहार भी यौन उत्पीड़न

एजेंसी ⏭ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने यौन उत्पीड़न की परिभाषा को लेकर बताया कि ऑफिस में किसी महिला के साथ किया गया अनचाहा व्यवहार भी यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति आरएन मंजुला ने यह बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी की। एक निजी कंपनी से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने लेबर कोर्ट के फैसले को पलट दिया। कोर्ट ने कहा कि उत्पीड़नकर्ता की मंशा चाहे जो भी हो, यह कृत्य आपराधिक कृत्य है। दरअसल, न्यायमूर्ति आरएन मंजुला ने इस बात पर जोर दिया कि पीओएसएच अधिनियम यौन उत्पीड़न के पीछे के इरादे की तुलना में उसके कृत्य को प्राथमिकता देता है।यदि कोई बात अच्छी तरह से स्वीकार नहीं की जाती है तो यह अनुचित है और दूसरे लिंग, यानी महिलाओं को प्रभावित करने वाले अवांछित व्यवहार के रूप में महसूस की जाती है, तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह यौन उत्पीड़न की परिभाषा के अंतर्गत आएगा। कोर्ट ने अमेरिकी अदालत के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा। हाईकोर्ट ने कहा कि तर्कसंगतता का मानक एक ऐसा पैमाना है जिसे महिलाओं द्वारा तथा उनकी भावनाओं के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए, न कि इसके विपरीत होना चाहिए। एचसीएल टेक्नॉलजीज की 3 महिला कर्मचारियों ने एक शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका सीनियर उसके साथ अनचाहा व्यवहार करता है। इसके खिलाफ इन महिलाओं ने आईसीसी में शिकायत दर्ज कराई थी।



■ कोर्ट ने अमेरिकी अदालत के एक फैसले का हवाला भी दिया

# 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करेंगे पीएम मोदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाली 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करेंगे। उनका कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। 7 फरवरी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाकुंभ में स्नान करेंगे। इसी दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी त्रिवेणी में डुबकी लगाएंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही पार्टी के कई नेता व पदाधिकारी भी स्नान करेंगे। गुरुवार को को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर महाकुंभ में अव्यवस्था होने का आरोप लगाया। कहा कि महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि मौनी अमावस्या पर होने वाले स्नान से पहले सरकार सभी तैयारी पूरी करे। तीन फरवरी के बाद कांग्रेस नेता महाकुंभ में डुबकी लगाने जाएंगे।

### गूगल मैप ने फ्रांसीसी नागरिकों को भटकाया

**बरेली।** दिल्ली से नेपाल के काठमांडु जा रहे साइकिल सवार दो फ्रांसीसी नागरिक रास्ता भटककर बरेली के बहेड़ी में चुरैली डैम के करीब पहुंच गए। रास्ता भटकने पर वो पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिसकर्मियों से मदद मांगी। फ्रांसीसी नागरिकों की भाषा न समझने से पुलिसकर्मी उनकी समस्या नहीं समझ पाए।

*ब्रिक्स यूथ आंत्रप्रेन्योरशिप कार्यक्रम में एलजी बोले*

## युवा शीर्ष उद्यमी बनकर भारत की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दें

एजेंसी ⏭ जम्मू



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को आईआईएम जम्मू में ब्रिक्स यूथ काउंसिल एंटरप्रेन्योरशिप रनअप कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई उद्योग स्थापित किए गए हैं, और कई और स्थापित होने वाले हैं। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि जम्मू और कश्मीर के युवा शीर्ष उद्यमी के रूप में उभरें और भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दें। भारत अतीत में वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में जाना जाता था और अब युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। भारत अपने इनोवेशन सिस्टम को साबित करने के लिए तेज गति से आगे बढ़ चुका है। स्टार्टअप की दुनिया में अमेरिका और चीन के बाद हम तीसरे स्थान पर हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए इसे भारत के शैक्षिक और तकनीकी भविष्य को आकार देने के लिए एक क्रांतिकारी रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि एनईपी हमारा मार्गदर्शक है और यह हमारी शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कर्नाटक में मंकीपॉक्स का पहला मामला

# दुबई से वापस लौटा तो शरीर पर चकत्ते पड़ गए

**बेंगलुरू।** कर्नाटक राज्य में मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। 40 वर्षीय व्यक्ति जो पिछले 19 सालों से दुबई में रह रहा था। 17 जनवरी को मंगलुरु वापस लौटा था। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार जब वह मंगलुरु पहुंचा तो उसके शरीर पर चकत्ते के लक्षण दिखाई दिए और कुछ दिनों बाद उसे बुखार भी हो गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने उसकी जांच की और उसकी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उसे तुरंत एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आइसोलेटेड कर दिया। जांच के बाद 22 जनवरी 2025 को पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) की ओर से मंकीपॉक्स के वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि व्यक्ति की स्थिति स्थिर है और उसे जल्द ही हॉस्पिटल से छुट्टी मिल सकती है। विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। विभाग ने ये भी स्पष्ट किया है कि मंकीपॉक्स एक हल्का संक्रामक वायरस है जिसे प्रभावी तरीके से कंट्रोल किया जा सकता है यदि समय रहते सही उपाय किए जाएं। स्वास्थ्य विभाग ने जनता को मंकीपॉक्स के लक्षणों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने कहा कि लोग बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, ठंड लगना, पसीना आना, गले में खराश और खांसी जैसे लक्षणों पर नजर रखें। खासकर यदि उन्होंने हाल ही में उच्च जोखिम वाले देशों की यात्रा की हो या मंकीपॉक्स से प्रभावित किसी व्यक्ति के संपर्क में आए हों। विभाग ने ये भी बताया कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि मंकीपॉक्स के मामले बहुत कम होते हैं और इसकी बहुत कम संक्रामकता होती है।



*स्वास्थ्य विभाग ने जारी की चेतावनी*

यौन शोषण के मामले में पांच एफआईआर दर्ज

# सिरोंज में स्कूल व कोचिंग संचालक ने 'नाबालिगों' का किया यौन शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में संचालित एक प्राइवेट कोचिंग सेंटर के संचालक व निजी स्कूल में कार्यरत शिक्षक पर कोचिंग में अध्ययनरत नाबालिग बच्चों के यौन शोषण का आरोप है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तब मामला पुलिस तक पहुंचा, जब यह मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी सिरोंज पहुंचे।

पुलिस ने आरोपी शिक्षक को किया गिरफ्तार



### दोषी शिक्षक को दिलाई जाएगी कठोर सजा

सिरोंज में जो नाबालिग बच्चों के साथ कृत्य हुआ है। यह मामला मेरे संज्ञान में आया है लेकिन अभी मेरे पास कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। मैं बच्चों को न्याय दिलाऊंगा और दोषी शिक्षक को कठोर सजा दिलाई जाएगी।

**प्रियंक कानूनगो**, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली






## दिल्ली विधानसभा चुनाव में सियासी माहौल गरमाया

# केजरीवाल की चौतरफा घेराबंदी, नड्डा ने कहा 'झूठे' आदमी ने विकास के नाम पर किया केवल घपला तो रवनीत बिट्टू ने भी खोले 'कई राज'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सियासी माहौल गरमा गया है। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ बड़ा हमला बोलते हुए दिल्ली के 10 साल के शासनकाल को भ्रष्टाचार से भरा बताया। उत्तम नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि दिल्ली की जनता को इस बार भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट देकर अपनी नाराजगी जाहिर करनी चाहिए।

नड्डा ने आरोप लगाया कि आप सरकार ने जनता को हर स्तर पर धोखा दिया है। उन्होंने आबकारी नीति घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में आप के कई बड़े नेता जेल गए हैं। वक्फ बोर्ड घोटाले में मुसलमानों को भी ठगा। नड्डा ने इसे 100 करोड़ का घोटाला बताया और कहा कि दिल्ली की जनता इन भ्रष्टाचारों को अब और बर्दाश्त नहीं करेगी। नड्डा ने केजरीवाल पर व्यक्तिगत हमला करते हुए उन्हें 'झूठा' करार दिया। उन्होंने कहा कि अगर झूठ बोलने की कोई राष्ट्रीय प्रतियोगिता हो, तो केजरीवाल पहले स्थान पर आएंगे। नड्डा ने शिक्षा, स्वास्थ्य और जल बोर्ड जैसे विभागों में बड़े घोटालों के आरोप लगाते हुए कहा कि आप सरकार ने इन क्षेत्रों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सियासी माहौल गरमा गया है। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ बड़ा हमला बोला।

### नड्डा का हमला, कहा- झूठ बोलने में अव्वल हैं केजरीवाल

**शाह की मौजूदगी में जारी होगा तीसरा घोषणापत्र**

शनिवार को भाजपा दिल्ली में अपने संकल्प पत्र का तीसरा पार्टी जारी कर सकती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली भाजपा दफ्तर पंडित पंत मार्ग पर तीसरा संकल्प पत्र जारी करेंगे।




**बिट्टू ने खोले कई राज**

### बिभव हैं पंजाब के असली सीएम

रेलवे राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा के किसी प्रश्न का उत्तर आप के पास नहीं है। सांसद स्वाति मालीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर सुरक्षा का मुद्दा उठाया है। महिला सांसद के साथ मारपीट करने वाले केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार को पंजाब पुलिस द्वारा जेड प्लस की सिक्योरिटी उपलब्ध क्यों कराई जा रही है?सांसद राघव चड्ढा को भी क्यों जेड प्लस की सिक्योरिटी क्यों दी गई? चड्ढा ने अपनी शादी पंजाब पुलिस के जवानों को वेटर बना दिया।





हाईकोर्ट ने विधानसभा की बैठक का निर्देश देने से किया मना

### नहीं पेश हो सकी कैग रिपोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट ने शासन पर सीएजी रिपोर्ट पेश करने के लिए राज्य विधानसभा की बैठक बुलाने का निर्देश देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि मामले में दिल्ली सरकार की ओर से अत्यधिक देरी हुई है। अदालत ने रेखांकित किया कि संविधान के तहत ऑडिट रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखना अनिवार्य है। अदालत ने कहा कि अदालत विधानसभा की विशेष बैठक बुलाने की याचिकाकर्ता की प्रार्थना को स्वीकार करने के लिए इच्छुक नहीं है। विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता और भाजपा विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय कुमार महावर, अभय वर्मा, अनिल कुमार बाजपेयी और जीतेंद्र महाजन ने पिछले साल याचिका दायर की थी और स्पीकर को सदन की बैठक बुलाने का निर्देश देने की मांग की थी। सीएजी रिपोर्ट पेश करने के लिए बैठक याचिकाकर्ताओं ने वकील नीरज और सत्य रंजन स्वैन के माध्यम से याचिका दायर की।

केजरीवाल का बड़ा बयान

### जिसको मर्जी हो वोट दे दो, लेकिन 'खरीदने' वालों को मत देना

दिल्ली विधानसभा चुनाव में नेताओं के बीच जुबानी जंग और तेज होती जा रही है। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधाष साथ ही आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली में वोट खरीद रही है। केजरीवाल ने कहा कि जिसको मर्जी हो वोट दे देना लेकिन उन्हें बिल्कुल वोट मत देना जो आपको वोट खरीदना चाहते हैं। एक वीडियो जारी करते हुए केजरीवाल ने कहा दिल्ली का यह चुनाव बहुत अलग हो रहा है। खुलेआम भाजपा वाले पैसे बांट रहे हैं और यह पुलिस के सरंक्षण में हो रहा है। जो आपका वोट पैसे या तोहफ़ों से खरीदना चाहे, उसे कभी वोट न दें।



**प्रचार में उतरे कन्हैया**

### केजरीवाल जो कह रहे वह असंभव



अब तक कांग्रेस के बड़े नेता दिल्ली में चुनाव प्रचार से दूर रहे हैं। केवल राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित किया और उसके बाद प्रचार से दूर हो गए।बताया गया कि उनकी तबीयत खराब है। कांग्रेस के युवा नेता कन्हैया कुमार भी चुनाव प्रचार में उतर चुके हैं। कन्हैया ने चुनावी मैदान में उतरते ही सबसे पहले केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। कन्हैया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जब भाजपा के खिलाफ लड़ेंगे तो हमारे सहयोगी होंगे। कन्हैया ने कहा कि केजरीवाल कहते हैं कि कांग्रेस और भाजपा एक साथ हैं। ये जो बोलते हैं, वह हो ही नहीं सकता, हम नदी के दो किनारे हैं। कन्हैया ने कहा कि उनको इस मामले में कोई कन्फ्यूजन नहीं है, व्यक्ति नहीं विचार का सवाल है।

खान का बेटा विवाद में फंसा

### बाइक तक उठा ले गई पुलिस, एफआईआर दर्ज

दिल्ली के ओखला से आपके विधायक अमानतुल्लाह खान के बेटे एक विवाद को लेकर चर्चा में आए हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव हैं और जनता लगभग दो हफ्ते बाद होने वाली वोटिंग के लिए इंतजार कर रही है। इसी बीच अमानतुल्लाह के बेटे का विवाद सामने आया है। दिल्ली पुलिस इस विवाद में अमानतुल्लाह के बेटे की बाइक को भी उठाकर थाने ले गई। मामले में पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली है।



### कांग्रेस के प्रचार की कमान संभालेंगी प्रियंका, राहुल बीमार

चुनाव को लेकर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की दो प्रस्तावित रैलियां उनकी खराब तबीयत के चलते पार्टी ने रद्द कर दीं। सवाल उठने लगे हैं कि दिल्ली में कांग्रेस का चुनाव प्रचार कौन लीड करेगा? एक रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली कांग्रेस यूनिट ने राहुल की गैरमौजदगी में प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव प्रचार की कमान संभालने के लिए अनुरोध किया है।



**खबर संक्षेप**

### हाथरस बिटिया मामला राहुल 10 को पेश हों

**नई दिल्ली।** लोकसभा सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हाथरस के एसीजेएम,एमपी एमएलए कोर्ट दीपक नाथ सरस्वती के न्यायालय में राहुल के खिलाफ मानहानि का परिवाद दाखिल हुआ है। न्यायालय ने बयानों के लिए 10 फरवरी की तिथि दी है। रामकुमार ने परिवाद दिया है।



### महाराष्ट्र: बस और ऑटो टैक्सी का किराया बढ़ा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में आम लोगों को झटका लगा है। फडणवीस सरकार ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट महंगा कर दिया है। बस, ऑटो-टैक्सी तीनों के किराये में बड़ी बढ़ोतरी की गई है। यह यात्रियों की जेब पर भारी असर पड़ने वाला है। राज्य सरकार ने शुक्रवार से वाहनों का बढ़ा किराया लागू करने की बात कही है। 15 फीसद वृद्धि को मंजूरी दी गई है।



### रेप के बाद प्राइवेट पार्ट में मिले पत्थर और ब्लेड

**मुंबई।** मुंबई में 20 वर्षीय लड़की के साथ रेप का मामला सामने आया है। यह युवती मंगलवार की देर रात रेलवे स्टेशन पर मिली थी। जब लड़की की मेडिकल जांच हुई तो खौफनाक बातें सामने आईं। लड़की के प्राइवेट पार्ट में प्लास्टिक में लिपटे पत्थर, सर्जिकल ब्लेड मिली थी। पुलिस ने ऑटो-रिक्शा ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।



### पूर्व राज्यसभा सांसद सिन्हा को ब्रेन स्ट्रोक

**नई दिल्ली।** भाजपा के संस्थापकों में से एक रवींद्र किशोर सिन्हा गंभीर रूप से बीमार हैं। भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा को 17 जनवरी को ब्रेन स्ट्रोक आया था, जिसके बाद उनका उसी रात ऑपरेशन किया गया था। परिवार ने यह बात अब तक सार्वजनिक नहीं होने दी थी। वे सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज के अध्यक्ष हैं।



## बेटियों को जमीन न देने पर भड़के सुप्रीम कोर्ट के जज

# सारा दिन घर पर करते हो लक्ष्मी पूजा और उनको नहीं दे सकते जमीन का एक टुकड़ा

### कोर्ट तभी आदेश देगा जब आप बेटियों के नाम पर कुछ भूमि देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोर्ट ने कहा कि आपके जैसे क्रूर आदमी को हम अपनी अदालत में कैसे घुसने दे सकते हैं?

**जस्टिस सूर्यकांत और कोटिश्वर की बेंच ने कहा**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक शख्स की कड़ी आलोचना की। वह अपनी बेटियों की देखभाल सही से नहीं कर रहा था। कोर्ट ने कहा कि आपके जैसे क्रूर आदमी को हम अपनी अदालत में कैसे घुसने दे सकते हैं? आप घर पर कभी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और कभी सरस्वती की। लेकिन अपनी बेटियों के साथ इस तरह का बर्ताव करते हैं।

बार एंड बेंच के अनुसार जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि आप किस तरह के आदमी हैं, अगर आप अपनी बेटियों की भी परवाह नहीं करते? हम ऐसे क्रूर आदमी को अपनी अदालत में कैसे घुसने दे सकते हैं! सारा दिन घर पर कभी सरस्वती पूजा और कभी लक्ष्मी पूजा और फिर यह सब। इतना ही नहीं कोर्ट ने यह भी कहा कि वह उसके पक्ष में तभी आदेश पारित कर सकता है, जब वह अपनी बेटियों के नाम पर कुछ खेती की जमीन देने के लिए राजी हो जाएं।



**यह है पूरा मामला?**

अब पूरे मामले पर गौर किया जाए तो याचिकाकर्ता योगेश्वर साओ को 2015 में दोषी ठहराया गया था और 2009 के एक मामले में ढाई साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। निचली अदालत ने उसे 50,000 रुपए के दहेज की मांग को लेकर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने का दोषी पाया था। दंपति ने 2003 में शादी की थी और उनकी दो बेटियां हैं। इतना ही नहीं यह भी आरोप लगाया गया था कि उसने दूसरी महिला से शादी भी कर ली थी।

### हाईकोर्ट ने सजा को निलंबित कर दिया था

2016 में झारखंड हाई कोर्ट ने 11 महीने की हिरासत के बाद में सजा को निलंबित कर दिया था। सितंबर 2024 में हाई कोर्ट ने दोषसिद्धि को बरकरार ही रखा। हालांकि, हाई कोर्ट को दोबारा से शादी करने के आरोप के संबंध में कोई भी सबूत नहीं मिला। शख्स को राहत देते हुए कोर्ट ने उसकी सजा को घटाकर डेढ़ साल कर दिया और उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसके बाद शख्स ने पिछले महीने दिसंबर के महीने में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

हाईकोर्ट में भी आया दिलचस्प विवाद, कोर्ट बोला

### सिर्फ मुस्लिम से शादी करने से हिंदू का स्वतः इस्लाम में धर्मांतरण नहीं हो जाता



दिल्ली हाई कोर्ट ने एक पारिवारिक विवाद का निपटारा करते हुए अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि किसी मुस्लिम शख्स से शादी कर लेने मात्र से किसी महिला का हिंदू से इस्लाम में अपने आप धर्मांतरण नहीं हो जाता। जस्टिस जसमीत सिंह एक व्यक्ति की पहली पत्नी की बड़ी बेटी द्वारा उनकी दूसरी पत्नी के दो बेटों के खिलाफ संपत्ति बंटवारा विवाद की सुनवाई कर रहे थे, जिसमें उन्होंने यह टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ता महिला को पिता की संपत्ति में से 1/5वां हिस्सा देने का आदेश दिया। पुष्पलता नामक महिला ने 2007 में अपने सौतेले भाइयों के खिलाफ संपत्ति विवाद में मुकदमा दायर किया था।

### बिना सहमति बेचने के फिराक में थे

पुष्पलता ने तर्क दिया था कि उन्हें और उनकी बहनों के पास मुकदमे की संपत्तियों में से प्रत्येक को 1/5 हिस्सा का अधिकार है। मुकदमा इसलिए दायर किया गया था क्योंकि प्रतिवादी बेटे (दूसरी पत्नी से जने बेटे) वादी बेटियों की सहमति के बिना हिंदू संयुक्त परिवार की संपत्तियों को बेचने और निपटाने की कोशिश कर रहे थे।पिता ने मुकदमे का विरोध किया था कि उसकी सबसे बड़ी बेटी जो याचिकाकर्ता और वादी है, अब हिंदू नहीं रह गई है, क्योंकि उसकी यूनाइटेड किंगडम में पाकिस्तानी मूल के एक मुस्लिम से शादी कर ली है।

### प्रतिवादी भाई आरोप साबित नहीं कर सका

अदालत ने मुकदमे को स्वीकार करते हुए कहा कि वादी अब हिंदू नहीं है, इसे साबित करने का भार प्रतिवादियों पर है लेकिन प्रतिवादी भाई यह साबित कर पाने में विफल रहे कि उनकी बड़ी बहन ने इस्लाम धर्म अपना लिया है और अब वह हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की लाभार्थी नहीं रहीं। कोर्ट ने कहा कि महिला ने हलफनामे के माध्यम से अपने साक्ष्य में स्पष्ट रूप से कहा है कि मुस्लिम शख्स के साथ विवाह करने के बाद भी वह अपने धर्म यानी हिंदू धर्म का पालन करती है।

महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा बोलीं

## हम बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हों



### बालिका दिवस पर सभी बेटियों को शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सभी बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण केलिए संकल्पबद्ध बनने का आह्वान किया। सोशल मीडिया एक्स पर एक थ्रेड पोस्ट में अन्नपूर्णा देवी ने लिखा की राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभी बेटियों को उज्जवल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं। आज इस अवसर हम बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध बनें। एक्स पर एक अन्य थ्रेड पोस्ट में लिखा कि बालिका देवो भवः राष्ट्रीय बालिका दिवस के इस अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि हर बालिका को उसके सपनों को पूरा करने का अवसर देंगे और एक ऐसा वातावरण बनाएंगें, जहां वे स्वतंत्र, सशक्त और सम्मानित महसूस कर सकें।

### 24 जनवरी एक अहम अवसर

भारत में हर साल 24 जनवरी को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय बालिका दिवस, लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण पर फोकस करने के लिए समर्पित एक महत्वपूर्ण अवसर है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में शुरू किए गए इस दिवस का मकसद, लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाना और एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां वे लिंग भेदभाव की बाधाओं के बगैर आगे बढ़ सकें। दरअसल राष्ट्रीय बालिका दिवस, लड़कियों के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने का एक अवसर है, कि उन्हें लिंगभेद से मुक्त होकर, समान अवसर और सहायता प्रदान की जाए।

### बेटियों को भी बराबर का सम्मान मिले

यह दिन लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली असमानताओं को उजागर करने, उनके लिए शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज को लड़कियों को समान मानने और उनका सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी प्रयास करता है। इसका मुख्य फोकस लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने, कन्या भ्रूण हत्या जैसे मुद्दों को संबोधित करने, घटते लिंग अनुपात के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लड़कियों के लिए अधिक समावेशी और न्यायसंगत वातावरण को बढ़ावा देने पर है।

पीएम 28 को 'उत्कर्ष ओडिशा' करेंगे शुरू

## युवा उद्यमियों के बारे में बताएंगे विकास के साथ निवेश भी बढ़ेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को ओडिशा का दौरा करेंगे। इस दौरान पीएम 'उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025' का उद्घाटन करेंगे। कॉन्क्लेव भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित होगा। बालासोर के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी ने बताया कि पीएम मोदी पहले भी कई बार ओडिशा आ चुके हैं। इस बार वे राज्य के विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए अहम कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे। ओडिशा सरकार के 2 दिनी कार्यक्रम राज्य की क्षमताओं को



पांच प्रमुख क्षेत्रों आईटी, नवीकरणीय ऊर्जा, टेक्सटाइल, केमिकल्स और फूड प्रोसेसिंग में प्रदर्शित करेगा। आयोजन में करीब 4,000 से 5,000 निवेशकों के भाग लेने की उम्मीद है। 27 जनवरी को भारतीय उद्योग परिसंघ 5 सत्र आयोजित करेगा जिसमें करीब 200 उद्योग जगत के सदस्य हिस्सा लेंगे।

बजट तैयार करने की प्रक्रिया के अंतिम चरण में किया आयोजन

# वित्त मंत्री की मौजूदगी में बना हलवा, 'लॉक-इन' प्रक्रिया शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय की ओर से केंद्रीय बजट पेश होने से ठीक पहले एक हलवा समारोह का आयोजन किया जाता है। हलवा समारोह के जरिए यह संकेत दिया जाता है कि बजट को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसके छपने का काम शुरू गया है। केंद्रीय बजट से पहले हलवा सेरेमनी का आयोजन हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट से पहले हलवा समारोह (हलवा सेरेमनी) का आयोजन केंद्रीय वित्त मंत्री उपस्थिति में नॉर्थ ब्लॉक में होता है। बजट तैयार करने की 'लॉक-इन' प्रक्रिया शुरू होने से पहले इसे आयोजित करने की परंपरा है।

### सीतारमण की उपस्थिति में नॉर्थ ब्लॉक में परंपरा का निर्वाह

बजट के छपने का काम शुरू किया गया





**बजट से पहले समारोह क्यों?**

वित्त मंत्रालय की ओर से केंद्रीय बजट पेश होने से ठीक पहले एक हलवा समारोह का आयोजन किया जाता है। इस समारोह में बड़ी संख्या में बजट तैयार करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। बजट विभाग के जितने भी अधिकारी बजट बनाने के कार्य में जुटे होते हैं, उन्हें बजट पेश होने तक अपने परिवारों से संपर्क नहीं करने दिया जाता।

**इस तरह मनाई जाती है हलवा सेरेमनी?**

हलवा सेरेमनी एक परंपरागत कार्यक्रम है जिसे बजट की छपाई से पहले मनाया जाता रहा है। कहा जाता है लंबे समय तक चलने वाली बजट बनाने की प्रक्रिया की समाप्ति के बाद मीठा खाकर बजट की छपाई को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई जाती है। वित्त मंत्री जिस कड़ाही में हलवा तैयार किया जाता है उसे छूकर व अधिकारियों को हलवा परोसकर बजट की छपाई के लिए हरी झंडी दिखाती हैं।

### बजट तैयार करने पूरी गोपनीयता जरूरी

संसद में बजट पेश होने से पहले कुछ दिनों तक बजट से जुड़े वित्त मंत्रालय के अधिकारी और कर्मचारी नॉर्थ ब्लॉक के बेसमेंट में ही रहते हैं। जहां पूरी गोपनीयता रखी जाती है। दावों के मुताबिक मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों पर इंटेलिजेंस ब्यूरो की चौबीसों घंटे निगरानी रहती है, उन्हें प्रियजनों से संपर्क करने की भी अनुमति नहीं होती। यहां तक की उन्हें फोन करने की भी इजाजत नहीं होती है। सीसीटीवी के एक मजबूत नेटवर्क और जैमर के जरिए उन्हें बाहरी संपर्क से काट कर रखा जाता है।

**जबलपुर**
**शनिवार, 25 जनवरी 2025**
माघ मास शुक्ल पक्ष –11
- वर्ष : 19, अंक : 261
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 10

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**आईसीसी वीमेंस वनडे टीम ऑफ द ईयर में दो भारतीय खिलाड़ियों को मिली जगह**




**नई दिल्ली।** आईसीसी की तरफ से 2024 के लिए 'वीमेंस वनडे टीम ऑफ द ईयर' जारी कर दी गई है। इस टीम में दो भारतीय खिलाड़ियों ने जगह बनाई है। वहीं टीम का कप्तान दक्षिण अफ्रीका की खिलाड़ी को बनाया गया है। टीम की कमान दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ड को सौंपी गई है। वही टीम में स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा के रूप में दो खिलाड़ियों को मौका मिला है। टीम में सबसे ज्यादा इंग्लैंड की तीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

# आज से फिर लौटेगा तेज सर्दी का दौर, ठंडी हवाओं ने 'गिराया' पारा

**यह दौर अगले एक हफ्ते तक रहेगा, इसके बाद मौसम में गर्माहट आना शुरु हो जाएगी**

- इधर शुक्रवार को खरगोन-खंडवा में दिन के तापमान में आया उछाल
- 31 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा तापमान



सेकंड स्टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दक्षिण-पूर्व की गर्म हवाओं ने प्रदेश से ठंड गायब कर दी थी, पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने से शुक्रवार को अधिकतर जगहों पर दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। जिससे शुक्रवार को खरगोन और खंडवा ऐसे रहे, जहां दिन का तापमान 30-31 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

वहीं, रात में पारा 16 डिग्री रहा। पिछले 6 दिन से ऐसा ही मौसम है। हालांकि, शनिवार से मौसम फिर बदल सकता है। मौसम विभाग ने 25 जनवरी से तेज ठंड का एक और दौर शुरू होने का अनुमान लगाया है। यह दौर अगले एक हफ्ते तक रहेगा। इसके बाद मौसम में गर्माहट आना शुरु हो जाएगी। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह का कहना है कि अभी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है।

इस वजह से दक्षिण-पूर्वी हवा चल रही हैं। अब यह रुख उत्तरी हो जाएगा। इससे ठंडी हवा प्रदेश में आएगी और दिन-रात के तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट होगी। ठंडी हवाएं चलने से दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। जबकि, रात का तापमान भी सामान्य से कम हो जाएगा।

### पचमढ़ी में सबसे कम 10.2 डिग्री रहा पारा

*गुरुवार-शुक्रवार की रात में खरगोन और खंडवा में तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। जबकि इंदौर में पारा 13.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उज्जैन में 13.5 डिग्री, भोपाल में 13.2 डिग्री, ग्वालियर में 10.4 डिग्री और जबलपुर में 13.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। यह पचमढ़ी में सबसे कम 10.2 डिग्री पारा रहा। मंडला में 10 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बाकी शहरों में 10 डिग्री से ज्यादा तापमान रहा।*

### उत्तरी हवा आने से ग्वालियर सबसे ठंडा

उत्तरी हवाओं की वजह से प्रदेश का ग्वालियर-चंबल सबसे ठंडा रहता है। जनवरी में यहां कड़ाके की ठंड का ट्रेंड है। पिछले 10 साल का रिकॉर्ड देखें तो 2018 में तापमान 1.9 डिग्री और 2019 में 2.4 डिग्री दर्ज किया गया था। 24 जनवरी 1954 को रात का तापमान माइनस 1.1 डिग्री सेल्सियस रहा था।

---

**वक्फ की जेपीसी की बैठक में हंगामा, 10 विपक्षी सांसद निलंबित**

# अध्यक्ष जगदंबिका का आरोप-टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने मुझे गाली दी

**बेनर्जी ने कहा-अघोषित आपातकाल जैसा माहौल, बैठकें आगे बढ़ाई जा रहीं**

*भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि विपक्ष की सोच और नजरिया उजागर हो गया। उन्होंने मीरवाइज के सामने हंगामा किया और बदसलूकी की। यह संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। दो बार बैठक को स्थगित करना पड़ा। बाद में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर 10 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। समिति की अगली बैठक तीन दिन बाद यानी 27 जनवरी को होगी। इस बीच समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बेनर्जी ने मुझे गाली दी। जगदंबिका पाल ने कहा कि कश्मीरी धर्मगुरु मीरवाइज और उनके प्रतिनिधिमंडल ने अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और विधेयक के कुछ खंडों पर आपत्ति जताई।

**इन सांसदों को किया निलंबित**

विपक्षी सांसद मोहम्मद जावेद, तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बेनर्जी, डीएमके नेता ए राजा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी व नासिर हुसैन, समाजवादी पार्टी नेता मोहिबुल्लाह नदवी, एम. अब्दुल्ला, शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत, नदीमुल हक और कांग्रेस के इमरान मसूद को निलंबित किया गया है।

- *समिति की अगली बैठक तीन दिन बाद यानी 27 जनवरी को होगी*
- *पाल ने कहा- जल्दबाजी होती तो जेपीसी को न भेजते विधेयक*



*विपक्ष का आरोप*

**प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दे रहे**


बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। गुरुवार को भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी।

**रात 11:40 बजे हमें संदेश मिला कि एजेंडा बदल दिया गया**

डीएमके सांसद ए राजा ने कहा कि इस महीने की 18, 19 और 20 तारीख को जेपीसी दौरे पर थी। दौरे का आखिरी सत्र 21 तारीख को पूरा हुआ। बैठक के दौरान सचिवालय से सूचना मिली कि 24 तारीख को बैठक होगी। हमने तुरंत चेयरमैन के सामने विरोध किया। 21 तारीख को हम दौरे पर थे। हम उसी रात चले जाने वाले हैं। हमें 24 तारीख को कैसे बुलाया जा सकता है? क्योंकि हमें अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वापस जाना था। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे विचार करेंगे। 21 जनवरी को हमें एक और नोटिस मिला, जिसमें सभी सदस्यों से 48 घंटे के

---

### क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग लेंगे तलाक! लगे कयास



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के तलाक की चर्चाओं से बाजार गरम है। सोशल मीडिया पर दावे हो रहे हैं कि वह अपनी पत्नी आरती अहलावत से कई महीनों से अलग रह रहे हैं। दोनों जल्द ही तलाक ले लेंगे। सहवाग ने इन कयासों पर कोई जवाब नहीं दिया है। बताया गया है कि दोनों ने एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। वीरेंद्र सहवाग ने अपने इंस्टा अकाउंट पर बीते कुछ समय से पत्नी के साथ कोई फोटो नहीं साझा की है। हालाँकि, उन्होंने अपने बेटों कुछ फोटो डाली हैं। वीरेंद्र और आरती का विवाह 2004 में हुआ था और इसे 20 साल हो चुके हैं। अभी आरती अहलावत की तरफ से भी इस मामले में कोई बयान सामने नहीं आया है।

---

विस्फोट के बाद फैक्ट्री ढह गई, रेस्क्यू के लिए जेसीबी लगाई गईं

**महाराष्ट्र की भंडारा आयुध फैक्ट्री में विस्फोट**

## फैक्ट्री की छत ढही, मलबा हवा में उड़ा, आठ की मौत, सात घायल

- विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे आयुध के परिसर में हुआ
- विस्फोट की वजह अब तक पता नहीं चल सकी है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक आयुध फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयुध फैक्ट्री में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए। उन्होंने विस्फोट में जान गंवाने वालों के लिए शोक भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कई श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।



---

### इंजेक्शन लगने के बाद भी रेबीज संक्रमण, मौत




**छिंदवाड़ा।** थावड़ी गांव में कुत्ते के काटने से 15 साल की किशोरी को इंफेक्शन हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। 25 दिसंबर को कुत्ते ने नाबालिग को गाल पर काटा था। परिजनों ने इसी दिन उसका अमरवाड़ा अस्पताल में इलाज कराया। गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इंजेक्शन लगने के बाद भी संक्रमण फैल गया।में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के करीब आधे घंटे बाद ही उसने दम तोड़ दिया। डॉक्टर मनीष गठोरिया ने बताया कि बच्ची को रेबीज का इंजेक्शन लगने के बाद भी उसके शरीर में इंफेक्शन फैल गया था। शुक्रवार को गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

---

**ग्वालियर में जापानी बुखार**

## 11 संदिग्ध मिलने से हड़कंप कोमा में चली गई थी किशोरी



15 वर्षीय किशोरी पहली मरीज


हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में जापानी बुखार (इंसेफेलाइटिस) तेजी से फैलता जा रहा है। जिस सागरताल सरकारी मल्टी में पहली मरीज की पुष्टि हुई थी। वहीं, अब 11 संदिग्धों में इसके लक्षण मिले हैं। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। सभी के सैंपल को जांच के लिए बाहरी लेबोरेटरी भेजा जाएगा। शहर में जापानी इंसेफेलाइटिस की पहली मरीज 15 साल की किशोरी है, जो संक्रमित पाई गई। किशोरी के हाथों ने भी काम करना बंद कर दिया और वह अचानक कोमा में चली गई। परिजनों ने फिर उसे ग्वालियर के जेएएच अस्पताल में भर्ती कराया।

---

**सोता छोड़ गए थे माता-पिता**

## खेत पर बनी झोपड़ी में जिंदा जल गए दो मासूम, मिले शव



दोनों सगे भाई आग कैसे लगी कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पन्ना

जिले में खेत पर बनी झोपड़ी में अचानक आग लगने से दो बच्चे जिंदा जल गए। बच्चों के माता-पिता जंगल में लकड़ी बीनने गए थे। लौटे तो झोपड़ी राख बन चुकी थी। घटना बृजथाना क्षेत्र के इटवांखास गांव में शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे की है। नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों संदीप (3) और अंकित (2) के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। झोपड़ी में आग कैसे लगी,इस बारे में अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

---

**ट्रंप कह चुके हैं कि जेलेंस्की तैयार हैं, अब पुतिन भी समझौते के लिए मन बना चुके**

## 'खत्म' होगी रूस-यूक्रेन जंग? डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत के लिए तैयार हुए पुतिन

ट्रंप ने पुतिन को यूक्रेन में 'बेवकूफी भरी जंग' खत्म करने या फिर ऊंचे शुल्क और प्रतिबंधों का सामना करने की चेतावनी भी दी थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर कह चुके हैं कि वो इस जंग का खात्म चाहते हैं। ट्रंप ने अपने चुनाव अभियान से लेकर राष्ट्रपति पद की शपथ लेने तक इस मुद्दे पर बयान दिया है। ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि वो जल्द ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात करेंगे। इस बीच खबर है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत करने के लिए तैयार हो गए हैं। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि जेलेंस्की तैयार हैं, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के साथ समझौता करना चाहिए।

**रूस को समझौता करना चाहिए**



गुरुवार को 'ओवल ऑफिस' में पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि मुझे लगता है कि उन्हें (पुतिन को) समझौता करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि रूस को एक समझौता करना चाहिए। हो सकता है कि वो समझौता करना चाहते हों। मुझे लगता है, मैंने जो सुना है, उसके अनुसार पुतिन मुझसे मिलना चाहेंगे और हम जल्द से जल्द मिलेंगे। मैं तुरंत मिलूंगा। युद्ध के मैदान में सैनिक मारे जा रहे हैं।




# केजरीवाल को सत्ता का इतना लालच है कि जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली के हरिनगर, मादीपुर और रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किए। उन्होंने कहा कि झूठ बोलकर 10 साल तक दिल्ली की सत्ता चलाने वाली आप पार्टी हो या कांग्रेस, दोनों ने भगवान राम और भगवान श्री कृष्ण के अस्तित्व को नकारने का कार्य किया है।

दुनिया भर में भारत की पहचान भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के देश के रूप में होती है, लेकिन आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों पार्टियों व उनके नेताओं ने हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने के साथ हमारे आराध्य भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारते रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता अपने आराध्य भगवान को नकारने वाली कांग्रेस और आप पार्टी को विधानसभा चुनाव में सबक सिखाए। आप पार्टी के मुखिया जैसा झूठा व्यक्ति भारतीय राजनीति में नहीं मिलेगा। उन्होंने झूठ बोलने में कीर्तिमान रच दिया है।

### खास बातें

- दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के कुशासन को समाप्त करने का मन बना लिया है: डॉ.मोहन
- प्रधानमंत्री और भाजपा के लिए देश पहले, बाकी पार्टियों के लिए उनका परिवार पहले
- मुख्यमंत्री ने दिल्ली के हरिनगर, मादीपुर और रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में जनसभाएं की



### सीएम ने प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन-पूजन किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल को सत्ता का इतना लालच है कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ा। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के कुशासन को समाप्त करने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के लिए देश पहले हैं, आप और अन्य बाकी पार्टियों के लिए उनका परिवार पहले है। मुख्यमंत्री ने मादीपुर में जनसभा को संबोधित करने के पश्चात प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। इस अवसर पर हरिनगर से पार्टी प्रत्याशी श्याम शर्मा, मादीपुर से श्रीमती उर्मिला कैलाश गंगवाल एवं रोहिणी से विजेन्द्र गुप्ता ने भी संबोधित किया।

### कांग्रेस ने विकास नहीं किया, हिंदू-मुस्लिम को लड़ाकर शासन किया



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आजादी के बाद वर्षों तक देश और राज्यों में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी विकास पर ध्यान नहीं दिया। लोगों की गरीबी हटाने का नारा दिया, लेकिन गरीबी हटाने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण को नकारने का कार्य किया। पांच सौ साल से अधिक के संघर्षों के बाद अयोध्या में भगवान रामलला मुस्कुरा रहे हैं, लेकिन आज तक कांग्रेस और आप पार्टी के नेताओं ने अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन नहीं किए। वह आज तक अयोध्या नहीं गए। उन्होंने हिंदू-मुस्लिम को लड़ाकर शासन किया। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी समाज मिलजुलकर रह रहे हैं। अयोध्या में केस लगाने वाले मुस्लिम समाज के बंधु भी भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुए, लेकिन कांग्रेस और आप पार्टी के नेता नहीं पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### छिंदवाड़ा में शेषराव यादव बने भाजपा जिलाध्यक्ष

**भोपाल।** भाजपा के दो और जिलाध्यक्षों की घोषणा गुरुवार को कर दी गई। इस प्रकार अब तक 59 जिलाध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। शेष बचे और जिलाध्यक्षों की घोषणा एक-दो दिन में हो जाएगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गुरुवार को नरसिंहपुर राम स्नेही पाठक को और छिंदवाड़ा में शेषराव यादव को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

### कार्य में लापरवाही बरतने पर प्राचार्य निलंबित


**रायपुर।** सारंगढ़-बिलाईगढ के शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज के प्राचार्य को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया गया है। शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज बिलाईगढ़ के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र की ड्यूटी नगर पंचायत भटगांव में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के पद पर लगाई थी, लेकिन वह लगातार अनुपस्थित रहे। मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने उन्हें निलंबित कर दिया है।

### बलराम तालाब योजना को 1 लाख तक अनुदान

**भोपाल।** कृषि विभाग की बलराम तालाब योजना में सामान्य कृषकों को स्वयं के व्यय पर तालाब निर्माण करने पर लागत राशि का 40 प्रतिशत अधिकतम 80 हजार रुपए का लाभ मिलता है। योजना में लघु-सीमान्त कृषकों को लागत राशि का 50 प्रतिशत और अधिकतम 80 हजार रुपए और अनुसूचित जाति, जनजाति के कृषकों को लागत राशि का 75 प्रतिशत अधिकतम एक लाख रुपए की अनुदान राशि दी जाने का प्रावधान है। योजना में वर्ष 2023-24 में 569.30 लाख रुपए की राशि से 662 बलराम तालाब निर्मित किए गए। विभाग की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए 5308.34 रुपए का वित्तीय लक्ष्य एवं 6144 बलराम तालाब निर्मित किए जाने का भौतिक लक्ष्य रखा गया है।

### राजभवन लोगों के लिए खुलेगा आज से

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन 25 से 27 जनवरी तक आमजन के लिए खोला जा रहा है। 3 दिनों की अवधि में राजभवन प्रवेश गेट नंबर 2 से निर्धारित किया गया है।




### छग विस के दूसरे बजट सत्र को लेकर जारी की गई अधिसूचना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ का विष्णुदेव साय सरकार का दूसरा विधानसभा बजट सत्र को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह बजट सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक चलेगा। इस सत्र में कुल 17 बैठकें होगी। राज्यपाल रामेन डेका के भाषण के साथ सत्र की शुरुआत होगी। 24 फरवरी से 21 मार्च तक चलने वाली इस बजट सत्र के दौरान ही वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया जाएगा।

### विषय-विशेषज्ञों ने प्रस्तुतिकरण से कई सुझाव दिए, उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने किया संबोधित

# बेहतर और जनोपयोगी होगा वर्ष 2025-26 का बजट, विशेषज्ञों के सुझाव होंगे शामिल

आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में बजट संवाद कार्यक्रम आयोजित

इन्फ्रा-स्ट्रक्चर और स्टार्ट-अप, जैविक कृषि महिला स्वास्थ्य पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों एवं हितधारकों के मध्यप्रदेश बजट 2025-26 से प्राप्त सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में बजट संवाद कार्यक्रम यह बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में विकसित राष्ट्र के रूप में नंबर वन पर लाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का वर्ष 2025-26 का बजट बेहतर और जनोपयोगी होगा। कार्यक्रम में विषय-विशेषज्ञों ने प्रस्तुतिकरण से कई सुझाव दिए।

### दूरगामी सकारात्मक परिणामों को सार्थक करने का कदम है संवाद

*उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विषय-विशेषज्ञों से कहा कि आप सभी से बजट के संबंध में मार्गदर्शन लिया है। लिखित में भी आप सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह संवाद हम सबके लिए दूरगामी सकारात्मक परिणामों को सार्थक करने का कदम साबित होगा।*

### बेहतर इन्फ्रा-स्ट्रक्चर और स्टार्ट-अप को बढ़ावा मिले

सरपंच सुश्री भक्ति शर्मा ने महिला स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, बेहतर इन्फ्रा-स्ट्रक्चर और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने की बात कही। किसान जितेन्द्र सिंह रायसेन ने बांस के लिए बाजार व्यवस्था पर प्रकाश डाला। फिल्म प्रोड्यूसर नरेन कुमार ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश में स्थानीय व्यवस्था मुहैया होगी तो बॉलीवुड के लिए काम करने में आसानी होगी। ग्राहक पंचायत के अलंकार वशिष्ठ ने खाद्य पदार्थों की जांच सुविधा सुदृढ़ करने का सुझाव दिया।

### सचिव वित्त लोकेश ने कहा कि हम बजट को दे रहे अंतिम रूप

*सचिव वित्त लोकेश जाटव ने कहा कि हम बजट को अंतिम रूप दे रहे हैं। इस बजट में नए आयाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि बजट पर संवाद कार्यक्रम में युवा और अनुभव की शक्ति हमें देखने को मिली है। आपके सुझावों को बजट में जगह मिलेगी। प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, अपर सचिव रोहित सिंह, वित्त विभाग के अधिकारी, विषय-विशेषज्ञ और हितधारक उपस्थित रहे। बजट संवाद में केंद्रीय वित्त आयोग नई दिल्ली, यूनिसेफ इंडिया नई दिल्ली, भारतीय स्टेट बैंक भोपाल, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक इंदौर, नाबार्ड, लघु उद्योग भारती, मध्यप्रदेश गोविंदपुरा औद्योगिक एसोसिएशन भोपाल, सीआईआई, फिल्म उद्योग, ग्राहक पंचायत, किसान, चार्टर्ड अकाउंटेंट, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि और विषय-विशेषज्ञ शामिल हुए।*

ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा दिया जाए

### मंडियों को ग्रामीण आबादी के नजदीक लाया जाएः सुशील

बजट संवाद में नाबार्ड के उप महाप्रबंधक सुशील कुमार ने किसानों की सुविधा के लिए मंडियों को ग्रामीण आबादी के नजदीक लाने का सुझाव दिया। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के चेयरमैन आरसी बेहरा ने ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए बजट में प्रावधान करने के लिए कहा। युवा किसान प्रतीक पाटीदार भोपाल ने खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में मूल विकास दर्शन से प्रेरित होकर विभिन्न सामाजिक विकास योजनाएं की जा रही लागूः देवड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मध्यप्रदेश की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मूल विकास दर्शन से प्रेरित होकर विभिन्न सामाजिक विकास योजनाएं लागू की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि जिला और विकासखंड स्तर पर अब विकास के लक्ष्यों पर निगरानी रखने पर ध्यान दिया गया है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा सतत विकास के लक्ष्यों के लिए निगरानी ढांचे, पर्यावरणीय आंकड़ों के संकलन और लिंग सांख्यिकी पर आयोजित क्षमता निर्माण पर कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

### पर्यावरणीय संतुलन के बिना विकास अधूरा

कार्यशाला का आयोजन केन्द्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय और मप्र राज्य नीति आयोग द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय संतुलन के बिना विकास अधूरा है। विकास के लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए आंकड़ों की शुद्धता आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सबके समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है।

### विकास के लिए शुद्ध आंकड़े सबसे महत्वपूर्णः शोम्बी

यूएन रीजनल कोऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प ने कहा कि भारत द्वारा सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने की गति से यह आंकलन होगा कि दुनिया के अन्य देश कितनी जल्दी इन लक्ष्यों को हासिल कर पाएंगे। विकास के लिए शुद्ध आंकड़े सबसे महत्वपूर्ण हैं। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि विकास प्रक्रियाओं से संबंधित आंकड़ों का समय पर संकलन सबसे जरूरी है।

### वन और जैव विविधता में सबसे समृद्ध राज्य मध्यप्रदेश

प्रमुख सचिव योजना संजय शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश वन और जैव विविधता में सबसे समृद्ध राज्य है। केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग ने बताया कि देश के आर्थिक स्वास्थ्य को दिखाने के लिए आवश्यक सूचकांक प्रदान करता है, जो सामाजिक-आर्थिक नीतियों और बजट के विकास में मदद करता है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर आयोजन

## चुनाव कार्यों में अच्छा कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। यह इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विवेकानंद सभागार में 25 जनवरी को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य होंगे। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल को प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्वाधिक 81.66 प्रतिशत मतदान कराए जाने, दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को शहरी क्षेत्र होने के बावजूद विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में वर्ष 2024 में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में 2.48 प्रतिशत वृद्धि, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होते हुए भी विगत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में 10.39 प्रतिशत वृद्धि के लिए उत्कृष्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य उत्कृष्ट तरीके से संपन्न कराने, राजनांदगांव जिले की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुरुचि सिंह को गुणवत्ता पूर्ण स्वीप गतिविधियां आयोजित करने और मुंगेली जिले के जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडे को प्रवासी मजदूरों को मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी स्वीप गतिविधियों के लिए स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### महासमुंद स्थित नेशनल हाईवे 53 पर सरायपाली के पास की घटना

## भीषण सड़क हादसे में 17 यात्री घायल, नवजात की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाईवे 53 पर सरायपाली के पास एक यात्री बस दुर्घटना का शिकार हो गई। बस ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 19 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं वहीं 6 महीने की एक बच्ची की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, 43 यात्रियों से भरी बस दुर्ग से पूरी की ओर जा रही थी।

इस दौरान सुबह करीब 4 बजे नेशनल हाईवे 53 पर सरायपाली के पास बस ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 19 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं 6 महीने की एक बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रिफर किया गया है।



### सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर जताया दुख

*सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर दुख जताया है। उन्होंने लिखा दुर्घटना में एक बच्ची की मौत और 43 लोगों के घायल होने की खबर अत्यंत दुःखद है। घायलों का इलाज जारी है। प्रशासन को बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से दिवंगत बच्ची की आत्मा की शांति और उनके शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने और घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं।*

### अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, ड्राइवर की मौत


**कोटा।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के सरगोंड़ नदी में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी गई। जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला बेलगहना थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक चालक का नाम मोनू धुर्वे पिता पूर्व सरपंच रामलाल धुर्वे है। वह ग्राम पंचायत मोहली का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि, मोनू धुर्वे ग्राम पंचायत खोंगसारा के धान खरीदी केंद्र से धान खाली कर वापस खोंगसारा जा रहे थे तभी सरगोड़ नदी के पुल को पार करते समय अचानक ट्रैक्टर -ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि, सरगोड़ नदी के पुल के दोनों किनारों में बेटिकट नहीं होने से घटना हुई होगी।



### चार साल पहले हुई थी पीजी कॉलेज में कवर की पदस्थापना

## डॉ. हेमंत कंवर की हार्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



धरमपुरा में रहने वाले डॉक्टर हेमंत सिंह कवर की शुक्रवार की सुबह अचानक हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही कॉलेज परिवार हॉस्पिटल आ पहुंचा। लेकिन उपचार से पहले ही उनका निधन हो गया।

इस घटना से कॉलेज के साथ ही परिवार में मातम छा गया। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकाज लाया गया। मामले की जानकारी देते हुए बताया गया कि पीजी कॉलेज में चार साल पहले डॉक्टर हेमंत सिंह कवर की हिंदी प्रोफेसर के रूप में पदस्थापना हुई थी। सुबह अचानक से उनके सीने में दर्द होने के कारण परिवार के लोग उन्हें बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल लेकर आए। जहां उपचार से पहले ही उनकी मौत हो गई। डॉक्टर कवर की मौत की सूचना मिलते ही कॉलेज के आला अधिकारियों से लेकर स्टाफ अस्पताल आ पहुंचे।

### विभिन्न जंगलों से 36 लाख के इनामी 8 माओवादी गिरफ्तार

## नक्सलियों पर सुरक्षा बलों ने की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्यवाही की है। उसूर थाना क्षेत्र के अलग- अलग कार्यवाहियों में टेकमेटला, नड़पल्ली, मल्लेमपेंटा के जंगलों से 36 लाख के ईनामी 08 माओवादियों साहित कुल 14 माओवादियों को गिरफ्तार किया है।

मेमोरण्डम के आधार पर स्पाईक और जमीन खोदने का औजार बरामद किया है। डीआरजी, थाना उसूर, कोबरा 205, 210, केरिपु 196 एवं 229 ने संयुक्त कार्यवाही की है।

### मुख्य धारा से जुड़ने वालों को मिलेगा सहयोग



लाल आतंक के खिलाफ बस्तर में जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान नारायणपुर पुलिस की ओर से सरेंडर करने वाले नक्सलियों के लिए नई पॉलिसी शुरू की गई है। जिसके तहत कैंप के सामने खड़े होकर पेड़ की झाड़ियों को दिखाने वालों को यह समझा जाएगा कि वह अबूझमाड़ के विकास के लिए नक्सलियों की बंदिशों को छोड़कर मुख्यधारा में जुड़ना चाहता हैं। जिसे नक्सल पुनर्वास नीति के तहत सरकार की योजनाओं से जोड़कर माड़ के विकास और बेहतरी के लिए मुख्यधारा में लौटाया जाएगा।

### खुद को सरेंडर करना चाहते हैं बहुत से नक्सली

*नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि, हाल ही के दिनों में हार्डकोर नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद उनसे हुई इन्वेस्टिगेशन में एक बात हाईलाइट हुई कि अबूझमाड़ में सक्रिय बहुत सारे नक्सली सरेंडर करना चाहते हैं। लेकिन, वे खुलकर एक दूसरे से नहीं बोल पा रहे हैं। नक्सल पंथ छोड़कर आने वाले नक्सलियों की बातों को सुनने के बाद सरेंडर पॉलिसी को सरल और सुगम बनाया गया हैं। उन्होंने बताया कि अबूझमाड़ प्रकृति का एक प्रतीक है कोई भी प्राकृतिक संकेत दिखाकर आत्मसमर्पण आसानी से किया जा सकता है।*

### निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि के विरूद्ध जिला प्रशासन की कार्यवाही

## चार और निजी स्कूलों को 38.09 करोड़ रूपये की फीस वापस करने के आदेश

### दो-दो लाख रूपये की शास्ति भी अधिरोपित

हरिभूमि, जबलपुर।

निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही के तहत कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में गठित जिला समिति ने चार और निजी स्कूलों को अवैधानिक रूप से बढ़ाई गई फीस को अमान्य करते हुए विद्यार्थियों के अभिभावकों को 30 दिन के भीतर नियम विरूद्ध बढ़ाई गई फीस वापस करने के आदेश दिये हैं। जिन निजी स्कूलों को अवैध रूप से बढ़ाई गई फीस वापस करने के निर्देश दिये गये है उनमें केंट स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रांझी स्थित गैब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल, मंडला रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं संजीवनी नगर स्थित रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं।




जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन तीनों निजी स्कूलों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018-19 से लेकर 2024-25 तक 63 हजार 009 विद्यार्थियों से 38 करोड़ 09 लाख रूपये फीस के रूप में अवैध रूप से वसूले गये थे। अवैधानिक रूप से की गई फीस वृद्धि को अमान्य करने की यह कार्यवाही अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों पर विस्तृत जांच उपरांत की गई है। अवैध रूप से वसूली गई राशि अभिभावकों को वापस करने के आदेश जारी किये जाने के साथ-साथ इन निजी स्कूलों के प्रबंधन पर मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं 2020 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के कारण दो-दो लाख रूपये की शास्ति भी अधिरोपित की गई है। स्कूल प्रबंधकों को शास्ति की राशि 30 दिन के भीतर आयुक्त लोक शिक्षण मध्यप्रदेश के एचडीएफसी बैंक के खाते में जमा कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पावती प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मुताबिक मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 के तहत गठित जिला समिति द्वारा जांच के बाद केंट स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन को शैक्षणिक सत्र 2018-19 से शैक्षणिक सत्र 2024-25 तक 21 हजार 827 विद्यार्थियों से फीस के तौर पर अवैधानिक रूप से वसूली गई 10 करोड़ 90 लाख रूपये की राशि, रांझी स्थित गैब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन को 27 हजार 240 विद्यार्थियों से 17 करोड़ 42 लाख रूपये की अवैधानिक रूप से वसूली गई राशि, मंडला रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रबंधन को 9 हजार 828 विद्यार्थियों से 6 करोड़ 97 लाख रूपये की अवैधानिक रूप से वसूली गई राशि एवं संजीवनी नगर स्थित रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन को 4 हजार 114 विद्यार्थियों से अवैधानिक रूप से वसूली गई 3 करोड़ 61 लाख रूपये की अवैधानिक रूप से वसूली गई राशि वापस करने के आदेश दिये गये हैं। जिला समिति के सदस्य सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा जारी आदेश में इन स्कूलों के प्रबंधन को निर्देश दिये गये हैं कि अवैधानिक रूप से बढ़ाई गई फीस की राशि 30 दिन के भीतर अभिभावकों को उसी रीति से वापस की जाये, जिस रीति से फीस प्राप्त की गई थी।

## घाट फेस्टिवल कैंसिल होने के बाद मचे बवाल के बाद एफआईआर

हरिभूमि, जबलपुर।

**आयोजक राहुल मिश्रा गिरफ्तार, आदित्य श्रीवास्तव फरार**

लम्हेटा बाईपास स्थित एम्बियंस लज में आयोजित किए जा रहे घाट फेस्टिवल कैंसल होने के बाद मचे बवाल के बाद पुलिस ने आयोजकों पर एफआईआर दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर ली है।

जानकारी के मुताबिक लम्हेटा बाईपास स्थित एम्बियंस लज में आयोजित किए जा रहे घाट फेस्टिवल में गुरुवार शाम 6 बजे से सुनील ग्रोवर, पीयूष मिश्रा आदि कलाकारों का कार्यक्रम सुनिश्चित था, उक्त कार्यक्रम में लगभग 1500-2000 लोग उपस्थित थे, परंतु लगभग रात्रि 08:30 बजे तक किसी भी कलाकार के न आने के कारण आमजनों में लगातार आक्रोश की स्थिति बनी और उनके द्वारा आयोजक संस्था के लोगों से पूछताछ की गई, परंतु कोई संतोषजनक जवाब न मिलने के कारण जनता द्वारा उग्र हो होकर तोड़ फोड़ की गई, जिससे वहां कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित हुई थी। आयोजक संस्था द्वारा उक्त कार्यक्रम के टिकट बुक माय शो ऑनलाइन प्लेटफार्म एवं काउंटर के माध्यम से आमजनों से बुक कराए गए है, जिसमें वीआईपी लाउंज सिटिंग प्रति व्यक्ति लगभग 600 से 3500 रूपये प्रति व्यक्ति के मान से व्ही आईपी स्टैंडिंग एवं जनरल स्टैंडिंग के रूप में अलग-अलग श्रेणी के हिसाब से टिकट की राशि ली गई है। कलाकारों को राशि भुगतान न किए जाने के कारण कलाकार कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचे। साथ ही आयोजक संस्था द्वारा कार्यक्रम के अन्य वेंडरों को अनुबंध अनुसार राशि भुगतान नहीं किया गया है, जिस कारण लाईट, साउंड, एंकर आदि के वेंडरों द्वारा भी कार्यक्रम में भाग नहीं लिया गया। आयोजक संस्था द्वारा जिन कलाकारों के इवेंट के नाम से जनता से लाखों रूपये की राशि ली गई, उन कलाकारों का कार्यक्रम नहीं कराया गया। संस्था द्वारा अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से अपने व्यापारिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए फर्जी तरीके से जनता से टिकट की राशि प्राप्त की गई और जनता से प्राप्त राशि का गबन कर जनता के साथ धोखाधड़ी की गई साथ ही संस्था के उक कृत्य से मौके पर बलवा जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिस पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा मुश्किल से काबू पाया गया। मैनेजर राहुल मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव व अन्य पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया।

## गरीबों के जप्त ठेले हो गए गुम

जबलपुर।

**जुर्माना जमा करने बाद ठेला पाने भटक रहे**

नगर निगम द्वारा जब्त की जाने वाली कबाड़ और अन्य सामग्री की चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले कुछ दिनों में एक बार फिर से यह मामला सामने आया है, जब नगर निगम द्वारा मदन महल स्टेशन रोड से जप्त किये गये दो ठेले गायब हैं. ठेले के मालिकों का कहना है कि उन्हें अपना ठेला वापस नहीं मिल रहा और न ही कोई अधिकारी इस मामले पर उन्हें उचित जानकारी दे रहा है। दोनों ठेले के मालिकों ने बताया कि वे नगर निगम द्वारा लगाए गए जुर्माने की राशि जमा करने के बाद अपना ठेला लेने के लिए नगर निगम कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन उन्हें यह बताने वाला कोई नहीं था कि उनके ठेले कहां हैं। एक महिला दुकानदार, जो अपने परिवार का जीवनयापन ठेले पर सामान बेचकर करती थी, ने बताया कि कुछ दिन पहले उसका और उसके बगल में व्यापार करने वाले का ठेला जब्त कर लिया गया था। अब जब वे जुर्माना भरकर वापस अपना ठेला लेने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि उनका ठेला गायब हो चुका है।

महिला ने भावुक होते हुए कहा, "मेरे छोटे-छोटे बच्चों का पेट इसी ठेले से चलता था। अब मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि मेरा ठेला कहां गया। परिवार की रोजी-रोटी इसी पर निर्भर थी, और अब मुझे और मेरे बच्चों को खाने को तक नहीं मिल रहा।"

इस मामले को लेकर नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने मामले को संज्ञान में लिया है और जांच शुरू करने की बात कही है।

## दुल्हन का आभूषण बैग चुराने वाला गिरफ्तार



**गिरफ्तार आरोपित से जब्त किए गए आभूषण**

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना क्षेत्र के बारातघर में खड़ी कार से दुल्हन के आभूषण से भरा बैग चुराने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 22 जनवरी को आगा चौक में आगा लान में साहू परिवार का विवाह समारोह था। दुल्हन को चढ़ाने के आभूषणों को दूल्हे के भाई रीतेश साहू ने कार एमपी 20 बीए 2861 में एक बैग में रखा था। कार के अंदर रखा बैग किसी ने चोरी कर लिया था। यादव कालोनी प्रभारी उप निरीक्षक सतीश झारिया के साथ पुलिस कर्मियों के दल ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। फुटेज में विजय नगर पीएनटी कालोनी निवासी हर्ष झारिया 18 वर्ष, सर्वोदय नगर गली नंबर छह निवासी माछल्ला कोरी 27 वर्ष, पवन अहिरवार 10 वर्ष, उजारपुरवा गली नंबर-दो निवासी राज केवट की गतिविधि संदिग्ध मिली। चारों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने चोरी स्वीकार किया। आरोपितों की निशानदेही पर चुराए गए आभूषण जब्त कर लिए गए है। आरोपितों को शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां, से उन्हें केंद्रीय कारागार भेज दिया गया ।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका-**

सोने चांदी के जेवर चुराने वाले आरोपियों की पतासाजी कर 24 घंटे के अंदर पकड कर चोरी गया मशरूका बरामद करने में चौकी प्रभारी यादव कालोनी उप निरी सतीश झारिया, सउनि दानीसिंह नर्ते, प्रधान आरक्षक अभिषेक शिंदे, चेतराम जरहा , आरक्षक सचिन जैन, आशुतोष भारती, सौरभ लोहार , सिद्दार्थ दुबे, अल्का वाडिबा सैनिक सौरभ शुक्ला की सराहनीय कार्य किया गया है ।

## पर्वतारोही भावना ने 6,961 मीटर ऊंची माउंट एकांकागुआ की चोटी पर की चढ़ाई, रचा इतिहास

**जबलपुर।** भारत की बेटी भावना डेहरिया ने दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट एकांकागुआ (6,961 मीटर) पर चढ़कर एक नया इतिहास रचा दिया है। उन्होंने यह सफलता 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना की 10वीं सालगिरह पर हासिल की।



भावना ने 22 जनवरी 2025 को 6,961 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ाई की। यह उतना आसान नहीं था, इस चढ़ाई को दो हफ्ते लग गए, बेहद ठंडे मौसम और मुश्किल रास्तों को पार करने के बाद कई पड़ावों से होते हुए भावना चोटी तक पहुंच पाईं।

यह भावना की दुनिया के सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों में से पांचवीं सफलता रही। इसके पहले भावना माउंट एवरेस्ट, फिर किलिमंजारो, कोसिउस्को और एलब्रुस पर चढ़ाई कर चुकी हैं।

बता दें कि भावना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की ब्रांड एंबेसडर हैं। साथ ही उन्होंने अपनी 3 साल की बेटी सिद्धि के साथ एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने का रिकॉर्ड भी बनाया है।

## स्टेशन, स्टेण्ड और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में कड़ी चौकसी

### गणतंत्र दिवस पर हाई अलर्ट : चप्पे-चप्पे की तलाशी

जबलपुर।

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के मौके पर शहर में चौकसी बढ़ा दी गई है। गणतंत्र दिवस पर रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस ने अतिरिक्त चौकसी की संदिग्धों की तलाशी ली। पुलिस द्वारा सभी दुपहिया और चार पहिया वाहनों की सघन चैकिंग की जा रही है। राष्ट्रीय महत्व के भवनों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस द्वारा सघन छानबीन की जा रही है। पुलिस के साथ-साथ डॉग स्क्वाड, बम निरोधक दस्ता और दंगा निरोधक वाहन वज्र भी जांच दल में चल रहा है। रात में पुलिस के इस दल ने शहर के प्रमुख चौराहों पर प्रत्येक वाहनों की चैकिंग की। दुपहिया वाहनों के साथ-साथ कार, बस, मिनी बस, जीप आदि वाहनों की भी सघन तलाशी ली गई। इसके अलावा रात में पुलिस ने छविगृहों, होटलों, लॉजों, बाग बगीचों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन जांच पड़ताल की। शहर को जोड़ने वाली सीमाओं (नाकों) और सुरक्षा संस्थानों के आसपास चौकसी बढ़ा दी गई थी। हर संदिग्ध दिखने वालों की तलाशी ली गई तथा शहर की सीमा में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों की भी जांच पड़ताल की गई। देर रात तक यह सिलसिला चलता रहा।

जिला पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। ऐहतियात के तौर पर सभी संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली जा रही है। सार्वजनिक और राष्ट्रीय महत्व के स्थलों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। शहर को जोड़ने वाली सीमाओं पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर भी कड़ी चौकसी की व्यवस्था की गई है।

## कार सवार 3 बदमाशों से 3 फायर आर्म्स, 6 कारतूस जब्त

**जबलपुर।** हनुमान पुलिस व क्राईमब्रांच की टीम ने कल मुखबिर की सूचना पर सिद्धबाबा रोड़ स्थित फकीर चन्द्र अखाड़ा के पास एक गली में संदिग्ध हालत में खड़ी कार में बैठक 3 संदेहियों को तलाशी के दौरान दो पिस्टल, एक रिवाल्वर, एक एयरगन, 6 कारतूस जब्त किये। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर उन्हें अभिरक्षा में लेते हुए बिना नम्बर की कार जब्त की है। हनुमानताल थाना प्रभारी धीरजराज के मुताबिक कल क्राईमब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिद्धबाबा रोड़ अखाड़ा के पास एक बिना नम्बर की कार में कुछ लडक़े बैठे है। जो किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।

## प्रदर्शन कर नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

## टेण्डर समय सीमा समाप्त हो चुकी, फिर भी लगे यूनिपोल

जबलपुर।

नियमों का 3 से ज्यादा बार उल्लंघन होने के कारण दीपक एडवरटाइजर को 3 वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाए। शहर में पूर्व से ही लगाए गए 40 यूनिपोल की टेण्डर समय सीमा समाप्त होने के कारण उन्हें हटाया जाए।

इस मांग को लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच तथा भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि आउडडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 की कंडिका 22 उप कंडिका 2.2 में स्पष्ट निर्देश है कि यदि नियम उल्लंघन की घटनाएं 3 से ज्यादा होती हैं उक्त एडवरटाइजर को 3 वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। पिछले 6 माह के भीतर 5 घटनाएं घटी हैं, जिनमें दीपक एडवरटाइजर ने नियमों को घोर उल्लंघन किया है।



मंच ने ध्यानाकर्षण कराया था कि 2 जुलाई 2024 को करौंदा में यूनिपोल गिरा था, उसके बाद 13 अगस्त 2024 को होम साइंस कॉलेज के समीप विज्ञान भवन के सामने फुटपाथ पर यूनिपोल लगाया गया। इसी तरह 18 जनवरी 2025 को इलाहाबाद बैंक (सिविल लाइंस) के पास यूनिपोल नियम विरुद्ध लगाया गया। जहां हादसे में एक वृद्ध की मौत हुई। भैंसापुर रोड के ट्रैफिक आयलैंड में यूनिपोल अवैध तरीके से लगाया गया। टेण्डर समय सीमा 3 अक्टूबर 2022 को 27 महीने पहले ही समाप्त होने के बावजूद अबतक यूनिपोल नहीं हटाया गया।

### सेक्युरिटी डिपॉजिट जब्त की जाए

डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि नियम 22 के तहत यदि एंजेंसी पर बकाया राशि है तो एडवरटाइजर की सेक्युरिटी डिपाजिट भी जब्त की जा सकती है। दीपक एडवरटाइजर ने शहर में यूनिपोल लगाने के बावजूद भी टैक्स देना बंद कर दिया है। अतः इस एडवरटाइजर का सेक्युरिटी डिपॉजिट जब्त किया जाए।

इस अवसर पर एड.वेदप्रकाश अधौलिया, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, एड. ब्रजेश साहू तथा राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

### नगर निगम और पुलिस की टीम लेकर दिखाई धौंस

## अपनों को उपकृत करने ढाबा बंद करने पहुंच गए विधायक

### दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

**जबलपुर। विगत दिवस शहर के नामचीन बिट्टू द ढाबा में नगर निगम ने कार्रवाई कर 20 हजार की जुर्माना कार्रवाई की थी। यह कार्रवाई यहां पाई गई गंदगी के पाए जाने के बाद की गई थी। वही इस पूरे घटनाक्रम के पीछे कुछ और ही कहानी सामने आ रही है।**



इस ढाबे वाले पर अपनी मनमानी का जोर ना चला देख क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह इस पर दबाव बनाने की नीयत से और अपने पद का गलत उपयोग करते हुए नगर निगम और पुलिस का बल लेकर यहां पहुंचे और ढाबा संचालक को जमकर धमकाया। यहां तक की 10 दिन में व्यवस्था के नाम पर सुधार नहीं होने पर 15 दिन में ढाबा बंद करने तक की धमकी दे डाली।

#### जमीन को लेकर चल रहा विवाद

क्षेत्रीय सूत्रों के मुताबिक बताया जाता हैं कि पूरा मामला बिट्टू दा ढाबे के पीछे स्थित देवेन्द्र सिंह लोधी की भूमि पर हो रही ढाबे की पानी की निकासी से लेकर संबंधित है। जिसकी जमीन है उसने विधायक नीरज सिंह को इस बारे में पूरी जानकारी दी। अपने चहेते को उपकृत करने के उद्देश्य से और ढाबा संचालक के खिलाफ दबाव बनाने और पानी के विवाद पर विधायक की बात नहीं सुने जाने से नाराज होकर यह पूरी कार्रवाई की गई है।

#### सुर्खियों में रहती है बरगी विस

गौरतलब हैं कि बरगी विधानसभा क्षेत्रातंर्गत अवैध रेत निकासी हो या फिर जुआ सट्टे के मामले आए दिन सामने आते रहते है। हालांकि इसको लेकर विधायक यह बात खुद स्वीकार कर चुके है कि अगर मेरे नाम से कोई भी ऐसा कृत्य करता है तो उसके खिलाफ जिला-पुलिस प्रशासन बेबाक कार्रवाई करें वह खुद इसका समर्थन करेंगे। लेकिन दबे छुपे अब भी अवैध गतिविधियां संचालित हो रही है।



## गणतंत्र दिवस की फाईनल रिहर्सल

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस पर पुलिस ग्राउंड में आयोजित किये जाने वाले जिले के मुख्य समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में है। इस बीच शुक्रवार की सुबह समारोह में प्रस्तुत की जाने वाली परेड की अंतिम और फुल ड्रेस रिहर्सल की गई, जिसमें अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुये मुख्य समारोह की तरह अंतिम रिहर्सल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये जाने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल भी की गई। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित प्रशासन एवं पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे। ज्ञात हो कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड में सुबह 9 बजे आयोजित जिले के मुख्य समारोह में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे और परेड की सलामी लेंगे।

भारत कृषक समाज ने आयोग को भेजी 15 बिन्दुओं पर आपत्तियां

# विद्युत दरों में प्रस्तावित वृद्धि के खिलाफ आपत्ति

हरिभूमि जबलपुर।



मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत दरों मे वृद्धि के प्रस्ताव के विरुद्ध किसानों की ओर से किसानों के गैर राजनैतिक,वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन,भारत कृषक समाज द्वारा म. प्र. विद्युत नियमाक आयोग भोपाल मे नियत अंतिम तिथि 24 जनवरी 2025 के अंदर आपत्ति दर्ज कराई गई।

ई-मेल से भेजी गई 15 बिंदुओं की आपत्ति मे भारत कृषक समाज, महकौशल म.प्र. के अध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल द्वारा कहा गया है की विद्युत कम्पनी द्वारा प्रस्तावित बृद्धि मे कृषि पम्प,कृषि कार्य,डेयरी, मवेशियों व गौशालाओं के पंप, घरेलू उद्योग, प्रोसेसिंग यूनिट आदि तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए विद्युत चार्ज बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार की ग्रामीण क्षेत्र के लिए उद्योग धंधो, कृषि तथा किसानों को प्रोत्साहित किये जाने तथा उन्हे दी जाने वाली सुविधाओं की भावना के बिल्कुल विपरीत है, इससे उनकी लागत मे अप्रत्याशित रूप से वृद्धि होगी। आपत्ति में कहा गया है कि आज भी उच्च गुणवत्ता की, आवश्यकता अनुसार पर्याप्त विद्युत आपूर्ती के अभाव मे ग्रामीण क्षेत्र दोयम दर्जे का जीवन जीने मजबूर हैं। शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र मे भेदभाव, और दोहरा मापदंड कब तक चलेगा। श्री अग्रवाल ने कहा है कि सरकार के कृषि कार्य हेतु 10 घंटे विद्युत प्रदाय के वायदे के विपरीत उसे अभी भी 4, 5 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, वह भी अधिकांशतः मे रात मे। इससे उसका कृषि कार्य प्रभावित होता है। समय पर बिगड़े ट्रांसफार्मर बदली न किये जाने, ओवर लोड, वोल्टेज व खम्भों, लायनो की मरम्मत तथा समय पर सुधार कार्य न होने, ट्रिपिंग आदि से विद्युत आपूर्ति मे आने वाली बाधाओ से आज भी ग्रामीण जन जूझ रहे है।

आयोग को कहा गया है की विद्युत कम्पनी पीछे के दरवाजे से अवैध वसूली कर अपना खजाना भरने के कुत्सित प्रयासों मे कमी नहीं करती, फर्जी चोरी के प्रकरण बनाये जाते है। विभिन्न प्रकार से किसानों को प्रताड़ति किया जाता है। अभी तो विद्युत कम्पनी द्वारा हद ही पार कर दी गई, जब विगत सितम्बर माह मे रातो रात बिना जांच किये किसानों के कृषि पम्पों के हार्ष पावर बढ़ा कर बिल जारी कर दिये गये और किसानों से व सब्सिडी के नाम पर सरकार से करोड़ो की राशि अवैध तरीके से लूट के कारनामे को अंजाम दे दिया गया। विद्युत नियमाक आयोग से मांग की गई है की इसकी उच्च स्त्रीय निष्पक्ष जांच कराई जाए। आपत्ति कहा गया है की यदि विशेषज्ञो द्वारा दिये गये सुझावों को आयोग गंभीरता से संज्ञान मे ले तो विद्युत कम्पनी को विद्युत दर बढ़ाने की जरूरत ही नही पड़ेगी। आपत्ति मे स्पष्ट अनुरोध किया गया है की जब तक शहरीय व ग्रामीण क्षेत्र को समानता से वांक्षित गुणवत्ता की, आवश्यकतानुसार पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराया जाना विद्युत कम्पनी द्वारा सुनिश्चित नही कराया जाता, तब तक विद्युत कम्पनी के विद्युत दरों मे बृद्धि के प्रस्ताव को सिरे से ख़ारिज किया जाए।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दिलाई शपथ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड ने कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। ज्ञात हो 25 जनवरी 2025 को (शनिवार) शासकीय कार्य दिवस न होने के कारण एक दिन पूर्व 24 जनवरी को यह शपथ दिलाई गई।जिसमें समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लिए कि वे देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखेंगे, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



## समग्र शिक्षक संघ के कलेंडर का विमोचन

**सिहोरा।** समग्र शिक्षक संघ के वार्षिक कलेंडर का विमोचन प्राचीश जैन संयुक्त संचालक जे डी जबलपुर के कर द्वारा किया गया। संयुक्त संचालक ने संघ के संघर्ष की सराहना करते हुए भविष्य मे शेष शिक्षकों को भी उच्च पद प्रदान करने की बात कही।कार्यक्रम मे प्रांतीय सचिव राकेश पाठक ,संतोष चौहान,सिवनी,बी एस कुलस्ते डिंडोरी ,प्रहलाद नायक,प्रमोद दुबे,पीयूष तिवारी,इंद्रकुमार पटेल डी पी पटेल,यज्ञदत्त शुक्ल,राजकुमार रामकेश उत्तम पटेल कटनी,मनीष जैन,प्रीतम लाल साहू,आर पी चौकसे,रवीशंकर शुक्ल टी एल भवेदी,अरविद तिवारी,अनुरुद्ध त्रिवेदी,राजूभैया पटवा,गिरानी लाल चौधरी,एच आर शरणागत सहित अनेक शिक्षकों ने भाग लिया। ग्वारीघाट में आयोजित विमोचन में आभार प्रदर्शन प्रहलाद नायक कार्यकारी सम्भागीय अध्यक्ष ने किया।

बच्चों के उत्साह और ज्ञान का परीक्षण

## पराक्रम दिवस पर परीक्षा पर चर्चा प्रश्नोत्तरी



**जबलपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, जीसीएफ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस समारोहपूर्वक मनायी गयी. समारोह का विधिवत शुभारंभ जीसीएफ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 जीसीएफ की विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने किया. इस मौके पर विशेष क्विज एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रही. यह प्रतियोगिता 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम की पूर्व सीरीज का एक हिस्सा है. प्राचार्य रजनीश सिंघई ने विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तरी के नियमों से अवगत करवाया. उपप्राचार्य सतेन्द्र वर्मा ने भारत के महानस्वतंत्रा सेनानियों के बारे में छात्र छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की.

प्रतियोगिता में 7 केंद्रीय विद्यालयों, 2 राज्य सरकार के स्कूलों और 5 निजी स्कूलों के कक्षा 9 से 12 के कुल 105 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

आकृति प्रजापति ( पीएम श्री रानी दुर्गावती हायर सेकंडरी स्कूल ), दर्शिता नामदेव ( रॉयल सेकंडरी स्कूल ) द्वितीय स्थान और अर्पित श्रीवास्तव ( रॉयल सेकंडरी स्कूल) तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

## बाबूजी धीरे चलना, बड़े गड्ढे हैं इस राह में



**मझौली।** जनपद पंचायत मझौली के रानीताल कटाव में बने पुल के पहले मुख्य मार्ग रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं लेकिन शासन प्रशासन को यह नहीं दिखाई दे रहे है कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जबकि इस मार्ग पर 24 घंटे छोटे बड़े वाहन चलते रहते हैं एवं अंधा मोड़ है और नदी बह रही है यहां भरने वाला मेला जो की पिछले कई वर्षों से लगायाजा रहा है वह 26 जनवरी से लगने जा रहा है जिसमें हजार की संख्या में श्रद्धालु दुकानदार अपनी अपनी दुकान लेकर आते हैं यह मेला मुख्य मार्ग से सटा कर लगता है यह मेला दादा मृगन्नाथ की असीम कृपा से प्रतिवर्ष लगाया जाता है लोगों की यह मान्यता है यहां पर जो भी भक्त आते हैं दादा के दरबार पहाड़ी के ऊपर बना हुआ है लगभग 500 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती और अपनी मनोकामना करते हैं वह पूरी होती है।

## राधा छवि कथक नृत्य महोत्सव आज

**जबलपुर।** नवरंग कथक कला केन्द्र द्वारा अ.भा. राधा छवि कथक नृत्य महोत्सव शनिवार 25 जनवरी को संध्या 6 बजे से शहीद स्मारक भवन जबलपुर में आयोजित है ।नवरंग के संस्थापक नृत्यगुरु मोती शिवहरे ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथि जगतबहादुर सिंह "अन्नू", अजय विश्नोई, अभिलाष पांडेय, डॉ. आनंद तिवारी होंगे । इस अवसर पर डॉ. अमित साकरे इंदौर, डॉ. दीपक वर्मा नरसिंहगढ़, जितेंद्र कौशल दिल्ली, सचिन कुमरे कवर्धा सहित जबलपुर से शैली धोपे, नीलांगी कलंत्रे, भैरवी विश्वरूप, अखिलेश पटेल एवं मोती शिवहरे एकल व सामूहिक कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगे । आयोजन समिति से अशोक मनोध्या, प्रतुल श्रीवास्तव,विजय जायसवाल, राजेश पाठक प्रवीण, राजीव गुप्ता ने उपस्थिति की अपील की है ।

## शनिवार अवकाश दिवस में भी कैश काउंटर खुले रहेंगे

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार, किरायेदारी और दुकानों के सत्यापन कार्य निरंतर जारी है। राजस्व और बाजार विभाग के सहयोग से इस कार्य को सक्रिय रूप से किया जा रहा है, ताकि नगर निगम के राजस्व में वृद्धि की जा सके और शहरी क्षेत्रों के मकानों का सही माप लेकर गणना की जा सके। इसके तहत बकाया करों की वसूली के लिए भी सख्त कार्रवाई की जा रही है।

उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि निगमायुक्त द्वारा लगातार राजस्व विभाग के साथ समीक्षा की जा रही है और निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही, निगमायुक्त ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी चीजें सही तरीके से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हों, किरायेदारों की जानकारी एकत्रित करने का कार्य भी जारी रखा है। इस सत्यापन अभियान में पिछले चार महीनों से वार्डों में किरायेदारी और एरिया सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

राजस्व मुख्यालय टीम, जिसमें उपायुक्त राजस्व पी.एन. सनखेरे और सहायक राजस्व निरीक्षक रूपेश कुमार रजक शामिल थे, ने गुप्तेश्वर वार्ड स्थित एस.एल. पटैल एण्ड कंपनी (लकड़ी का टल) का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि वहां का एरिया सही तरीके से दर्ज नहीं किया गया था, जिसे तुरंत सुधार लिया गया। इसके साथ ही, 25 दुकानों में से 2 दुकानों के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं पाया गया, जिन्हें नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने आगे बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1 लाख 90 हजार करदाताओं से 58 करोड़ डोर-टू-डोर गारबेज शुल्क लिया जाना है। इसके लिए संभागों से देयक वितरित किए जा रहे हैं। करदाताओं की सुविधा के लिए आज शनिवार अवकाश दिवस में भी मुख्यालय सहित सभी संभागों के कैश काउंटर खुले रहेंगे, जिससे करदाता अपनी वसूली की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

## काली माई मंदिर में विप्र कुल परिवार की बैठक का आयोजन



**पाटन।** काली माई मंदिर परिसर में विप्र कुल परिवार नगर एवं ग्रामीण की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें पाटन और आसपास से बड़ी संख्या में विप्रोजन शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों के लिए भी नीतियों और जिम्मेदारी तय की गई कार्यक्रम में विप्र कुल परिवार के डॉक्टर विष्णु दत्त त्रिपाठी, राम विनय करसोलिया,संदीप गुरु, राघवेंद्र शुक्ला घनश्याम बबेले, वैभव व्यास केदार गौतम, अवधेश दुबे सोनी महाराज, सुशील बबेले भूरे महाराज,मनीष दुबे, नितिन गोटिया भरत मिश्रा, राजेश मिश्रा,छुट्टन पांडे सहित बड़ी संख्या में विप्र कुल परिवार के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ विष्णु दत्त त्रिपाठी, राघवेंद्र शुक्ल, घनश्याम बबेले, संदीप गुरु, केदार गौतम ने अपने विचार रखें और समाज हित में एकजुटता से कार्य करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया साथ ही आने वाले समय में परशुराम जयंती के आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई।

## डॉ. अंबेडकर और संत रविदास की मूर्ति उखाड़ना शर्मनाकः कांग्रेस

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) और पूर्व प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने इंदौर नगर निगम प्रशासन द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर और संत शिरोमणि रविदास जी की मूर्तियों को अपमानजनक तरीके से उखाड़ने की घटना पर कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि बिना किसी सूचना और बिना उचित प्रक्रिया के मूर्तियों को उखाड़ना और नगर निगम की जीप में डालकर उसे पैरों पर रखकर ले जाना न केवल निंदनीय बल्कि शर्मनाक भी है।

टीकाराम कोष्टा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) हमेशा से बाबा साहब डॉ. अंबेडकर और दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति अपमानजनक रुख अपनाती रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री भोपाल में फ्लाईओवर का नामकरण डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर करते हैं, वहीं दूसरी ओर इंदौर नगर निगम प्रशासन द्वारा यह घटना घटित की जाती है, जो एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों—सांसद, विधायक, जिला पंचायत, महापौर—सबके रहते हुए इस कृत्य को अंजाम देना और किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करना, यह भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। साथ ही, उन्होंने आरोप लगाया कि अतिक्रमण के नाम पर दलित बस्तियों पर तोड़फोड़ की जा रही है, जो कि भाजपा की तानाशाही मानसिकता को प्रकट करता है।

कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि जो भी लोग डॉ. अंबेडकर और संत रविदास जी की मूर्तियों को अपमानजनक तरीके से उखाड़ने के लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। अन्यथा कांग्रेस आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

इस घटनाक्रम पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा के अलावा कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी, विजय अग्रवाल, पी.पी. पटेल, राजू तोमर, अस्सू खान, राजेश पटेल, चमन पासी, लखन श्रीवास्तव, अशोक चौधरी, लखन चौधरी समेत कई कांग्रेस नेताओं ने अपनी नाराजगी व्यक्त की है।



## ओएफके कॉलेज में हुई प्रतियोगिताएं

**जबलपुर।** शासकीय ओ.एफ.के. महाविद्यालय में गुरुवार को रुप सज्जा एवं बहुरुप पोषाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के कक्ष क्रमांक 6 में दोपहर 12 बजे से रुप सज्जा एवं बहुरुप पोषाक प्रतियोगिता आयोजित की गई। रुप सज्जा में 3 प्रतियोगी एवं बहुरुप पोषाक प्रतियोगिता में 14 प्रतियोगियों ने भाग लिया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तमिलनाडू एवं पश्चिम बंगाल के वेशभूषा में विद्यार्थियों द्वारा युगल प्रस्तुति उल्लेखनीय रही। इसके साथ ही पंजाब, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक प्रांतो की मनमोहक वेशभूषा में प्रतिभागियों ने लुभावनी प्रस्तुति दी। बहुरुप पोषाक प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में महाविद्यालय की डॉ. प्रतिमा दीक्षित, डॉ. बीना फर्नान्डिज एवं श्रीमती जान्हवी द्विवेदी एवं रुप सज्जा प्रतियोगिता में श्रीमती प्रतिभा जैन, डॉ. रागनी चौहान एवं सुनील कुमार पाण्डेय ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रुति पटेल एवं डॉ. अंजली द्वारा किया गया। महाविद्यालय की साहित्यक एवं सांस्कृतिक समिति संयोजक एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुका श्रीवास्तव के निर्देशन में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की।

शराब के लिये रुपये न देने पर युवक पर हमला

## धारदार हथियार से युवक की जांघ पर किया वार

**जबलपुर।** बेलबाग थाना क्षेत्रातंर्गत मैक्स अस्पताल के सामने गाड़ी खराब होने पर रुके एक युवक से दो असमाजिक तत्वों ने शराब पीने रुपयों की मांग करते हुए मारपीट शुरु कर दी। युवक के विरोध करने पर आरोपियों ने किसी धारदार चीज से हमला कर उसकी जांघ में चोट पहुंचा दी और मौके से फरार हो गये।



पुलिस ने बताया कि लालमाटी घमापुर निवासी 22 वर्षीय अनिकेत ठाकुर वर्तमान में अपने बड़े पिता के यहां न्यू शास्त्री नगर में रहकर घमापुर चौक स्थित एक मोबाइल शॉप पर काम करता है। बीती रात वह दुकान बंद कराने के बाद अपनी एक्सिस गाड़ी से घर जा रहा था। जैसे ही वह तहसीली चौक की ओर बढ़ते हुए मैक्स अस्पताल के सामने पहुंचा, तभी उसकी गाड़ी में कुछ खराबी आ गई, जिस पर वह रूक गया। जहां पर दो अज्ञात लड़क अस्पताल की पट्टी पर बैठकर खा-पी रहे थे। जिन्होंने अनिकेत से खड़े होने का कारण पूछकर विवाद करना शुरु कर दिया। इसके बाद दोनों ने मारपीट शुरु कर दी, इसी दौरान एक आरोपी अस्पताल के अंदर गया और कुछ धारदार चीज लेकर लौटा और अनिकेत की जांघ पर हमला कर चोट पहुंचा दी। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

भेड़ाघाट और घमापुर क्षेत्र में वारदात

## शराब के लिये रुपये न देने पर हमला

**जबलपुर।** भेड़ाघाट और घमापुर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करते हुए युवकों पर रॉड व तलवार से हमला कर दिया। जिससे तीन लोगों को गंभीर चोटें आई है। दोनों ही मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।



भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि ग्राम सिलुआ निवासी 34 वर्षीय अनिल पटेल खेती किसानी करता है। बीती देर शाम वह अपने खेत से घर लौट रहा था, जैसे ही वह हनुमान मंदिर के पास पहुंचा तो उसे गांव का गोलू दाहिया मिला, जो कि शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगा। अनिल ने रुपये देने से मना किया तो गोलू ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और उसे गंभीर चोट आ गई। इसी प्रकार घमापुर पुलिस ने बताया कि बल्दी कोरी की दफाई निवासी सुरेन्द्र साहू बीती रात अपने घर पर खाना खा रहा था। उसी समय अजय उर्फ अज्जू चौधरी अपने एक साथी रॉबिन कोरी के साथ पहुंचा और गालीगलौज करते हुए सुरेन्द्र को बाहर बुलाने लगा। जैसे ही सुरेन्द्र अपनी पत्नी खुशबू के साथ बाहर आया तो अजय व रॉबिन गालीगलौज करते हुए शराब पीने के लिये एक हजार रुपयों की मांग करने लगे। सुरेन्द्र ने रुपये देने से मना किया तो अजय ने तलवार से उस पर हमला कर दिया, कपिल वंशकार बीच बचाव करने पहुंचा तो रॉबिन कोरी ने बेसबॉल के डंडे से कपिल पर हमला कर दिया। जिससे दोनों को चोटे आ गई। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

### नशेड़ी ने लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना क्षेत्रातंर्गत धोबीघाट निवासी बिन्दू चौधरी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के भतीजे संतोष चौधरी ने बताया कि उसके बड़े पिता बिन्दू चौधरी शराब व गांजा पीने के आदि थे, जो नशे में सनके रहते थे। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।




**सुश्री निधि चौबे-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री एनके चौबे की पुत्री सुश्री निधि चौबे (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रामकली बाई पटेल-** गढ़ाफाटक जगदीश मंदिर निवासी श्री शंकर लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई पटेल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन झारिया-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री हेमंत झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन झारिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती नीता बोस-** उमा नगर अधारताल निवासी श्री सोमित्र बोस की धर्मपत्नी श्रीमती नीता बोस (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुंदर बाई-** राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री किशन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुमार पाठक-** आनंद कॉलोनी बल्देवबाग चेरीताल निवासी श्री राजेंद्र कुमार पाठक (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जयंती सरकार-** गोल बाजार राइट टाउन निवासी श्री अंजन कुमार सरकार की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती सरकार (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रेमचंद सूर्यवंशी-** मड़ई व्हीकल निवासी श्री प्रेमचंद सूर्यवंशी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बिंदू चौधरी-** पुराना धोबीघाट वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री बिंदू चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**सुश्री मीना यादव-** छोटी ओमती निवासी श्री जवाहर लाल यादव की पुत्री सुश्री मीना यादव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा देवी-** पोलीपाथर नर्मदा रोड निवासी श्री जवाहर लाल की धर्मपत्नी श्रीमती उमा देवी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को मिली सौर परियोजना



**नई दिल्ली।** हरित ऊर्जा में सक्रिय कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसकी इकाई को एनएचपीसी से 300 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना मिली है। उसकी इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड एनएचपीसी द्वारा आयोजित नीलामी में सफल बोलीदाता बनकर उभरी है।

### सुजलॉन को मिला टॉरेंट पावर से 162 पवन चक्कियों का ऑर्डर



**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सक्रिय सुजलॉन समूह को टॉरेंट पावर से 486 मेगावाट क्षमता की 162 पवन चक्कियों की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर के तहत सुजलॉन समूह गुजरात के भोगत क्षेत्र में तीन मेगावाट क्षमता वाले हाइब्रिड लैटिस टावरों के साथ 162 एस144 पवन चक्की जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) की आपूर्ति करेगा।

### एनआईआईटी का लाभ 6.75 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** कौशल एवं प्रतिभा विकास कंपनी एनआईआईटी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.75 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में शुद्ध लाभ 14.36 करोड़ रुपये रहा था।

### ग्रेन्यूल्स इंडिया के लाभ में छह प्रतिशत की गिरावट

GRANULES

**नई दिल्ली।** औषधि क्षेत्र की कंपनी ग्रेन्यूल्स इंडिया का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ छह प्रतिशत घटकर 118 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 126 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### अच्युत घटक बने कोल इंडिया के निदेशक



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड ने अच्युत घटक के उसके निदेशक का पदभार संभालने की शुक्रवार को जानकारी दी। घटक ने बी. वीरा रेड्डी का स्थान लिया है, जो पिछले वर्ष अगस्त में सेवानिवृत्त हो गए थे। कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पी. एम. प्रसाद निदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

### अक्षय कुमार ने मुंबई में बेचा 4.25 करोड़ में फ्लैट



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने मुंबई के बोरीवली ईस्ट में अपना अपार्टमेंट 4.25 करोड़ रुपये में बेचा है। रियल एस्टेट सलाहकार स्क्वायर याड्र्स ने शुक्रवार को बयान में कहा, उसने इस लेनदेन से संबंधित संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों पर गौर किया। ओबेरॉय रियल्टी द्वारा विकसित किया गया है और यह 25 एकड़ में फैली हुई है। नवंबर 2017 में 2.38 करोड़ रुपये में खरीदा गया अपार्टमेंट हाल ही में 4.25 करोड़ रुपये में बेचा गया, जो मूल्य में 78 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

# सरकार गिग वर्कर्स को लाने जा रही सामाजिक सुरक्षा के दायरे में, दूर होगी चिंता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार गिग वर्कर्स के लिए सोशल सिक्योरिटी कंट्रीब्यूशन सिस्टम शुरू करने की तैयारी में है। इसके तहत इन वर्कर्स को काम करने वाले प्लेटफॉर्म्स को इनके पेमेंट का एक हिस्सा काटकर एम्प्लॉई पेंशन स्कीम में जमा कराना होगा।

- इस राशि पर सरकार 3-4 प्रतिशत तक कंट्रीब्यूशन दे सकती है

इस अमाउंट पर सरकार 3-4 प्रतिशत तक कंट्रीब्यूशन भी दे सकती है। एक अंग्रेजी दैनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार की इस पहल का फायदा न केवल कैब ड्राइवर्स या फूड डिलीवरी पार्टनर्स को ही मिलेगा, बल्कि इस स्कीम में सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल्स और अन्य गिग इकोनॉमी वर्कर्स को भी कवर किया जाएगा। गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान कुछ साल शुरू किए गए श्रम संहिताओं में शामिल किया गया था।

**पेमेंट का एक हिस्सा काटकर एम्पालॉई पेंशन स्कीम में जमा कराना होगा**

### कर्मचारी भविष्य निधि के पास राशि जमा कराई जाएगी

हालांकि, इन्हें अब तक लागू नहीं किया जा सका है। ऐसे में यह देखते हुए कि ये जिन भी प्लेटफॉर्म पर काम करते हैं, उनके द्वारा इन्हें दी जाने वाली पेमेंट का एक हिस्सा काटकर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पास जमा कराया जा सकता है, सरकार इसे शुरू करने के बारे में सोच रही है।



### क्या होते हैं गिग वर्कर्स

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर काम करने वाले कर्मचारियों को गिग वर्कर्स कहा जाता है। ये स्थाई कर्मचारी नहीं होते हैं बल्कि फ्रीलांसर के रूप में काम करते हैं इसलिए अपने परमानेंट एम्प्लॉई की तरह कंपनी इन्हें वेतन या भत्ते का भुगतान नहीं करती है। इन्हें बस अपने काम तक का पैसा मिलता है। हमारे देश में ऑनलाइन फूड डिलीवरी पार्टनर्स, ई-कॉमर्स सामान की डिलीवरी करने वाले, ड्राइवर गिग वर्कर्स के तौर पर काम करते हैं।

### जल्दी से जल्दी पहल को शुरू करने की तैयारी

श्रम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस पर कहा, 'इससे जुड़ी डिटेल्स को अंतिम रूप दिया है, उम्मीद है कि इसे जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर श्रम संहिताओं को आगे बढ़ा रहा है, जो किसी भी बिजनेस के लिए जरूरी है।'

## भारत की अब तक की सबसे महंगी रिफाइनरी परियोजना

# बीपीसीएल की आंध्र तेल रिफाइनरी अब तक की सबसे महंगी, 95 हजार करोड़ आएगी लागत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के आंध्र प्रदेश में प्रस्तावित 90 लाख टन सालाना क्षमता वाली तेल रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल परिसर की लागत करीब 95,000 करोड़ रुपये होने की संभावना है।

कंपनी के निदेशक (वित्त) वी रामकृष्ण गुप्ता ने यह जानकारी दी। यह भारत की अब तक की सबसे महंगी रिफाइनरी परियोजना होगी। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) इस साल राजस्थान के बाड़मेर में 71,814 करोड़ रुपये की लागत से इतनी ही आकार की इकाई चालू करेगी।

- रिफाइनरी की 90 लाख टन सालाना क्षमता होगी
- इस साल राजस्थान के बाडमेर में इकाई चालू की जाएगी
- आंध्र प्रदेश सरकार भी परियोजना में निवेश करेगी



### 48 महीनों में रिफाइनरी के चालू होने की संभावना

कंपनी के निदेशक ने कहा कि साथ ही कंपनी एक संयुक्त उद्यम भागीदार (शामिल करने के लिए) की तलाश भी कर रही है, हालांकि इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया। अंतिम निवेश निर्णय (एफआईडी) के बाद 48 महीनों में रिफाइनरी के चालू होने की संभावना है। रिफाइनरी का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह एक तटीय रिफाइनरी होगी और भूमि की पहचान कर ली गई है।

### पहले महाराष्ट्र के रत्नागिरी के लिए बनी थी योजना

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में तीन लाख करोड़ रुपये की लागत से 60 लाख टन क्षमता वाली तेल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर स्थापित करने की योजना बनी थी।

### पेट्रोल और डीजल का उत्पादन होगा

रिफाइनरी की क्षमता 90 लाख टन प्रति वर्ष होगी। इस प्रसंस्करण से पेट्रोल और डीजल जैसे 30-35 लाख टन ईंधन और पेट्रोकेमिकल्स के 38-40 लाख टन 'फीडस्टॉक' का उत्पादन होगा।

### 6000 एकड़ जमीन की तलाश

*गुप्ता ने कहा, ''हम 6,000 एकड़ जमीन की तलाश कर रहे हैं... जमीन की पहचान कर ली गई है और अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होनी है।'' डीपीआर पूरा करने और 'फीडस्टॉक' अध्ययन करने में 6-9 महीने लगेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी वित्तीय निर्णय लेने से पहले काफी मात्रा में पूर्व-निवेश की आवश्यकता है।*

### भूमि अधिग्रहण के कारण रुकी परियोजना

हालांकि, भूमि अधिग्रहण के मुद्दों के कारण यह परियोजना शुरू नहीं हो पाई। गुप्ता ने तीसरी तिमाही की आय की घोषणा के बाद विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा कि बीपीसीएल बोर्ड ने पिछले महीने भूमि अधिग्रहण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और कुछ अध्ययनों जैसी परियोजना से पहले की गतिविधियों पर 6,100 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी थी।

### डीपीआर और फीड अध्ययन पूरा

गुप्ता ने कहा, ''मोटे तौर पर पूंजीगत व्यय की आवश्यकता कुल मिलाकर लगभग 95,000 करोड़ रुपये होगी।'' आंध्र प्रदेश सरकार ने भी अच्छी मात्रा में पूंजी सब्सिडी प्रोत्साहन का संकेत दिया है। गुप्ता ने कहा, ''हम दिसंबर में अंतिम संख्या (निवेश की) पर पहुंचेंगे, जब डीपीआर और फीड अध्ययन पूरा हो जाएगा।'

# सोना 83,000 रुपए के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार, चांदी में भी मजबूती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना लगातार आठवें सत्र में तेज रहा
- 200 रुपए चढ़कर 83 हजार रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पर

वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के कारण जोरदार लिवाली होने के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार आठवें सत्र में तेजी जारी रही और यह 200 रुपये चढ़कर पहली बार 83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 83,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को यह 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंस मामलों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'सोने में बढ़त शुक्रवार को भी जारी रही और घरेलू बाजार में हाजिर सोना नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गांधी ने कहा कि सोने में मौजूदा तेजी अमेरिका में संभावित शुल्क (टैरिफ) योजना और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अन्य नीतियों से उपजी अनिश्चितता का नतीजा है। मौजूदा हालात में सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदारी में उछाल आया है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये बढ़कर 82,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 82,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### एशियाई कारोबार में चांदी वायदा तेज

एशियाई कारोबार में कॉमेक्स चांदी वायदा भी 1.53 प्रतिशत बढ़कर 31.32 डॉलर प्रति औंस हो गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि निवेशकों की निगाह आगामी केंद्रीय बजट और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय पर भी रहेगी।

# ग्लूफोसिनेट का आयात पर आंशिक प्रतिबंध लगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- ग्लूफोसिनेट खरपतवार-नाशक रसायन है
- 1289 रुपए प्रति किलो से अधिक कीमत वाले ग्लूफोसिनेट पर प्रतिबंध नहीं

सरकार ने शुक्रवार को 1,289 रुपये प्रति किलोग्राम से कम कीमत वाले खरपतवार-नाशक ग्लूफोसिनेट के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया, ताकि इस रसायन की आवक को हतोत्साहित किया जा सके।

हालांकि निर्धारित मूल्य से अधिक कीमतों वाले ग्लूफोसिनेट के आयात पर किसी तरह की बंदिश नहीं लगाई गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, /”ग्लूफोसिनेट और इसके रसायन (न्यूनतम 95 प्रतिशत शुद्धता) का आयात 1,289 रुपये प्रति किलोग्राम से कम सीआईएफ मूल्य के लिए प्रतिबंधित है। हालांकि, 1,289 रुपये प्रति किलोग्राम और उससे अधिक सीआईएफ मूल्य होने पर ग्लूफोसिनेट और इसके रसायन का आयात मुक्त है। सीआईएफ मूल्य का आशय आयात की लागत, बीमा और माल ढुलाई के सम्मिलित मूल्य से है। इस शब्दावली का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में आयात किए जा रहे माल के कुल मूल्य को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

### लाइसेंस लेने की जरूरत होगी

प्रतिबंधित श्रेणी के उत्पादों को सरकार से लाइसेंस लेने की जरूरत होती है। इस वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान खरपतवार-नाशक रसायनों का आयात 17.7 करोड़ डॉलर रहा। पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 23.81 करोड़ डॉलर था। चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में भारत ने मुख्य रूप से चीन (5.87 करोड़ डॉलर), अमेरिका (4.6 करोड़ डॉलर) और इजराइल (3.05 करोड़ डॉलर) से ग्लूफोसिनेट रसायन का आयात किया है।

### एक्मे सोलर होल्डिंग्स ने सौर परियोजनाएं की चालू...



**नई दिल्ली।** एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड ने राजस्थान में 86.95 मेगावाट की सौर परियोजनाएं चालू करने की शुक्रवार को जानकारी दी। कंपनी बयान के अनुसार, परियोजनाओं को इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों एसीएमई देवघर सोलर पावर और एसीएमई फलोदी सोलर एनर्जी के जरिये चालू किया गया है। क्रमशः 47 मेगावाट और 39.95 मेगावाट की क्षमताएं 23 जनवरी को चालू की गईं। दोनों संयंत्र अब 300 मेगावाट की निर्धारित क्षमता के साथ पूरी तरह से चालू हो गए हैं। एक्मे सोलर होल्डिंग्स (एएसएचएल) ने कहा, इसके साथ ही उसकी कुल परिचालन अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 2,540 मेगावाट हो गई है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.88 अरब डॉलर घटा

- समाप्त सप्ताह में घटकर 623.98 अरब डॉलर रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 1.88 अरब डॉलर घटकर 623.98 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि इससे पिछले सप्ताह में यह 8.71 अरब डॉलर घटकर 625.87 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है।

**भारत के स्वर्ण भंडार में वृद्धि**

*समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 10.63 लाख डॉलर बढ़कर 68.95 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10 लाख डॉलर घटकर 17.78 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 7.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.12 अरब डॉलर रहा।*

# पुरानी कारों की बिक्री 2030 तक एक करोड़ का आंकड़ा करेगा पार

- महाराष्ट्र, उप्र और दिल्ली में बढ़ रही पुराने कारों की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश में पुरानी कारों की बिक्री 2030 तक सालाना एक करोड़ का आंकड़ा पार कर जाने की उम्मीद है। शहरी इलाकों तथा छोटे शहरों में इसकी बिक्री बढ़ेगी।

कार्स24 की रिपोर्ट 'गियर ऑफ ग्रोथः द 2024 इंडियन यूज्ड-कार मार्केट रिपोर्ट' के अनुसार महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली देश में पुरानी कारों की मांग काफी बढ़ रही है। कंपनी के सह-संस्थापक गजेंद्र जांगिड़ ने कहा, '' अनुमान है कि वर्ष 2023 की 46 लाख की बिक्री के मुकाबले वर्ष 2030 में यह बाजार 1.08 करोड़ तक बढ़ जाएगा। यह 13 प्रतिशत की प्रभावशाली संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि चूंकि ग्राहकों की प्राथमिकताएं अधिक किफायती तथा भरोसेमंद विकल्पों की ओर बदल रही हैं, इसलिए नई कार बाजार की तुलना में पुरानी कार के बाजार में तेजी देखी जा रही है।

**नई कारों के लिए वित्तपोषण बढ़ा**

*रिपोर्ट के अनुसार, नई कारों के लिए वित्तपोषण में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है जो 2010 में 60 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 84 प्रतिशत हो गई है।*

# रियल्टी, तेल-गैस शेयरों में बिकवाली से बाजार गिरा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

- सेंसेक्स 330 अंक फिसला, निफ्टी भी 113 अंक गिरकर बंद
- निवेशकों ने रियल्टी, तेल एंव गैस कंपनियों में निवेश घटाया

उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और दो दिनों की तेजी के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स में 330 अंक और निफ्टी में 113 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच निवेशकों ने रियल्टी, तेल एवं गैस और स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों में निवेश घटा दिया। विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 329.92 अंक गिरकर 76,190.46 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 428.63 अंक गिरकर 76,091.75 पर आ गया था। निफ्टी भी 113.15 अंक गिरकर 23,092.20 पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू शेयरों में पिछले दो दिनों से जारी तेजी थम गई। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, /”वाहन, तेल एवं गैस और रियल्टी शेयरों में बिकवाली के बीच बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आए तगड़े सुधार ने गिरावट को थामने का काम किया। छोटी कंपनियों के बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 2.23 प्रतिशत और मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 1.60 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

### इन शेयरों में रही लाभ-हानि

बीएसई के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा, नेस्ले, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

## भारत में आईफोन उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम

# टाटा ने आईफोन बनाने वाली पेगाट्रॉन में खरीदी 60% हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने पेगाट्रॉन टेक्नोलॉजी इंडिया में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदकर भारत में आईफोन उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। यह अधिग्रहण भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूती देने के साथ-साथ देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण उद्योग में टाटा की स्थिति को और मजबूत करेगा। यह अधिग्रहण टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को भारत में आईफोन निर्माण में एक मजबूत स्थान दिलाने के साथ-साथ देश के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में नई संभावनाएं खोलने का काम करेगा। इससे पहले टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने ताइवान की कंपनी विस्ट्रॉन के भारत संचालन को 125 मिलियन डॉलर में खरीदा था।

- पेगाट्रॉन इंडिया को नए स्वामित्व के तहत पुन: ब्रांडिंग किया जाएगा

### निर्माण क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पेगाट्रॉन अपनी टीमों का एकीकरण करेंगे और पेगाट्रॉन इंडिया को नए स्वामित्व के तहत पुनः ब्रांडिंग किया जाएगा। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ और एमडी डॉ. रणधीर ठाकुर ने कहा कि यह अधिग्रहण उनकी निर्माण क्षमता को बढ़ाने की रणनीति के अनुकूल है। उन्होंने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में एआई और डिजिटल तकनीक के नेतृत्व वाले निर्माण के नए युग की शुरुआत करने के लिए तत्पर है।




### तीन कंपनियां बनाती हैं आईफोन

भारत में आईफोन निर्माण के लिए अब तीन प्रमुख कंपनियां- फॉक्सकॉन, टाटा, और पेगाट्रॉन हैं। उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग ने एप्पल को 2024 में भारत से आईफोन निर्यात में 1 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार करने में मदद की है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, एप्पल ने पिछले साल 12 बिलियन डॉलर मूल्य के आईफोन्स का निर्यात किया, जो 2023 की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। घरेलू उत्पादन में भी 46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### आईफोन 13 और 14 बनाती है पेगाट्रॉन

पेगाट्रॉन का भारत संयंत्र वर्तमान में आईफोन 13 और 14 मॉडल का निर्माण करता है। भारतीय संयंत्र लगभग 10,000 कर्मचारियों को रोजगार देता है। इस महीने की शुरुआत में, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से हिस्सेदारी अधिग्रहण के लिए मंजूरी मिली थी। 2020 में टाटा समूह के एक ग्रीनफील्ड वेंचर के रूप में स्थापित, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स वर्तमान में 50,000 से अधिक लोगों को रोजगार देता है और गुजरात, असम, तमिलनाडु और कर्नाटक में महत्वपूर्ण संचालन करता है।

चिंतन

# नियम आधारित वैश्विक व्यापार वक्त की जरूरत

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की पांच दिवसीय बैठक के आखिरी दिन विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की मजबूती पर जोर दिया है। विश्व में बढ़ते जियो पॉलिटिकल टेंशन, युद्ध और हिंसक संघर्ष की स्थिति और खंडित आर्थिक परिवेश और संरक्षणवादी व अस्थिर अमेरिकी नीति के दौर में डब्ल्यूटीओ का नियम आधारित वैश्विक व्यापार की वकालत करना भारत जैसे तेजी से विकसित बन रहे देश के लिए लाभकारी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अमेरिका ने जिस प्रकार से संरक्षणवाद को बढ़ाया है, क्लाइमेट करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका हटा है, डब्ल्यूईएफ की बैठक में यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल स्तर पर टैरिफ की धमकी दी है, उसके बाद से नियम आधारित बहुपक्षीय ग्लोबल ट्रेड का महत्व और बढ़ गया है। जो देश गैट पर हस्ताक्षरित हैं और डब्ल्यूटीओ के नियम कायदों से बंधे हुए हैं, उनके लिए जरूरी है कि विश्व के सभी सदस्य देश वैश्विक नियम कायदों को मानें, अपनी मनमानियां न करें। चीन अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करता रहा है, अब अगर अमेरिका भी वैश्विक संस्थानों का सम्मान करने में कोताही बरतेगा या आनाकानी करेगा तो निश्चित ग्लोबल ट्रेड में अराजकता की स्थिति पैदा होगी। स्विट्जरलैंड के दावोस में 20 जनवरी को विश्व आर्थिक मंच की बैठक शुरू हुई थी, 24 जनवरी को पांचवें दिन इसका समापन हुआ। इस दौरान विश्व के सभी प्रमुख देशों ने अर्थव्यवस्था को लेकर अपने दृष्टिकोण रखे। यूं तो विश्व आर्थिक मंच कोई ग्लोबल निकाय नहीं है, जो कोई आदेश या नियम जारी कर सकता है, लेकिन यह ऐसा वैश्विक मंच जरूर है, जहां विश्व की अर्थव्यवस्था की नब्ज का पता जरूर चल जाता है। भारत डब्ल्यूईएफ की बैठक को गंभीरता से लेता रहा है और बड़ा प्रतिनिधिमंडल इसमें भेजता रहा है। इस बार भी भारत ने शानदार तरीके से शिरकत की और अपनी आर्थिक धमक की छाप छोड़ी। भारत ने कहा कि वह जल प्रबंधन पर वैश्विक समुदायों को सहयोग करने के लिए तैयार है। भारत ने दुनिया से जल संरक्षण प्रयासों में शामिल होने का आह्वान किया और सभी देशों से न्यायसंगत जल प्रबंधन के लिए आगे आने का भी आग्रह किया। जल-सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए परिवर्तनकारी चर्चाएं शुरू करने को भारत प्रतिबद्ध है। डिजिटल उपलब्धियों की भी बात की और अपनी क्षमता से विश्व को परिचित कराया। इस वर्ष डब्ल्यूईएफ की थीम है बुद्धिमान युग के लिए सहयोग। बैठक का फोकस इस क्षेत्र में वैश्विक सहयोग बढ़ाने पर रहा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नवीनीकरण ऊर्जा, और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में प्रगति को लेकर भारत चर्चा के केंद्र में रहा। मुख्य सत्र में भारत ने एआई, एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेश निवेश) और लाभकारी निवेश गंतव्यः इन्वेस्ट इंडिया जैसे मुद्दों पर दुनिया के निवेशकों का ध्यान आकृष्ट किया। विश्व को कठिन आर्थिक परिस्थिति, मानवता के कल्याण और मानवीय विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान भी किया। वैश्विक अर्थवयवस्था में आ रही चुनौतियों से सामूहिक रूप से निपटने की बात कही। डब्ल्यूटीओ का मौजूदा आर्थिक परिदृश्य से जुड़े खतरों को लेकर आगाह करना विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्तियों को जगाने जैसा है। विश्व स्तर पर व्यापारिक तनाव के दौर में स्थिर नियामकीय स्थितियां और कानूनी निश्चितता अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक हैं, और विश्व में नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली जरूरी है।

# दिलचस्प बनी त्रिकोणीय चुनावी जंग



दिल्ली चुनाव
राज कुमार सिंह

> दोस्ती के अचानक फिर से दुश्मनी में बदल जाने के पीछे की असली कहानी तो कांग्रेस और आप का आलाकमान ही बेहतर जानता होगा, लेकिन दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। स्थानीय नेता तो लोकसभा चुनाव के बाद से ही एक-दूसरे पर निशाना साधने लग गये थे, अब इसमें आलाकमान की भी 'एंट्री' हो गयी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अल्पसंख्यक बहुल सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए सीधा आरोप लगाया कि आप के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह झूठे वायदे करते हैं। केजरीवाल ने भी जवाब देने में देर नहीं लगायी।

एक दशक बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव को दिलचस्प बनाने का श्रेय उस दल को है, जिसका पिछले दो चुनावों में खाता तक नहीं खुल पाया। पिछले दो चुनाव में एकतरफा जीती आम आदमी पार्टी (आप) को इस बार बहुमत का आंकड़ा पाने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर इसीलिए लगाना पड़ रहा है कि लगभग छह महीने पहले लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ी कांग्रेस ने भी उसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। बेशक पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को साढ़े चार प्रतिशत से भी कम वोट मिले थे, लेकिन जब लड़ाई कांटे की हो जाये, तब दो-चार प्रतिशत मतों से भी बाजी पलट जाती है।

दोस्ती के अचानक फिर से दुश्मनी में बदल जाने के पीछे की असली कहानी तो कांग्रेस और आप का आलाकमान ही बेहतर जानता होगा, लेकिन दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। स्थानीय नेता तो लोकसभा चुनाव के बाद से ही एक-दूसरे पर निशाना साधने लग गये थे, अब इसमें आलाकमान की भी 'एंट्री' हो गयी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अल्पसंख्यक बहुल सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए सीधा आरोप लगाया कि आप के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह झूठे वायदे करते हैं। केजरीवाल ने भी जवाब देने में देर नहीं लगायी। केजरीवाल ने पलटवार किया कि राहुल कांग्रेस को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि मैं देश बचाने की। केजरीवाल को मोदी की तरह ही झूठे वायदों के लिए कठघरे में खड़ा करने से ऐसा लग सकता है कि कांग्रेस अपने दोनों राजनीतिक विरोधियों पर समान रूप से हमलावर है, लेकिन असल में उसके निशाने पर आप ज्यादा है। जिस शराब नीति घोटाले में केजरीवाल समेत प्रमुख आप नेता जेल गये, उसकी शिकायत कभी कांग्रेस ने ही की थी। हाल ही में आप की महिला सम्मान योजना की शिकायत भी कांग्रेस ने ही उप राज्यपाल से की।

नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से केजरीवाल के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने पंजाब पुलिस द्वारा कांग्रेस उम्मीदवारों की जासूसी तथा चुनाव के लिए पंजाब से दिल्ली कैश लाये जाने की शिकायत भी उप राज्यपाल से की। जाहिर है, तत्काल जांच भी शुरू हो गयी। कथित शीशमहल के मुद्दे पर भी कांग्रेस, भाजपा से कम आक्रामक नहीं है। कांग्रेस इस बार आप के प्रमुख नेताओं की चुनावी घेराबंदी भी कर रही है। संदीप दीक्षित तो तीन बार कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित के पुत्र हैं ही, मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया के विरुद्ध पूर्व मेयर फरहाद सूरी को चुनावी मैदान में उतारा है। चुनावी रणनीति की दृष्टि से यह भी महत्वपूर्ण है कि कांग्रेस का फोकस उन दो दर्जन सीटों पर ज्यादा है, जो झुग्गी-झोपड़ी और अल्पसंख्यक बहुल हैं। गरीब, दलित और अल्पसंख्यक दिल्ली में कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक रहे, लेकिन 2013 में बनी आप धीरे-धीरे उन्हें अपने पाले में ले गयी। बेशक इसके लिए खुद कांग्रेस भी कम जिम्मेदार नहीं। यह देखते हुए भी कि उसी



की सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों के मद्देनजर जन लोकपाल आंदोलन करने वाले अन्ना हजारे के कुछ शिष्यों द्वारा बनायी गयी आप ने पहले ही चुनाव में पैरों तले की जमीन छीन ली है।

कांग्रेस ने 2013 के विधानसभा चुनाव में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा को सत्ता से रोकने के लिए अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली में बनवा दी। जब आप ही दिल्ली की राजनीति में भाजपा को चुनौती देती दिखी तो कांग्रेस के वोट बैंक का और भी बड़ा हिस्सा उसके पाले में चला गया। बेशक उसमें केजरीवाल की लोक लुभावन घोषणाओं की बड़ी भूमिका रही, लेकिन परिणाम यह निकला कि लगातार तीन बार सरकार बनाने वाली कांग्रेस, जो 2013 में आठ सीटों पर सिमट गयी थी, 2015 और 2020 में खाता तक नहीं खोल पायी। यह समझना मुश्किल नहीं कि आप मूलतः कांग्रेस से छीने गये जनाधार पर ही खड़ी है। गिरते मत प्रतिशत के चलते कांग्रेस के कुछ नेता भी दूसरे दलों में चले गये। लोकसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ने के छह महीने बाद ही विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के आक्रामक तेवरों के मूल में आलाकमान पर बढ़ता यह दबाव भी है कि देश की राजधानी में ही पार्टी अस्तित्व के संकट से रूबरू है। अगले लोकसभा चुनाव बहुत दूर हैं, तब की रणनीति तब देखी जायेगी। फिलहाल वक्त का तकाजा अपनी जमीन बचाने और खोयी जमीन वापस पाने का है, जिसके लिए 'इंडिया' गठबंधन में मित्र, छोटे और क्षेत्रीय दलों से भी कांग्रेस को टकरान पड़ेगा।

जाहिर है, दिल्ली और पंजाब की सत्ता कांग्रेस से छीनने वाली आप ने गुजरात और गोवा में भी कांग्रेस के जनाधार में बड़ी सेंध लगाकर भाजपा को अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया है। 2015 में 70 में से 67 सीटें जीत कर प्रचंड बहुमत हासिल करने वाली आप की पांच साल बाद पांच सीटें घट गयीं। जाहिर है, भाजपा की उतनी ही सीटें बढ़ गयीं। भाजपा के साथ ही कांग्रेस को भी उम्मीद है कि दस साल के शासन के बाद वह सत्ता विरोधी भावना और बढ़ी ही होगी। फिर इस बीच शराब नीति घोटाले और शीशमहल जैसे आरोपों ने केजरीवाल की 'श्रीमान ईमानदार' की उस छवि को भी खंडित तो किया ही है, जिसके सहारे वह ज्यादातर दलों और नेताओं को भ्रष्ट बताते रहे। इसीलिए आप सरकार की विफलताएं गिनाने से ज्यादा, भाजपा और कांग्रेस का जोर केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने पर है। भाजपा ने भी केजरीवाल के विरुद्ध अपने पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पूर्व सांसद बेटे प्रवेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया है तो आतिशी के विरुद्ध भी एक पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को चुनाव मैदान में उतारा है।

यह अलग बात है कि विवादास्पद बयानों से बिधूड़ी की छवि अभी तक तो नकारात्मक ही बनी है। लोक लुभावन वायदों में तो अब कोई दल किसी से पीछे रहता ही नहीं। तीनों दलों के, अलग-अलग नामकरण से जारी चुनाव घोषणापत्रों में मुफ्त की रेवड़ियों की भरमार भी इसकी पुष्टि करती है। शह-मात के इस खेल में हर दिन नयी लोक लुभावन घोषणाओं की नयी परंपरा शुरू हो गयी है। ऐसे में अब चुनाव साख और प्रबंधन पर ज्यादा निर्भर है। कांग्रेस की कोशिश अपना वोट बैंक वापस छीनने की है, तो भाजपा की पूरी कवायद आप को बहुमत के आंकड़े (36 सीट) से नीचे रोकने की है। पिछले तीनों लोकसभा चुनावों में सभी सात सीटें जीतने के बावजूद विधानसभा चुनाव में अपमानजनक हार झेलने को मजबूर भाजपा किसी भी तरह दिल्ली की सत्ता से अपना वनवास समाप्त करना चाहती है, जिसे 27 साल होने वाले हैं। अब देखना यह है कि तीन प्रमुख दलों में से किसकी मनोकामना पूरी हो पाती है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विमर्श
विवेक शुक्ला




# नीरज की सादगी भरी शादी करेगी नौजवानों को प्रेरित

गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने बीते दिनों टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से सादगी से शादी करके एक बार फिर साबित कर दिया कि वो खेल के मैदान से बाहर भी करोड़ों हिन्दुस्तानियों के नायक हैं। उन्हें प्रेरित करते हैं। नीरज चोपड़ा चाहते तो किसी फाइव स्टार होटल में सैकड़ों लोगों के बीच भव्य विवाह कर सकते थे। उनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है। पर उन्होंने तड़क-भड़क से दूर रहना पसंद किया। महेन्द्र सिंह धोनी ने भी सादगी से विवाह किया था। धोनी और नीरज चोपड़ा दोनों ही कमाल के इंसान हैं। धोनी की शादी में गिनती के ही लोगों को निमंत्रण दिया गया था। उन्होंने टीम इंडिया के भी अपने कई साथियों को आमंत्रित करना जरूरी नहीं समझा था। आप जिंदगी के किसी क्षेत्र में सफल होकर धन कमाएं इसमें किसी को क्या एतराज होगा। लेकिन, आप पैसे की बर्बादी करें इसे कौन वाजिब ठहरा सकता है। यह बात भी नहीं हैं कि बड़े सेलिब्रेटीज सादगी से शादी नहीं कर रहे। अब भी हमारे समाज में ही इस तरह के कुछ खास लोग मौजूद हैं। कुछ साल पहले महिन्द्रा एंड महिन्द्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिन्द्रा की पुत्री आलिका महिन्द्रा ने एक अनाम युवक से अमेरिका में विवाह कर लिया। उसमें महिन्द्र परिवार से कुछ ही लोग पहुंचे। विवाह बेहद सादे अंदाज में हुआ। उसमें कोई तड़क-भड़क नहीं थीं। सादगी से शादी करना क्यों ज़रूरी है, इसके कई कारण हो सकते हैं, जो व्यक्तिगत मान्यताओं, मूल्यों और प्राथमिकताओं पर निर्भर करते हैं। भव्य शादियों में बहुत अधिक खर्च होता है। सादगी से शादी करने पर आप पैसे बचा सकते हैं और उन्हें भविष्य के लिए निवेश कर सकते हैं। सादगी से शादी करने पर आपका ध्यान दिखावे की बजाय उन लोगों पर होता है जो आपके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं-आपका परिवार और करीबी दोस्त। जरूरी नहीं कि भव्य शादियां ही यादगार हों। सादगी से शादी करने पर आप उन पलों को अधिक महत्व देते हैं जो वास्तव में मायने रखते हैं, जिससे यह अनुभव और भी यादगार बन जाता है। कई बार भव्य शादियों में लोग दूसरों को खुश करने या सामाजिक दबाव में आकर अपनी पहचान खो देते हैं। सादगी से शादी करने पर आप अपनी पसंद और प्राथमिकताओं के अनुसार निर्णय ले सकते हैं। कुल मिलाकर, सादगी से शादी करना आपकी जीवनशैली, मूल्यों और भविष्य की योजनाओं के अनुरूप होना चाहिए। नीरज चोपड़ा की शादी के बहाने याद आ रही है विराट कोहली और हरभजन सिंह की शादियां। इन दोनों की शादी रिसेप्शन में बहुत बड़ी तादाद में मेहमान पहुंचे थे। हालांकि इनके विवाह के बाद कुछ लोगों ने कहा था कि इन्हें शादी में पैसे की बर्बादी से बचना चाहिए था। क्या सेलिब्रेटी सादगी से जीवन बिता ही नहीं सकते? आखिर आप लाखों-करोड़ों लोगों के रोल मॉडल हैं। आखिर हमारे इधर शादियों में इतने पैसे की बर्बादी क्यों होने लगी है। मिडिल क्लास परिवारों की शादियों में भी 30-35 लाख रुपया एक पक्ष का खर्च होने लगा है। कायदे से देखा जाए तो सामाजिक-धार्मिक-राजनीतिक नेताओं को शादियों में होने वाली फिजूलखर्जी पर रोक के खिलाफ आगे आना चाहिए। बेशक,विवाह समारोह के खिलाफ कोई भी नहीं होगा। विवाह समारोह तो खुशी के लिए होता है। पर इसके खर्च में तो कटौती होनी चाहिए। शादी में कर्ज लेकर केवल खुशी के नाम पर पानी की तरह पैसा खर्च करना समझदारी नहीं है। यह सभ्य समाज की निशानी नहीं मानी जा सकती। जहां शादियों में फिजूलखर्जी लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं ज्यादा से ज्यादा दहेज देने का सिलसिला भी चल रहा है। इस पर किसी तरह की कोई लगाम नहीं लग रही है। कुछ इस तरह की खबरें मीडिया में आती रहती हैं कि किसी युवती ने उस बारात को लौटाया जो वहां वधू पक्ष से दहेज की मांग कर रहा था। पर कुल मिलाकर हालात कोई बहुत बेहतर नहीं हैं। 1961 में दहेज लेना और देना दोनों को कानूनन अपराध माना गया। मगर आज भी दहेज की मांग की जाती है। कुछ लड़के डिमांड करते हैं, तो कुछ उसके परिवार वाले। कुछ साल पहले तक लग रहा था कि दहेज लेने-देने का चलन खत्म हो जाएगा। अफसोस कि नए दौर के नौजवान भी दहेज लेने-देने से बाज नहीं आ रहे। प्रेम विवाहों में भी दहेज लिया-दिया जा रहा है। अब तो छोटे शहरों की शादियों पंडालों के बाहर ही आप नई चमचमाती कार को देख सकते हैं,जो खड़ी की गई होती है वधू पक्ष की तरफ से दूल्हें को देने के लिए। बहरहाल , नीरज चोपड़ा ने एक सादगी से विवाह करके एक उदाहरण तो पेश किया है। उम्मीद करनी चाहिए कि उनके इस शानदार कदम से बहुत से नौजवान प्रभावित होकर सादगी से विवाह करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जो अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित
दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित
प्रेरणा

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तूझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## सटाका




## आज की पाती

### जनप्रतिनिधियों को वेतन पेंशन देने का औचित्य

भारत एक गौरवशाली लोकतांत्रिक गणराज्य है, जो इस माह अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। हालांकि, विषय विचारणीय है कि संविधान में उल्लेखित आदर्श और सिद्धांत, जिनका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करना था, उनके अर्थों को समय-समय पर स्वहित में तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति भी उतनी ही पुरानी हो गई है। लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन इस विश्वास के साथ करती है कि वे उनके अधिकारों और कल्याण के लिए कार्य करेंगे। इन्हें जनसेवक कहा जाता है, लेकिन व्यवहार में इनका कार्य सेवा से अधिक 'सुविधा और लाभ' की ओर झुका हुआ है।

- विवेक जोशी, दुर्ग

## करंट अफेयर

# सेना में भर्ती के लिए युवाओं को आकर्षित कर रहा यूक्रेन

यूक्रेन में राष्ट्रपति कार्यालय में हाल में नियुक्त युद्धक्षेत्र कमांडर ने कहा है कि देश अपनी युद्ध क्षमता को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 18 से 25 साल के युवाओं को आकर्षित करने के लिए भर्ती सुधार प्रक्रिया के अंतिम चरण में है। राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख कर्नल पावलो पालिसा ने पद संभालने के बाद विदेशी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन नए भर्ती विकल्प तलाश रहा है, क्योंकि सोवियत काल से विरासत में मिली वर्तमान भर्ती प्रणाली प्रगति में बाधा बन रही है। हालांकि यूक्रेन ने पिछले साल कानून पारित कर भर्ती की आयु 27 वर्ष से घटाकर 25 वर्ष कर दी थी, लेकिन इन उपायों का उतना प्रभाव नहीं पड़ा है, जितना कि रूस से युद्ध में सैनिकों की संख्या बढ़ाने या युद्ध के मैदान में हुई क्षति की भरपाई करने के लिए आवश्यक था। पालिसा के अनुसार यूक्रेन एक योजना पर काम कर रहा है, जिसमें वित्तीय प्रोत्साहन, प्रशिक्षण की गारंटी और सैनिकों व उनके कमांडरों के बीच संवाद सुनिश्चित करने के उपाय शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य मुख्य रूप से 18 से 25 वर्ष के युवाओं को आकर्षित करना है, जिन्हें फिलहाल सैन्य सेवा से छूट प्राप्त है।



## ऑफ बीट

# युद्ध घातक सूक्ष्मजीवों को बढ़ाने का काम करता है

इजराइल और हमास के बीच हाल ही में हुए युद्धविराम समझौते के बावजूद गाजा में युद्ध ने कई तरीके से अपने निशान छोड़े हैं। एक पहलू यह भी है कि कैसे अराजकता रोगाणुरोधी प्रतिरोध को बढ़ाने में सहायक साबित होती है। इस स्थिति में यह सूक्ष्मजीव उन दवाओं का सामना करने के काबिल हो जाते हैं, जिन्हें इन सूक्ष्मजीवों को मारने के लिए बनाया गया था। ये सूक्ष्मजीव 'सुपरबग' में बदल जाते हैं, जो पहले प्रभावी उपचारों को अप्रभावी बना देते हैं और वे संक्रमण, जिससे आप अतीत में उबर चुके हैं उसे घातक बना देते हैं। हम पहले ही गाजा और दुनिया भर के अन्य संघर्ष क्षेत्रों में रोगाणुरोधी प्रतिरोध के उदाहरण देख चुके हैं। रोगाणुरोधी प्रतिरोध वैश्विक स्तर पर एक बढ़ती हुई समस्या है। यह न केवल मानव स्वास्थ्य, बल्कि कृषि, खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्थाओं को भी खतरे में डालती है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध का प्रबंधन जटिल है और इसके संक्रमण को रोकने, रोगाणुरोधी एजेंटों के उपयोग पर सीमाएं और मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सहित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली होती है बाधित सशस्त्र संघर्ष स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को तबाह कर देते हैं। ऐसे संघर्ष अक्सर सीमित संसाधनों वाली जगहों पर होते हैं।



## ट्रेंड

### स्थापना दिवस की बधाई



उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के सभी भाई-बहनों को ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति में अनगिनत पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंडों की साक्षी रही यह पावन धरती पिछले आठ वर्षों से विकास के नित-नए अध्याय रचने में जुटी है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बीजेपी अपना विजन बताए



अमित शाह से मेरा निवेदन है कि जो आम आदमी पार्टी की दिल्ली में पहले से लागू योजनाएं हैं जैसे फ्री बिजली/पानी, उनका फिर से बीजेपी के संकल्प पत्र में ऐलान मत कर देना प्लीज़। बीजेपी का अपना क्या प्लान और विज़न है, वो बताना।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### सरकार की प्रतिबद्धता



जीवन-घातक आपात स्थिति के रूप में, स्ट्रोक को तत्काल चिकित्सा ध्यान देने की आवश्यकता होती है। स्ट्रोक यूनिट नेटवर्क के विस्तार का सरकार का निर्णय सार्वजनिक स्वास्थ्य और गंभीर देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी

### रामायण का प्रसंग



हाल ही में राज्य नेता ने रामायण के एक प्रसंग के ऊपर जो नया संस्करण बताया उसके तथ्य को ढूंढने की बहुत कोशिश की पर कोई प्रमाण नहीं मिला, इसीलिये महत्वपूर्ण हो गया है कि पाठ्यक्रम के माध्यम से सही मार्गदर्शन दिया जाए।

- सुनील लहरी, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com






भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे ने बनाया स्पेशल प्लान

# 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का मौनी अमावस्या पर स्नान करने का अनुमान

**मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में आने-जाने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के भीड़ प्रबंधन के लिए प्रयागराज रेल मंडल ने स्पेशल प्लान बनाया है। इसके लिए रेलवे स्टेशन के बाहर खुसरो बाग में अतिरिक्त होल्डिंग एरिया और भीड़ नियंत्रण के लिए आरपीएफ और सिविल पुलिस ने मिलकर योजना तैयार कर ली है**



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज




तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आयोजन दिव्य और भव्य तरीके से हो रहा है। देशभर से लाखों, करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन त्रिवेणी संगम में स्नान करने प्रयागराज आ रहे हैं। महाकुंभ का सबसे बड़ा अमृत स्नान 29 जनवरी, मौनी अमावस्या की तिथि पर किया जाएगा। इस दिन 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पवित्र संगम में स्नान करने का अनुमान है।

मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में आने-जाने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के भीड़ प्रबंधन के लिए प्रयागराज रेल मंडल ने स्पेशल प्लान बनाया है। इसके लिए रेलवे स्टेशन के बाहर खुसरो बाग में अतिरिक्त होल्डिंग एरिया और मॉब चैनलाइजेशन के लिए आरपीएफ और सिविल पुलिस ने मिलकर योजना तैयार कर ली गई है। इससे पहले मकर संक्रांति के पर्व पर 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया।

एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को एक बार में ठहराएंगे

स्टेशन में बने कलर कोटेड आश्रय स्थलों में पहुंचाएंगे

### खुसरो बाग में होल्डिंग एरिया तैयार कर लिया गया है

प्रयागराज रेल मंडल के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि मौनी अमावस्या तिथि पर भीड़ प्रबंधन के लिए प्रयागराज रेलवे ने स्पेशल प्लान तैयार किया है। श्रद्धालुओं की भीड़ को मैनेज करने और उनके विश्राम के लिए स्टेशन परिसर से बाहर खुसरो बाग में होल्डिंग एरिया तैयार कर लिया गया है, जिसमें एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को एक बार में ठहराया जा सकेगा। खुसरो बाग होल्डिंग एरिया के अतिरिक्त आरपीएफ और सिविल पुलिस ने मिलकर मौनी अमावस्या के दिन भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष योजना बनाई है।

### स्टेशन परिसर के बाहर करेंगे प्रबंधन


सीनियर पीआरओ ने बताया कि मेले से लौटने वाले श्रद्धालुओं को स्टेशन परिसर में आने से पहले रूट डायवर्ट करके खुसरो बाग होल्डिंग एरिया में ठहराया जाएगा। यहां से यात्रियों को उनके गंतव्य स्टेशन की दिशावार रेलवे स्टेशन में बने कलर कोडेड आश्रय स्थलों में पहुंचाया जाएगा। जहां से यात्रियों को कलर कोडेड टिकटों के माध्यम से उनके गंतव्य स्टेशन की ट्रेनों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि बिना भगदड़ और भ्रम के यात्रियों को सही ट्रेन से उनके गंतव्य स्टेशनों तक रवाना किया जा सके। स्टेशन परिसर के बाहर अतिरिक्त होल्डिंग एरिया निर्माण इसलिए ही किया गया है कि भीड़ के अतिरिक्त दबाव को स्टेशन परिसर के बाहर ही मैनेज किया जा सके।

### मुफ्त में बॉक्स बेड मिल रहे

अमेजन इंडिया ने महाकुंभ समीति की सहायता से एक पहल की शुरुआत की है, जिसका नाम है 'आपकी सुविधा के लिए, आराम की डिलीवरी, अमेजन - डिब्बों से बढ़कर।' इसके तहत महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को अमेजन द्वारा तैयार किए गए बॉक्स बेड मुफ्त में दिए जा रहे हैं, ताकि सर्दियों के मौसम में उन्हें आरामदायक नींद मिल सके और उनकी महाकुंभ यात्रा बिना किसी परेशानी के पूरी हो सके। ये बेड महाकुंभ मेले में व्यापक रूप से वितरित किए जा रहे हैं। इनमें से एक बड़ा हिस्सा खोया-पाया केंद्र को आवंटित किया गया है, जहां जरूरतमंद लोगों की सहायता की जाएगी। अमेजन की यह खूबसूरत पहल सच में 'डिब्बों से बढ़कर' है, क्योंकि यह विशेष रूप से सबकी सुविधा और आराम के लिए है।




### महाकुंभ में 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन



महाकुंभ आने वालों के लिए आकर्षण का केंद्र शिवालय पार्क है। एक ही जगह पर 12 ज्योतिर्लिंग और सभी बड़े शिवालय के दर्शन हो रहे हैं। काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिकृति भी यहां बनाई गई है। यह पार्क पूरी तरह से स्क्रैप से तैयार किया गया है। इसरो की सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों में भी दिखता है। पार्क अरैल की तरफ बना है। नगर निगम ने इस पर 17 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। 300 टन से अधिक लोहे का कबाड़ इसमें लगा है। शहर के अलावा अन्य जगहों से भी कबाड़ खरीदा गया है। 11 एकड़ में तैयार हुआ पार्क कबाड़ से तैयार पार्क के बारे में यहां के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर सचिन सिंह ने बताया कि शिवालय पार्क बनाने में गाड़ियों के स्पेयर पार्ट को शामिल किया गया है। इसमें कुल 12 ज्योतिर्लिंग के साथ ही कुल 22 मोमेंटो हैं। इसमें त्रिशूल- डमरू और कैलाश आदि हैं। इसमें इंडिया के नक्शे पर लोग बोटिंग कर रहे हैं।

### ममता कुलकर्णी बनी सन्यासी, ली दीक्षा



बॉलीवुड अभिनेत्री रह चुकी ममता कुलकर्णी ने महाकुंभ पहुंचकर संन्यासी बन चुकी हैं। यहां उन्होंने संन्यास की दीक्षा ली और किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर बनाई गई हैं। ममता कुलकर्णी का किन्नर अखाड़े ने पट्टाभिषेक कर उन्हें महामंडलेश्वर की उपाधि दी है। इससे वह अखाड़े की साध्वी के रूप में जानी जाएंगी। उनका नाम अब श्री यामिनी ममता नंद गिरि होगा। इसके पहले उन्होंने बताया कि साध्वी बनने के बाद वे संगम, काशी और अयोध्या की यात्रा करेंगी।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने आयरलैंड के पीएम मार्टिन को दी बधाई



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आयरलैंड के पीएम का पदभार ग्रहण करने पर माइकल मार्टिन को बधाई दी। संसद में मतदान के बाद गुरुवार को माइकल मार्टिन को दूसरे कार्यकाल के लिए आयरलैंड गणराज्य के पीएम के रूप में चुना गया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि आयरलैंड के पीएम का पदभार ग्रहण करने पर माइकल मार्टिन को बधाई। साझा मूल्यों और लोगों के बीच गहरे जुड़ाव की मजबूत नींव पर आधारित हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति नहीं जाएंगे पाकिस्तान



**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोलो सुबियंतो देश के 76वें गणतंत्र दिवस में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर गुरुवार रात नई दिल्ली पहुंचे, जहां पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गरेटा ने किया। इसके बाद वे पाकिस्तान की यात्रा करने वाले थे। भारत की सलाह के बाद वे नई दिल्ली की यात्रा के बाद पाकिस्तान नहीं जा रहे हैं। अब वह 26 जनवरी के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मलेशिया की यात्रा पर रवाना होंगे। यह भारत की कूटनीतिक जीत है।

### शार्ली एब्दो पर हमला करने वाले को 30 साल की जेल

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस की एक अदालत ने गुरुवार 23 जनवरी को एक पाकिस्तानी शख्स को 30 साल की जेल की सजा सुनाई है। 29 वर्षीय जहीर महमदूद ने साल 2020 में मशहूर फ्रांसीसी व्यंग्य पत्रिका शार्ली एब्दो के पूर्व दफ्तर के बाहर मीट काटने वाले चाकू से दो लोगों की हत्या करने की कोशिश की थी। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी मूल का यह शख्स साल 2019 में अवैध रूप से फ्रांस पहुंचा था। महमूद ने जब हमला किया तो उसे लगा था कि व्यंग्य पत्रिका का दफ्तर अभी भी उसी इमारत में स्थित है, जिसे एक दशक पहले पैगंबर मोहम्मद के कार्टून के लिए इस्लामिक आतंकवादियों ने निशाना बनाया था।

### डोनाल्ड ट्रंप की शपथ में कैसे आया खालिस्तानी आतंकी पन्नू

विदेश मंत्रालय ने जताया ऐतराज कहा

# ऐसे मामले उठाते रहेंगे जिनका असर हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर

*अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए सीमा पर बाड़ लगाना जरूरी है।*

*द्विपक्षीय हितों के सभी मुद्दों पर चीन से चर्चा की*

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंध बहुत मजबूत और बहुआयामी हैं। दोनों देशों के आर्थिक संबंध बहुत खास हैं। हमने व्यापार से संबंधित किसी भी मामले पर चर्चा करने के लिए अमेरिका और भारत के बीच तंत्र स्थापित किए हैं। हमारा दृष्टिकोण हमेशा से मुद्दों को रचनात्मक तरीके से हल करने का रहा है, जो दोनों देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए हो। हम अमेरिकी प्रशासन के साथ करीबी संपर्क में हैं*

अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों को वापस लाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ समारोह में खालिस्तानी आतंकी पन्नू की मौजूदगी पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि भारत इस मसले को अमेरिका के सामने उठाएगा। जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि जब भी कोई भारत विरोधी गतिविधि होती है तो हम अमेरिकी सरकार के समक्ष इस मामले को उठाते हैं।

हम अमेरिकी सरकार के समक्ष ऐसे मामले उठाते रहेंगे जिनका हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर पड़ता है और जिनका भारत विरोधी एजेंडा है। उनकी यह प्रतिक्रिया खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में कथित तौर पर देखे जाने के बाद आई है। बता दें कि 20 जनवरी (सोमवार) को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू, जिसके पास कनाडा और अमेरिका की दोहरी नागरिकता है, को देखा गया था। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि खालिस्तानी आतंकवादी को इस कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया था और उसने किसी संपर्क के माध्यम से टिकट खरीदे थे।

### भारत-अमेरिका संबंध बहुत मजबूत और बहुआयामी



### विदेश सचिव जाएंगे चीन

विदेश सचिव विक्रम मिसरी चीन की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा 26-27 जनवरी को होने जा रही है। विदेश सचिव चीन में अपने समकक्ष उप मंत्री से मुलाकात करेंगे, जहां द्विपक्षीय हितों के सभी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह बैठक कजान में पीएम मोदी और चिनफिंग के बीच बनी समझ से आगे बढ़ी है। इसके बाद विशेष प्रतिनिधि स्तर और विदेश मंत्री स्तर की बैठकें भी हो चुकी हैं। विदेश सचिव की बैठक में आपसी हितों के सभी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### भारत अमेरिकी प्रशासन के साथ करीबी संपर्क में

अमेरिका संबंध बहुत मजबूत और बहुआयामी हैं। दोनों देशों के आर्थिक संबंध बहुत खास हैं। हमने व्यापार से संबंधित किसी भी मामले पर चर्चा करने के लिए अमेरिका और भारत के बीच तंत्र स्थापित किए हैं। हमारा दृष्टिकोण हमेशा से मुद्दों को रचनात्मक तरीके से हल करने का रहा है, जो दोनों देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए हो। हम अमेरिकी प्रशासन के साथ करीबी संपर्क में हैं।

### समझौते के अनुसार हो रही बाड़बंदी

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पर बाड़ लगाने के लिए कई समझौते हुए हैं। अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए सीमा पर बाड़ लगाना जरूरी है। भारत ने कहा कि बाड़ लगाने के समझौतों का सकारात्मक पालन हो। सीमा पर की जा रही बाड़बंदी समझौतों के अनुसार की जा रही है।

### भारत अवैध आव्रजन के खिलाफ

जायसवाल ने कहा कि भारत अवैध आव्रजन के खिलाफ है, क्योंकि अवैध आव्रजन संगठित अपराध से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका समेत किसी भी जगह निर्धारित समय से अधिक और बिना उचित दस्तावेज के रहने वाले भारतीय नागरिकों को हम वापस लाएंगे। मगर शर्त यह है कि उनकी राष्ट्रीयता को सत्यापित करने वाले आवश्यक दस्तावेजों को हमारे साथ साझा किया जाए।

### ट्रंप को अमेरिकी कोर्ट से बड़ा झटका

## बर्थराइट सिटिजनशिप खत्म करने के ऑर्डर पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने बर्थराइट सिटिजनशिप को समाप्त करने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर साइन किया था। 20 फरवरी के बाद ऐसे लोगों के लिए नागरिकता का रास्ता बंद हो जाने का डर था, जिनको माता-पिता के अमेरिकन न होने के बावजूद जन्म के आधार पर अमेरिका की नागरिकता मिल जाती थी। हालांकि, कोर्ट ने ट्रंप के आदेश को स्पष्ट रूप से 'असंवैधानिक' करार दिया। बर्थराइट सिटिजनशिप पर ट्रंप के फैसले के खिलाफ डेमोक्रेट्स के नेतृत्व वाले चार राज्यों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मामले की सुनवाई के बाद यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जॉन कॉफनर ने ट्रंप को इस आदेश को लागू करने से रोक दिया। कोर्ट ने एक आदेश में ट्रंप के ऑर्डर पर अस्थायी रूप से रोक लगाई है। ट्रंप 20 जनवरी को अपने दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी, और तभी उन्होंने बर्थराइट से संबंधित नागरिकता के नियमों को समाप्त करने का आदेश जारी किया था।

### आदेश का किस पर पड़ता असर?

डोनाल्ड ट्रंप का आदेश 20 फरवरी से लागू होना था। फेडरल जज का आदेश डेमोक्रेट्स के नेतृत्व वाले राज्यों और सिविल राइट्स ग्रुप्स की याचिका पर आया, जिसमें ट्रंप के कार्यकारी आदेश को चुनौती दी गई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को शपथ लेने के बाद अमेरिकी एजेंसियों से ऐसे बच्चों की नागरिकता स्वीकार नहीं करने का आदेश दिया था, जिनके न तो माता और ना ही पिता अमेरिकी नागरिक हों।

### क्रिप्टोकरंसी पर ट्रंप का बड़ा फैसला

## रेगुलेट करने के लिए आतंरिक समूह बनाने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई और अहम फैसलों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। ट्रंप ने क्रिप्टोकरंसी से जुड़े एक कार्यकारी आदेश (ईओ) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका शीर्षक है 'डिजिटल वित्तीय प्रौद्योगिकी में अमेरिकी नेतृत्व को मजबूत करना'। इसके तहत क्रिप्टोकरंसी के लिए एक आंतरिक कार्यकारी समूह बनाने का आदेश दिया गया है। इस कार्यकारी समूह की जिम्मेदारी अमेरिका को दुनिया में क्रिप्टो की राजधानी बनाने की होगी। अब अमेरिका में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के निर्माण और इसे जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया।

### 538 अवैध प्रवासी गिरफ्तार



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों ने 538 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया है और सैन्य विमान का उपयोग करके सैकड़ों को निर्वासित किया है। अवैध अप्रवासी अपराधियों में एक संदिग्ध आतंकवादी, ट्रेन डी अरागुआ गिरोह के चार सदस्य और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के दोषी कई अवैध अपराधी शामिल हैं।

### सेना की निर्णय प्रणाली को मिलेगी जानकारी

## खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा संजय



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 'संजय – युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली (बीएसएस)' को हरी झंडी दिखाई। संजय एक स्वचालित प्रणाली है, जो सभी जमीनी और हवाई युद्धक्षेत्र सेंसर से जानकारी को एकीकृत करती है और उन्हें सुरक्षित सेना डेटा नेटवर्क और सैटेलाइट संचार नेटवर्क पर युद्धक्षेत्र की निगरानी परिदृश्य बनाने के लिए संबद्ध करती है।

### स्वदेशी रूप से विकसित किया गया

रक्षा मंत्रालय के अनुसार 'युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली-संजय' युद्धक्षेत्र की पारदर्शिता को बढ़ाएगा और एक केंद्रीकृत वेब एप्लिकेशन के माध्यम से भविष्य के युद्धक्षेत्र में बदलाव करेगा। यह कमांड और सेना मुख्यालय और भारतीय सेना निर्णय प्रणाली को जानकारी प्रदान करेगा। इसे भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से और संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

### स्वदेशी प्रौद्योगिकी के साथ ब्लू इकोनॉमी को मिलेगा बढ़ावा

# डीप ओशन मिशनः इस वर्ष लॉन्च होगी मानव पनडुब्बी

*शुरू में 500 मीटर की गहराई पर काम करेगी पनडुब्बी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत समुद्र के अंदर अपने पहले मानव चालित सब-मर्सिबल को तैनात करने की तैयारी कर रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने पृथ्वी भवन में डीप ओशन मिशन संचालन समिति की बैठक में कहा कि इस वर्ष 500 मीटर तक की गहराई के लिए तैयार सब-मर्सिबल को लांच कर दिया जाएगा। अगले वर्ष इसकी पहुंच छह हजार मीटर तक करने की योजना है। डीप ओशन मिशन का उद्देश्य जलीय संसाधनों का पता लगाना और देश की समुद्री अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य ऐसी दुर्लभ धातुओं और समुद्री जैव-विविधता का पता लगाना भी है जिनके आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभाव है।

- इस योजना से भारत विश्व के छह चुनिंदा देशों में शामिल



### आर्थिक वृद्धि और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू किया गया डीप ओशन मिशन, स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से उनके द्वारा दो बार उजागर किया गया। मिशन में महत्वपूर्ण खनिजों, दुर्लभ धातुओं और अज्ञात समुद्री जैव विविधता सहित वृहद संसाधनों को खोलने की इसकी क्षमता को चिन्हित किया, जो देश की आर्थिक वृद्धि और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**अगले साल 6000 मीटर की गहराई तक पहुंचेगी**

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शुरुआती पनडुब्बी 500 मीटर की गहराई पर काम करेगी, और अगले साल तक 6,000 मीटर की आश्चर्यजनक गहराई तक पहुंचने का लक्ष्य है। यह उपलब्धि भारत के अन्य ऐतिहासिक मिशनों की समय सीमा के साथ तालमेल रखेगी। इसमें गगनयान अंतरिक्ष मिशन भी शामिल है, जो वैज्ञानिक उत्कृष्टता की ओर देश की यात्रा में एक 'सुखद संयोग' को दर्शाता है।*

## नर्सिंग काउंसिल के आफिस से सीसीटीवी फुटेज व दस्तावेज गायब होने का मामला

# हाई कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर व साइबर सेल को सौंपी जांच

जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी व न्यायमूर्ति अचल कुमार पालीवाल की युगलपीठ ने नर्सिंग काउंसिल के आफिस से सीसीटीवी फुटेज और दस्तावेज गायब होने के मामले में सख्ती बरती है। इसके अंतर्गत पुलिस कमिनश्नर, भोपाल और साइबर सेल को जांच के निर्देश दे दिए हैं। उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है कि काउंसिल के कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज पुनः रिट्रीव करने हर संभव प्रयास करें। यदि आवश्यक लगे तो काउंसिल आफिस के आसपास लगे कैमरों की रिकार्डिंग देखकर पता लगाएं कि आफिस से क्या-क्या बाहर ले जाया गया है। साइबर सेल को तत्कालीन रजिस्ट्रार के मोबाइल फोन के टावर लोकेशन के बारे में भी जानकारी एकत्र करने के भी निर्देश दिए है। ऐसा इसलिए ताकि 13 से 19 दिसंबर, 2024 की अवधि के दौरान परिषद के कार्यालय में उनकी भौतिक उपलब्धता का पता चल सके।नर्सिंग फर्जीवाड़े मामले में ला स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल



बघेल की जनहित याचिका के साथ सभी अन्य नर्सिंग मामलों की सुनवाई हुई। विगत सुनवाई में हाई कोर्ट ने मप्र नर्सिंग काउंसिल आफिसर के 13 दिसंबर से 19 दिसंबर, 2024 तक की अवधि के सीसीटीवी फुटेज संरक्षित कर बंद लिफाफे में पेश करने के निर्देश जारी किए गए थे। सुनवाई के दौरान हाइ कोर्ट में दस्तावेज पेश कर अवगत कराया गया कि काउंसिल से 11 से 16 दिसंबर के सीसीटीवी फुटेज गायब हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि हाई कोर्ट ने जब 12 दिसंबर को तत्कालीन रजिस्ट्रार को हटाने के आदेश दिए थे उसके बाद उनके द्वारा अपने कार्यकाल में की गई अनियमितताओं से संबंधित फाइलें 14 दिसंबर को गायब की गई हैं और सहयोगियों के साथ मिलकर सीसीटीवी फुटेज भी डिलीट किए गए हैं।

याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में आवेदन पेश कर तत्कालीन रजिस्ट्रार अनीता चांद पर यह भी आरोप लगाया है कि उनके द्वारा ग्वालियर के अनेकों ऐसे नर्सिंग कालेजों के सत्र 2022-23 के छात्रों के नामांकन अवैध रूप से जारी किए गए हैं। जिन कालेजों की सीबीआई जांच रिपोर्ट में सत्र 2022-23 में एक भी छात्र प्रवेश लेना नहीं पाए गए हैं, लेकिन उसके बावजूद तत्कालीन रजिस्ट्रार द्वारा कालेजों से मिलीभगत कर सीबीआइ रिपोर्ट को दरकिनार कर बैकडेट पर फर्जी तरीके से प्रवेशित दर्शाए गए छात्रों के इनरोलमेंट के लिए पोर्टल खोला गया। हाई कोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल को एनरोलमेंट संबंधी फाइलें में पेश करने के निर्देश भी दिए हैं।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई

## शांतम प्रज्ञा आश्रम में अर्पित की पुष्पांजलि

**जबलपुर।** भारत के प्रथम राष्ट्र अध्यक्ष, माँ भारती के वीर सपूत, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, आजाद हिन्द फ़ौज के संस्थापक, "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा" उद्घोष के साथ युवाओं को स्वाधीनता के लिए प्रोत्साहित करने वाले नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पर राष्ट्रगान के साथ पराक्रम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुभाषचंद्र बोस के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम के संचालक क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने आश्रम में उपचार ले रहे नशा पीड़ितों, मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं दिव्यांगजनों को भारत की आजादी में सुभाषचंद्र बोस के महत्वपूर्ण योगदान और बलिदान के विषय में विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि सुभाष जी का जबलपुर से पुराना रिश्ता रहा है, अंग्रेजों के शासन के समय सुभाषचंद्र बोस जबलपुर स्थित केंद्रीय कारागृह (सेन्ट्रल जेल) में कैद रहे। 1939 के त्रिपुरी अधिवेशन जिसमें नेताजी सुभाषचंद्र बोस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रत्याशी पट्टाभि सीतारमैया को पराजित कर अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए थे। तत्पश्चात गांधी जी और नेहरू जी और कांग्रेस की नीतियों में मतभेद होने के कारण कांग्रेस से त्याग पत्र देकर 1943 में जापान के साथ मिलकर आज़ाद हिन्द फौज सरकार की स्थापना कर अंग्रेजों से सीधे युद्ध का रास्ता चुना, जिसे 9 देशों की सरकारों ने मान्यता दी थी जिसमें जर्मनी, जापान और फिलीपींस भी शामिल थे। यही नहीं सुभाषचंद्र बोस ने जर्मनी में 'आजाद हिंद फौज' नाम से रेडियो स्टेशन भी शुरू किया था, बोस ने पूर्वी एशिया में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व भी किया था, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज़ाद हिंद सरकार को जर्मनी, जापान, फ़िलिपींस, कोरिया, चीन, इटली, आयरलैंड समेत नौ देशों ने मान्यता दी थी। नेताजी आज़ाद हिंद सरकार के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री थे। नेताजी ने अंडमान-निकोबार द्वीपों का नाम बदलकर शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप रखा था।

नेताजी ने 'जय हिंद' का नारा दिया था, जो आज भारत का राष्ट्रीय नारा है। हम सभी को सुभाष चंद्र बोस के विचारों को आत्मसात कर नशा एवं मानसिक रोग से मुक्त होकर नये भारत के निर्माण में अपना योगदान देना होगा। इस अवसर पर संस्था सचिव दिलीप श्रीवास, डॉ. आज़ाद कुशवाहा, संचालक मुकेश कुमार सेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आधुनिक तकनीकों द्वारा निवेश पर दिया व्याख्यान

**जबलपुर।** मुख्यालय मध्यभारत एरिया के तत्वावधान में प्रौद्योगिकी के दौर में निवेश विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। यह आयोजन मुख्यालय मध्यभारत एरिया द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों में से एक था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी रैंकों और उनके परिवारों को मूल्यवान जानकारी प्रदान करना और उन्हें आज के तेज़ गति वाले बाज़ार में निवेश रणनीतियों, अवसरों और जोखिमों पर तकनीकी प्रगति के विभिन्न प्रभावों को समझाना था।

यह व्याख्यान अशिष जैन, एक प्रसिद्ध वित्त और तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा प्रस्तुत किया गया,



जिन्होंने बताया कि कैसे आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस , ब्लॉकचेन और डेटा विश्लेषण जैसी नवाचार निवेश जगत को बदल रहे हैं। प्रतिभागियों ने परिवर्तित हो रहे निवेश वातावरण को समझने और नई तकनीकों का उपयोग कर सूचित और रणनीतिक निर्णय लेने के लिए गहरी जानकारी प्राप्त की।

श्रीमती राजलक्ष्मी शेखावत, जोनल अध्यक्ष एडब्ल्यूडब्ल्यूए, मध्यभारत एरिया ने इस तरह के व्याख्यानों के महत्व पर प्रकाश डाला।

## अब राकेश सिंह करेंगे जबलपुर में ध्वजारोहण

**जबलपुर।** संस्कारधानी में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के लिए सामान्य प्रशासन विभाग मध्यप्रदेश द्वारा तीसरी बार संशोधित आदेश जारी किया गया है। अब लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह जबलपुर के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। गौरतलब है कि पहले जिले के पहले प्रभारी मंत्री और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ध्वजारोहण करने वालें थे, फिर बाद में आदेश संशोधित हुआ के कलेक्टर दीपक सक्सेना ध्वजारोहण करेंगे। इस बीच शुक्रवार को नया आदेश जारी हुआ है जिसके तहत लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह जो पहले छिंदवाड़ा में ध्वजारोहण करने वालें थे वे अब जबलपुर में ध्वजारोहण कर संदेश का वाचन करेंगे।




## कर्मचारी कांग्रेस का प्रांतीय कैलेंडर का विमोचन

**जबलपुर।** म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस का प्रांतीय कैलेंडर का विमोचन शुक्रवार को सिविक सेंटर में पत्रकार संजय साहू, शुभम शुक्ला, सुधीर खरे ने किया। संगठन के प्रांतीय महामंत्री रजनीश पटेल ने बताया कि म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस के कैलेंडर में संगठन की वार्षिक गतिविधियों समेत शासकीय अवकाशों का समावेश रहता है। संगठन हमेशा कर्मचारियों के हित के लिए तत्पर रहता है। प्रदेश संरक्षक वीरेन्द्र खोंगल के नेतृत्व में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन किए जा रहे है। विमोचन अवसर पर प्रवीण सोनी, दिलीप सेन,रामेश्वर दुबे, संजय कुशवाहा, प्रशांत केवट, जितेन्द्र दुबे, गुलाम उर्फ बब्लू सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मानकुंवर बाई कालेज की छात्राओं ने एथलेटिक्स में दिखाई प्रतिभा

**जबलपुर।** शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन "उमंग 2025 परंपरा एवं प्रगति का मेल" प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल के निर्देशन एवं स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. जगिन्दर कौर गुजराल तथा डॉ. सुनीता मिश्रा एवं डॉ. ज्योति जाट के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। 24 जनवरी को पांचवें दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में शारीरिक शिक्षण विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जाट द्वारा 50 मीटर, 100 मी., 200 मी., 400 मी., भाला फेंक, तवा फेंक, गोला फेंक, स्लो साइकल, थ्री स्टेप दौड़, कंचा खेलों में छात्राओं की रुचि को जाग्रत करने एवं खेलों में आगे बढ़ाना जिससे आगे चलकर यही छात्राएं शहर और देश का नाम रोशन करें ।



## टीबी हारेगा देश जीतेगा संबंधी नुक्कड़ नाटक आयोजित

**जबलपुर।** पमरे हाई स्कूल लोको तलैया जबलपुर में 100 दिवसीय सघन निक्षय शिविर अभियान के तहत बच्चों,शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए टीबी जागरूकता हेतु एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन स्कूल प्रांगण में डॉ निर्मला गुप्ता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जबलपुर तथा डॉ संतोष सिंह ठाकुर जिला क्षय अधिकारी जबलपुर के निर्देशन में तथा डॉ संदीप चौहान एवं डॉ गुंजन यादव मंडल चिकित्सा अधिकारी जबलपुर मंडल के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें जितेन्द्र नागर प्रधानशिक्षक की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। परिवार कल्याण चिकित्सा विभाग जबलपुर मंडल एवं जिला टीबीविभाग के समन्वय से नुक्कड़ नाटक के द्वारा बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के समक्ष स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं अन्य के सहयोग से टीबी के लक्षण,इलाज एवं जाँच सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं को अभिनय के माध्यम से सरल भाषा में बेहतरीन जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम से 150 से अधिक बच्चे,शिक्षक एवं अभिभावक लाभान्वित हुए एवम सभी को टीबी उन्मूलन हेतु शपथ दिलायी गयी I

## बिजली मुख्यालय में एमडी करेंगे ध्वजारोहण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश की बिजली कंपनियों के मुख्यालय में 76 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी पाण्डुताल मैदान में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे।

# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर।** न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत, मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व एवं न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, कार्यपालक अध्यक्ष म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में नालसा-बच्चों के लिये मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, 2024 के अंतर्गत बाल अधिकार एवं विधिक सेवा संबंधी गतिविधियों का प्रचार-प्रसार किये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर कार्यालय में किया गया।

उक्त चित्रकला प्रतियोगिता में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, उच्च न्यायालय



जबलपुर, राज्य न्यायिक अकादमी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के कर्मचारीगणों के नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक अध्ययनरत बालक-बालिकाओं द्वारा भाग लिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण संरक्षण, बाल-अधिकार एवं विधिक सेवा थे।

इन विषयों पर बालक-बालिकाओं द्वारा चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान अनिरूद्ध जैन, उप सचिव, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्रदीप सिंह ठाकुर, दिग्विजय सिंह तथा सर्वेश चतुर्वेदी उपस्थित रहें।

## डाक विभाग ने किया सिद्धी बाला बोस लायब्रेरी एसोसियेशन के 100 साल पर स्पेशल कवर का प्रकाशन

**जबलपुर।** सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोसियेशन सिटी बंगाली क्लब के शताब्दी वर्ष अंतर्गत 24 जनवरी को डाक विभाग द्वारा संस्था का स्पेशल कवर का प्रकाशन किया गया। मुख्य डाकघर सिविल लाइन में आयोजित कार्यक्रम में इसका प्रकाशन किया गया।इस अवसर पर सहायक डाक अधीक्षक वीके गुप्ता, वरिष्ठ पोस्ट मास्टर मंगल पाटिल, सुब्रत पाल, डॉक्टर अभिजीत मुखर्जी, एसपी दत्ता , डीके रॉय, सुरजीत गुहा, अनुराग पाल, आरएन दत्ता, मानतोश दत्त, अमित विश्वास, सौमित्र विकाश दास, नीलाद्री चैटर्जी, मुकुल घोष, आईबी रुद्रा, तापस चक्रवर्ती कांति राय उपस्थित थे।इस अवसर पर संभागीय अधीक्षक कार्यालय की ओर से विशेष कवर की एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें धरोहर, आजादी के बाद देश में हुए विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति आदि संबंधित संस्थानों की अब तक प्रकाशित विशेष कवर शामिल थे। यह कवर संग्रहित करने वालों में श्रीमती रूमा दासगुप्ता, अरविंद मालिक, गिरीश चंद्र गुप्ता, शिव नारायण तिवारी शामिल है। संचालन दीपक अग्रवाल ने किया।

## संजय यादव बने डायरेक्टर ऑफ कॉम्पिटीशन, वासु, नैन्सी, आफरीन राष्ट्रीय निर्णायक

**जबलपुर।** हल्दवानी उत्तराखंड में 38वीं नेशनल गेम्स खो-खो प्रतियोगिता 28 जनवरी से 01 फरवरी तक आयोजित की जा रही है, जिसमें मध्यप्रदेश एथ. खो-खो संघ के सचिव संजय यादव को डायरेक्टर ऑफ कामि्पटीशन बनाया गया है, इसी प्रकार निर्णायक के रूप में मप्र के वासु कोरी, नैन्सी जैन, आफरीन शेख को नियुक्त किया गया है। उक्त नियुक्तियों पर संघ के संरक्षक योगेन्द्र दुबे, विनोद पोद्दार, अटल उपाध्याय, आशुतोष तिवारी, मुकेश सिंह, आईपी गोस्वामी, आलोक वाजपेयी, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, मो. राशिद कुरैशी ने पुष्पमाला से स्वागत किया एवं मध्यप्रदेश के सभी 32 जिलों के पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# युवा अपनी रुचियों और कौशल का मूल्यांकन करें

जबलपुर।

भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के नेशनल कॅरियर सर्विस सेंटर फॉर एससी/एसटी जबलपुर केन्द्र में अनुसुचित जाति/अनुसुचित जनजाति के आवेदकों हेतु कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी



विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर उपस्थित रहें। इस अवसर पर प्रो.शुक्ल ने कहा कि युवा अपनी रुचियों, कौशल और मूल्यों का आकलन करें स्वयं को पहचाने। विभिन्न क्षेत्रों के अवसरों पर चर्चा की। युवाओं को कॅरियर चुनने एवं उसकी तैयारी में आने वाली समस्याओं एवं उन समस्याओं के निदान हेतु आवश्यक परिश्रम पर अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## संभाग के उद्यमियों में इंवेस्टर्स समिट को लेकर उत्साह

**जबलपुर।** प्रदेश के औद्योगिक को गति देने और निवेश को आकर्षित करने राज्य शासन द्वारा 24 और 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित की जा रही "ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर जबलपुर के उद्योग जगत में भी खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की पूर्व तैयारियों एवं जबलपुर संभाग के उद्यमियों की अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में आज शुक्रवार को एमपी इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेण्ट कार्पोरेशन (एमपीआईडीसी) के क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में जिले के उद्योग संघों के पदाधिकारियों एवं जिले के प्रमुख उद्योगपतियों की बैठक आयोजित की गई। एमपीआईडीसी की कार्यकारी संचालक सुश्री सृष्टि प्रजापति ने बैठक में जिले के उद्योग संघों एवं प्रमुख उद्योगपतियों से चर्चा के दौरान अवगत कराया कि 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2025 भोपाल" में जबलपुर संभाग की सहभागिता अतिआवश्यक है। बैठक के दौरान ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सहभागिता के लिये रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया तथा समिट में सेक्टरवार होने वाले सेशन की विस्तृत रूप-रेखा से भी उद्योग संघों के पदाधिकारियों अवगत कराया गया और जबलपुर क्षेत्र के अधिक से अधिक निवेशकों एवं उद्योग संघों के पदाधिकारियों से इसमें सहभागिता करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर उद्योग संघ के पदाधिकारियों ने जबलपुर रीजन के औद्योगिक विकास एवं निवेश को आकर्षित करने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में उद्योग संघों की ओर से सर्वश्री हिमांशु खरे, डी आर जैसवानी, सुबोध जैन, शंकर नाग्देव, अनुराग जैन, मुनीन्द्र कुमार मिश्रा, राजेश बुनकर, अशफाक अहमद अंसारी एवं श्रीमति शिविका आहूजा तथा एमपी आईडीसी के मुख्य महाप्रबंधक आर.पी. चक्रवर्ती, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक उपस्थित रहे।

# श्रीराम महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

**जबलपुर।** श्रीराम महाविद्यालय में 23 एवं 24 जनवरी को फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के प्रबंधक आर.के. करसोलिया, रामेन्द्र करसोलिया, राजुल करसोलिया एवं सोनम करसोलिया तिवारी के दिशा निर्देशन में डॉ. एल.के. पटेल (डायरेक्टर), डॉ. वाय.एम. दुबे (ग्रुप डायरेक्टर), कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज मिश्रा (एसडीएम धारताल) द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। डॉ. भरत सोलंकी (प्राचार्य), डॉ. श्रीकांता अवस्थी (उप प्राचार्य) एवं डॉ. नीलिमा शर्मा (एकेडमिक डीन) के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसमें मिस्टर फ्रेशर्स, मिस फ्रेशर्स, बेस्ट वार्क, एकेडमिक्स, स्पोर्ट्स पर्सन पुरस्कारों से छात्रों को सम्मानित किया गया। इस महोत्सव में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 24/01/2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भरत सोलंकी एवं ईएलसी नोडल अधिकारी सहायक प्राध्यापक मधुसूदन पटेल के निर्देशन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्राध्यापकों सहित 500 छात्रों ने शपथ ली।

# दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे अंगद को 26 करोड़ की मदद की दरकार

जबलपुर।

दुर्लभ और घातक जेनेटिक बीमारी डुचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) से पीड़ित नन्हे अंगद के जीवन को बचाने के लिए उनके माता-पिता समय से पहले ही मदद जुटाने की कोशिश में लगे हैं। डीएमडी एक ऐसी स्थिति है जिसमें धीरे-धीरे मांसपेशियां कमजोर होती है। इसमें बच्चों के हिलने-डुलने, श्वांस लेने के साथ ही अंततः जीने की क्षमता खत्म हो जाती है। अंगद के परिवार को नवंबर 2024 में इस बीमारी का पता चला है। तभी से परिवार हर पल उनके बच्चे के लिए एक उम्मीद की किरण की तलाश करने के लिए संघर्ष कर रहा है। अंगद के माता-पिता अब बैंगलोर में रहते हैं, मूल रूप से अलीगढ़ (यूपी) और जबलपुर (एमपी) से आते है। परिवार एलेविडिस जीन थैरेपी एक खुराक के लिए कोशिश कर रहा है। इससे डीएमडी की प्रगति को रोका जा सकता है।इस अभियान के माध्यम से अंगद के माता पिता ने जीवन को बचाने के लिए एक जरूरी अपील कर रहे है। इसमें हर दान चाहे वह किसी भी आकार का हो परिवार को 26 करोड़ रुपए के लक्ष्य के पास लाएगा। परिवार ने समर्थन जुटाने और ऑनलाइन अपनी पहुँच को बढ़ाने के लिए



एक समर्पित इंस्टाग्राम अकाउंट, स्टैंड फॉर अंगद भी लॉन्च किया है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं श्रीमती मनीषा पटेल कुशवाहा पति श्री कृष्ण कुमार कुशवाहा निवासी म. नं. 56, केन्ट वार्ड नं.-7, करौंदी, रांझी, जिला जबलपुर मध्यप्रदेश की निवासी हूँ ।

विवाह पूर्व मेरा नाम मनीषा पटेल पिता रामशंकर पटेल के नाम से जानी एवं पहचानी जाती थी । मेरा विवाह कृष्ण कुमार कुशवाहा के साथ हुआ है । विवाह पश्चात मेरा नाम श्रीमती मनीषा पटेल कुशवाहा हो गया है । अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाता है । समस्त शासकीय / अशासकीय अभिलेखो में मेरा नाम श्रीमती मनीषा पटेल कुशवाहा (SMT. MANISHA PATEL KUSHWAHA) पति श्री कृष्ण कुमार कुशवाहा पढ़ा एवं लिखा जाए ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम शादी पूर्व मोनिका बजाज पिता श्यामलाल बजाज निवासी बिलासपुर था। शादी के बाद मेरा नाम अब रिद्धी जयसिंघानी पति कमल जयसिंघानी (पासपोर्ट नं. M2910010) पता- 103, शीतलपुरी चेरीताल वार्ड जबलपुर निवास हो गया है। कृपया सुधार कर पुराना नाम मोनिका बजाज एवं नया सुधार कर नाम रिद्धी जयसिंघानी जाना जाये एवं पढ़ा जाये।

पुराना नाम- मोनिका बजाज
पिता श्यामलाल बजाज
नया नाम- रिद्धी जयसिंघानी
पति कमल जयसिंघानी

## आईएमटीईएक्स टूलटेक और डिजिटल विनिर्माण 2025 शुरू

# साझेदारी को सक्षम बनाने, ज्ञान साझा करने और तकनीकी परिवर्तनों का नेतृत्व करने अभिनव प्रयास

### 23 देशों के 1,100 प्रदर्शक बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र (बीआईईसी) में एकसाथ आए




**बेंगलुरु।** इंडियन मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमटीएमए) ने 23 जनवरी 2025 को बीआईईसी, बेंगलुरु में अपने प्रमुख आईएमटीईएक्स, टूलटेक और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग 2025 का औपचारिक उद्घाटन किया। प्रदर्शनी भारतीय और वैश्विक मशीन टूल उद्योगों के नवीनतम रुझानों और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करती है।

एच.डी. कुमारस्वामी, भारी उद्योग और इस्पात मंत्री, भारत सरकार; डॉ. एम.बी. पाटिल, माननीय बड़े और मध्यम उद्योग और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री, कर्नाटक सरकार; लक्ष्मेश बी.एच., उपाध्यक्ष और प्रमुख, एयरोस्पेस और सिस्टम बिजनेस, लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड और प्रशांत डोरेस्वामी, अध्यक्ष एवं सीईओ, कॉन्टिनेंटल ऑटोमोटिव (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने उद्घाटन दीप प्रज्वलित किया।

जमशेद एन. गोदरेज, अध्यक्ष - प्रदर्शनी, आईएमटीएमए; राजेंद्र एस. राजमाने, अध्यक्ष, आईएमटीएमए; सुश्री मोहिनी केलकर, उपाध्यक्ष, आईएमटीएमए; और जिबक दासगुप्ता, महानिदेशक और सीईओ, आईएमटीएमए ने भी उद्घाटन के अवसर पर मंच साझा किया।

मुख्य अतिथि श्री कुमारस्वामी ने कहा कि एक मजबूत विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक मजबूत मशीन टूल उद्योग आवश्यक है। कर्नाटक भारत के लगभग 50 प्रतिशत मशीन टूल्स का उत्पादन करता है और कभी-कभी इसे भारत की मशीन टूल राजधानी भी कहा जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि कैपिटल गुड्स सेक्टर के हिस्से के रूप में मशीन टूल उद्योग रोजगार पैदा करने के अलावा भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

प्रदर्शनी के बारे में बोलते हुए, विशिष्ट अतिथि डॉ एमबी पाटिल ने कहा कि मशीन टूल क्षेत्र विनिर्माण की आधारशिला है। भारतीय मशीन टूल उद्योग पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुआ है, इस वृद्धि में धातु कटिंग एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इससे पहले अपने स्वागत भाषण में जमशेद एन. गोदरेज ने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा आईएमटीईएक्स था, प्रदर्शनी प्रदर्शकों और आगंतुकों से अच्छे समर्थन के साथ एक बड़ी सफलता है। उन्होंने लंबे समय से प्रतीक्षित मेट्रो के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिसका बीआईईसी प्रदर्शनियों और कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए इंतजार कर रहा था।

# महाकुंभ 2025 में शामिल सोनालिका ट्रैक्टर भारत की मिट्टी और संस्कृति को समर्पित




**लखनऊ।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालिका ट्रैक्टर दुनिया के सबसे बड़े पवित्र समागम में से एक 'महाकुंभ 2025' की आध्यात्मिक भव्यता में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाने में बहुत गर्व महसूस करता है, जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पूरी गति से चल रहा है।

महाकुंभ 2025 में सोनालिका ट्रैक्टर की उपस्थिति परंपरा और तकनीक के मेल को दर्शाती है, जो उज्ज्वल और अधिक समृद्ध भविष्य की दिशा में रास्ता बनाने के ब्रांड के दृष्टिकोण के अनुरूप है। कंपनी ने इस धार्मिक अवसर पर अपने दो हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टर – सोनालिका टाइगर **DI** 65 **CRDS** 4**WD** और सोनालिका चीता एमएम 18 भी प्रदर्शित किये हैं, जो उत्तर प्रदेश के किसानों की जरूरतों के अनुसार तैयार किए गए हैं। सभी के लिए जीवनकाल में एक बार आने वाला, महाकुंभ सबसे ख़ास अवसर है जो 12 साल के पूर्ण कुंभ मेले के 12 चक्रों के पूरा होने का प्रतीक है और पूरी तरह से शुभ ग्रहों की स्थिति के साथ जुड़ा हुआ है। इस भव्य मेले में त्रिवेणी संगम, प्रयागराज में पवित्र गंगा नदी में डुबकी लगाने के लिए 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है।

17 लाख से अधिक मजबूत किसान परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाला सोनालिका ट्रैक्टर, भारत की कृषि और सांस्कृतिक विरासत का एक अभिन्न अंग होने पर बहुत गर्व महसूस करता है। भारत की जड़ों से गहराई से जुड़े रहकर, सोनालिका कृषक समुदाय की सेवा करने के साथ-साथ उनके समग्र विकास में योगदान देने हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री विवेक गोयल, प्रेसिडेंट एंड चीफ, सेल्स और मार्केटिंग, सोनालिका ट्रैक्टर ने कहा, "सोनालिका भारतीय किसानों का सच्चा साथी है, जो उन्हें उनके खेतों और जीवन में सशक्त बनाता है।"


इस अवसर पर पुष्पेंद्र सिंह, डिवीजनल बिज़नेस हेड और सीनियर वाइस प्रेसिडेंट - सोनालिका ट्रैक्टर ने कहा, "महाकुंभ का यह ऐतिहासिक आयोजन उस गहरे आध्यात्मिक और भावनात्मक बंधन का प्रतीक है जो सोनालिका ट्रैक्टर भारत की समृद्ध विरासत और संस्कृति के साथ साझा करता है।

## आखिर क्यों नहीं पहुंचा कोई 'शिव के लोक'

# पृथ्वी पर रहस्य, रोमांच और विज्ञान को चुनौती देता है महादेव का कैलाश

*नई दिल्ली। हिमालय के सुदूर इलाकों में स्थित कैलाश पर्वत सिर्फ एक राजसी शिखर से कहीं अधिक है। यह एक रहस्य, आध्यात्मिकता और पहेली में डूबा हुआ स्थान है। यह तिब्बती पठार की बेहद सुंदरता के बीच स्थित करोड़ों लोगों के लिए पूजनीय और अद्भुत रहस्यों से भरा एक पर्वत है। इसकी समृद्ध किंवदंतियां और रहस्य इंसानों को आकर्षित करते हैं। भगवान शिव का निवास स्थान होने के कारण यह सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र है। शिव पुराण, स्कंद पुराण और विष्णु पुराण जैसे हिंदू धर्मग्रंथों में कहा गया है कि भगवान शिव का कैलाश पर्वत निवास क्षेत्र है। यहां पर भगवान शिव माता पार्वती के साथ निवास करते हैं। कैलाश पर्वत जितना पूजनीय है, उतना रहस्यमयी भी है। कैलाश पर्वत पर आज तक कोई इंसान नहीं चढ़ पाया है। कैलाव पर्वत के रहस्यों को वैज्ञानिक भी नहीं जान पाएं। इस पर कई बार लोगों ने चढ़ने को कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।*

### कैलाश पर्वत पर दिखती है सात तरह की रोशनी



### क्यों कोई नहीं चढ़ पाया?

माउंट एवरेस्ट से कैलाश पर्वत की ऊंचाई दो हजार मीटर कम है। माउंट एवरेस्ट की चोटी 8,849 मीटर ऊंची है, जिसे पर हजारों लोग चढ़ चुके हैं, लेकिन 6,638 मीटर ऊंची कैलाश पर्वत की चोटी पर कोई भी नहीं चढ़ पाया है। यह एक ऐसा रहस्य है, जिसका आज खुलासा नहीं हो पाया है। माना जाता है कि भगवान शिव कैलाश पर्वत के स्वामी हैं। यहां पर भगवान भोलेनाथ माता पार्वती और अपने गणों के साथ निवास करते हैं। कैलाश पर्वत को लेकर कई शोध किए जा चुके हैं, लेकिन आज तक रहस्य अनसुलझा है।

### कैलाश पर्वत के चारों तरफ अलौकिक ऊर्जा

वैज्ञानिकों का मानना है कि कैलाश पर्वत के चारों ओर एक अलौकिक ऊर्जा है। इसके कारण कोई भी यहां पर पहुंच नहीं सकता है। कई बार वैज्ञानिकों ने यह जानने की कोशिश की है, लेकिन यहां कोई भी आसानी से नहीं पहुंच पाया है। तिब्बत के कई सिद्धि हासिल करने वाले संत कहते हैं कि कैलाश पर्वत पर सिर्फ पुण्य आत्माएं ही निवास कर सकती हैं।

### पृथ्वी का केंद्र बिंदु

पृथ्वी के एक छोर पर उत्तरी और दूसरे छोर पर दक्षिणी ध्रुव स्थित है। इन दोनों ध्रुवों के बीच हिमालय स्थित है, जिसके केंद्र में कैलाश पर्वत स्थित है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कैलाश पर्वत पृथ्वी का केंद्र बिंदु है। कैलाश पर्वत का हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख धर्म के लोगों के लिए भी विशेष महत्व है। कैलाश पर्वत के आसपास कोई बड़ा पर्वत नहीं है। शोध में वैज्ञानिक भी इस रहस्य को नहीं सुलझा पाए हैं कि ऐसा क्यों है।

### ओम और डमरू की आती है आवाज

बताया जाता है कि कैलाश पर्वत या मानसरोवर झील के आसपास हमेशा डमरू बजने की आवाज आती है। इसके साथ ही ओम की आवाज भी गुंजती है। वैज्ञानिक आज तक इन आवाजों के बारे में कुछ नहीं बता पाए हैं। इन आवाजों को दूर से सुनने पर लगता है कि शायद कोई जहाज उड़ रहा है, लेकिन आंखें बंद करके ध्यानमुद्रा में इन आवाजों को सुनने पर, स्पष्ट तौर पर डमरू और ओम की आवाजें सुनाई देती हैं। वैज्ञानिक अनुमान लगाते हैं कि हो सकता है यह आवाजें बर्फ पिघलने की हो सकती हैं।

## पांच मैचों की श्रृंखला में भारतीय टीम बढ़त हासिल करने में सफल

# शमी की फिटनेस पर नजर, भारत का दूसरा टी20 आज

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर चल रही चिताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरा टी20 जीत विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत ने बुधवार को कोलकाता में पहला मैच सात क्रिकेट से जीत कर पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की थी। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

### स्पिनरों को पिच से मिलेगी मदद

ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी लेकिन यहां चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है। इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश करेंगे।

### सैमसन करेंगे पलटवार

अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी तथा यह दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे लेकिन अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली थी। सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे। अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## गुकेश के अब 2784 रेटिंग अंक

# भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बने गुकेश



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने नाम पर नित नई उपलब्धियां दर्ज करने का क्रम जारी रखा है और वह गुरुवार को फिडे की नवीनतम रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचकर अर्जुन एरिगैसी की जगह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गए। इस 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने नीदरलैंड के विज्क आन ज़ी में चल रहे टाटा स्टील टूर्नामेंट में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। टूर्नामेंट में यह उनकी दूसरी जीत थी। हाल में भारत के सर्वोच्च खेल पुरस्कार ध्यान चंद खेल रत्न को प्राप्त करने वाले गुकेश के अब 2784 रेटिंग अंक हो गए हैं जबकि पिछले कुछ समय से भारत के नंबर एक खिलाड़ी रहे एरिगैसी 2779.5 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन 2832.5 अंकों के साथ निर्विवाद रूप से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं।

### विश्व चैंपियन गुकेश ने टाटा शतरंज में कीमर को हराया


विज्क आन ज़ी। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपनी समझबूझ और तकनीकी खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अंकों की संख्या 3.5 अंक तक पहुंचा दी। टूर्नामेंट में अभी आठ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है। गुकेश दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ हमवतन आर प्रज्ञाननंदा और उज़्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से पीछे संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञाननंदा ने नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि अब्दुसात्तोरोव ने एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी जोर्डन वान फॉरेस्ट को हराया।

## बैंक ऑफ इंडिया की आवासीय ई-नीलामी 27 को

**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 27 जनवरी को मध्यप्रदेश सहित पूरे भारत में 1300 से अधिक आवासीय संपत्तियों के लिए विशेष मेगा ई-नीलामी का आयोजन किया जा रहा है। बैंक अपने स्वामत्वि वाली आवासीय संपत्तियों की पेशकश कर रहा है, जो घर खरीदारों के लिए सर्वोत्तम स्थान और सर्वोत्तम मूल्य पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए इच्छुक व्यक्ति बैंक के वेबसाइट या अपने नजदीकी शाखा से भी संपर्क कर सकते है। गौरतलब है कि बैंक मेगा ई-नीलामी के जरिए संपत्ति लिस्टिंग और ई-नीलामी प्लेटफॉर्म, कुशल संपत्ति नीलामी के माध्यम से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) ऋणों की वसूली करता है। बैंक के वेबसाइट मोबाइल और वेब इंटरफेस के माध्यम से उपयोगकर्ताओं के लिए निर्बाध सुनिश्चित करता है। प्लेटफॉर्म स्वचालित केवाईसी टूल और सुरक्षित भुगतान गेटवे को एकीकृत है, जिससे पारदर्शी और प्रभावी नीलामी प्रक्रियाएँ संभव होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5758



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 5757 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झो | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकू नवताल - 5769

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5768 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |



# फिल्म 'जाट' का नया पोस्टर हुआ रिलीज

**नई दिल्ली।** 'गदर 2' से तहलका मचाने के बाद सनी देओल अपनी फिल्म 'जाट'लेकर आने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को निर्माताओं ने एक पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। नए पोस्टर में सनी देओल एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। सनी देओल की एक्शन फिल्म 'जाट'सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को रिलीज होगी। इससे पहले दिसंबर में इसका धांसू टीजर भी रिलीज किया गया था। शुक्रवार की सुबह निर्माताओं ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर नए पोस्टर के साथ लिखा, 'एक्शन सुपरस्टार सनी देओल बड़े पर्दे पर बिना किसी रोक के एक्शन अवतार के साथ आ रहे हैं।

## लाइफ Style

# जाह्नवी

## शादी के बाद तिरुपति में बसने की है प्लानिंग



दिवंगत सुपरस्टार श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर बी टाउन की यंग ब्रिगेड की टैलेंटेड एक्ट्रेस में से एक हैं। 2018 में अपने डेब्यू के बाद से ही वे हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। धड़क से लेकर मिस्टर एंड मिसेज माही तक, अभिनेत्री ने अब तक निभाई हर भूमिका में अपने टैलेंट का लोहा मनवाया है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। दोनों कैफे से लेकर मंदिर तक साथ स्पॉट होते रहते हैं। वहीं, हाल ही में जाह्नवी कपूर का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक्ट्रेस अपने वेडिंग प्लान के बारे में बताती हुई नजर आई थीं। उस दौरान करण जौहर भी उनके साथ ही बैठे थे। स्टारी नाइट्स विद कोमल नहाटा के एक एपिसोड के दौरान, जाह्नवी कपूर ने अपने वेडिंग प्लान का खुलासा किया था। उन्होंने कहा था, 'मेरी शादी करने और अपने पति और अपने तीन बच्चों के साथ तिरुमाला, तिरुपति में बसने की प्लानिंग है और हम हर दिन केले के पत्तों पर खाना खाएंगे और 'गोविंदा, गोविंदा' सुनेंगे।' और मैं अपने बालों में मोगरा लगाऊंगी, सुबह मणिरत्नम का म्यूजिक सुनूंगी, अपने पति को लुंगी में चंपी करूंगी।' हालांकि, डायरेक्टर करण जौहर, जो इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर के साथ मौजूद थे वे एक्ट्रेस के वेडिंग प्लान से जरा भी इम्प्रेस नहीं दिखे थे। उन्होंने तुरंत इस आइडिया को खारिज करते हुए कहा था, 'लुंगी पहनकर बैठे और केले के पत्ते से खाना खाते हुए एक आदमी में रोमांटिक क्या है?'

## हॉलीवुड मसाला



# फिर हॉलीवुड में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा एक बार फिर हॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाले हैं। अभिनेता दोबारा एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स की आगामी एक्शन थ्रिलर 'मैचबॉक्स' में निर्देशक सैम हार्ग्रेव के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में जॉन सीना भी हैं। इससे पहले उन्होंने निर्देशक के साथ साल 2020 में नेटफ्लिक्स 'एक्सट्रैक्शन' में काम किया था। लाइव-एक्शन फिल्म, जो मैटल की लोकप्रिय मैचबॉक्स टॉय व्हीकल लाइन से प्रेरित है में हॉलीवुड सितारे टेयोना पैरिस, जेसिका बील और सैम रिचर्डसन भी होंगे।



# रैपर एमिवे बंटाई ने गायिका स्वालिना से रचाई शादी

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय रैपर एमिवे बंटाई ने अभिनेत्री-गायिका स्वालिना के साथ शादी रचा ली है। उन्होंने अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट करके प्रशंसकों को चौंका दिया। एमिवे बंटाई और स्वालिना ने 2023 में हिट ट्रैक कुडी पर साथ काम किया था। इस कपल ने अपने खास दिन के पलों को इंस्टाग्राम पर साझा किया। एमीवे और स्वालिना दोनों ने अपने खास दिन के लिए रिच प्लम आउटफिट चुना। स्वालिना ने अपने प्लम ब्लाउज को डस्टी रोज लहंगे के साथ पेयर किया। उन्होंने अपने पारंपरिक आउटफिट में आधुनिक टच जोड़ते हुए अपने शेड्स में पोज दिया। अपने खास दिन पर यह कपल मुस्कुराता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने अपनी शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में उन्होंने 'अल्हम्दुलिल्लाह' लिखा। इस खबर से प्रशंसक बहुत खुश हुए।



# नयनतारा 'टॉक्सिक' का बनीं हिस्सा

**मुंबई।** नयनतारा निर्देशक गीतू मोहनदास की आगामी फिल्म टॉक्सिक में मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि निर्माताओं ने अभी तक फिल्म के कलाकारों की घोषणा नहीं की है, लेकिन बॉलीवुड अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने पुष्टि की है कि नयनतारा वास्तव में फिल्म का हिस्सा हैं। अभिनेता ने यह भी कहा कि वह फिल्म के बारे में अधिक खुलासा नहीं करना चाहेंगे। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अक्षय ने कहा, 'मैं अभी रॉकिंग स्टार यश के साथ टॉक्सिक की शूटिंग कर रहा हूं। नयनतारा भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मैं फिल्म के कलाकारों के बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहता, क्योंकि टीम को यह पसंद नहीं आएगा। मुझे गीतू मोहनदास बहुत पसंद हैं, जो फिल्म की निर्देशक हैं।' इससे पहले ऐसी अफवाहें उड़ी थीं कि नयनतारा ने फिल्म में करीना कपूर खान की जगह ली है।



# कर्नाटक स्टेट फिल्म अवॉर्ड लेने से किया मना

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार किच्चा सुदीप की मैक्स 25 दिसंबर को रिलीज हुई थी, जिसने 50 से 60 करोड़ के बजट में 60–62 करोड़ का कलेक्शन अपने नाम किया था। वहीं, कन्नड़ की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई थी। लेकिन, हिट फिल्म देने के बावजूद हाल ही में एक्टर किच्चा सुदीप ने कर्नाटक स्टेट फिल्म अवॉर्ड लेने से मना कर दिया है। कन्नड़ एक्टर किच्चा सुदीप ने 2019 की फिल्म पैलवान में अपनी भूमिका के लिए कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार के लिए बेस्ट एक्टर की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद इस सम्मान को अस्वीकार कर दिया।उन्होंने यह कहते हुए इस सम्मान को अस्वीकार कर दिया कि उन्होंने कई साल पहले पुरस्कार न लेने का पर्सनली फैसला लिया था, जिसे वह जारी रखना चाहते हैं।

## टीवी मसाला



# 'डायन का मौसम' में सस्पेंस और ड्रामा का दिखा मिश्रण

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया सुपरनैचुरल शो 'जादू तेरी नजर' दर्शकों के लिए लॉन्च कर दिया गया है। चैनल ने इस शो की शुरुआत से पहले कुछ रहस्यमयी टीजर और वीडियो के जरिए दर्शकों में उत्सुकता बढ़ाई थी। अब शो का पहला एपिसोड प्रसारित हो चुका है। इस शो के पहले एपिसोड में श्रेनु पारिख के भयावह किरदार को पेश किया गया है, जो एक डायन (चुड़ैल) के रूप में दिखाई देती हैं। श्रेनु का किरदार काली शक्तियों से भरपूर है। वह एक बच्चे को जन्म देती हैं। उसके अंदर भी इसी तरह के गुण होते हैं। श्रेनु के किरदार की योजना इस बच्चे के जरिए अपने खतरनाक उद्देश्यों को पूरा करने की है। इसके जरिए ही कहानी में और भी सस्पेंस और ड्रामा लाने की कोशिश शो के मेकर्स करेंगे। इसके अलावा पहले एपिसोड में एक और महिला का किरदार भी सामने आता है जो एक लड़की को जन्म देती है। इस घटनाक्रम से कहानी में और रहस्य पैदा करने का प्रयास किया गया है। शो का पहला एपिसोड दर्शकों के सामने पेश किया जा चुका है। वहीं, अब अगले एपिसोड शो में और भी दिलचस्प ट्विस्ट और सस्पेंस देखने को मिल सकते हैं।

# 'गुम है किसी के प्यार में' परम सिंह लीड रोल में आएंगे नजर!

**नई दिल्ली।** 'गुम है किसी के प्यार में' स्टार प्लस चैनल का फेमस टीवी सीरियल है। इसमें एक बड़ा बदलाव होने वाला है। कहा जा रहा है कि इसमें एक पीढ़ी की छलांग के साथ नए किरदार और नई कहानी पेश की जाएगी। इस बदलाव के तहत मौजूदा लीड हितेश भारद्वाज और भाविका शर्मा शो को अलविदा कहेंगे, जिससे उनके किरदारों के एक युग का अंत हो जाएगा। दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री इस शो की सक्सेस का बड़ा कारण रही है और ये टीआरपी चार्ट में भी टॉप-5 में अपनी जगह बनाए रखता था। वहीं, हाल ही में हिंट मिला है कि परम सिंह अब लीप के बाद लीड एक्टर का रोल निभाने के लिए सबसे आगे हैं। परम टीवी इंडस्ट्री के अनुभवी एक्टर हैं। इस सीरियल में आने वाला लीप एक नया और दिलचस्प मोड़ लेकर आएगा, जिसमें दो लीड एक्टर और एक फीमेल लीड एक्ट्रेस शो में शामिल होने के लिए तैयार हैं। एक दमदार एक्टर और डांसर सनम जौहर डबल रोल में नजर आएंगे।



# झुग्गियों से उठी नन्ही 'सजदा' थी बाल मजदूर

**नई दिल्ली।** ऑस्कर 2025 के नॉमिनेशन की घोषणा हो चुकी है और लिस्ट में जगह बनाने वाली फिल्मों के बारे में खूब बातें हो रही हैं। इनमें से ही एक फिल्म है 'अनुजा'। इसकी लीड एक्ट्रेस की कहानी मजेदार है, जो झुग्गियों से उठकर फिल्मों में आई और अब सिनेमा की दुनिया में चमक रही है। गुरुवार को, जैसे ही 2025 ऑस्कर के लिए नॉमिनेशन की घोषणा की गई, फिल्मों को सर्च करने की होड़ लग गई। 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' रेस में चूक गई लेकिन ऐसी कई फिल्में हैं जिनकी लगातार चर्चा हो रही है। हालांकि, भारत के लिए अभी भी थोड़ी एक्साइटमेंट बाकी है क्योंकि दिल्ली पर बेस्ड एक शॉर्ट फिल्म 'अनुजा' को बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म के लिए नॉमिनेट किया गया है। प्रियंका चोपड़ा, मिंडी कलिंग और गुनीत मोंगा जैसे नामों से से सजी फिल्म 'अनुजा' ऑस्कर की दौड़ में है। लेकिन सबका ध्यान फिल्म की कमान संभालने वाली 9 साल की बच्ची पर है।

## रेस्क्यू कर बनाया एक्ट्रेस



### सलाम बालक ट्रस्ट ने बचाया

सजदा दिल्ली में बाल मजदूर थी। सलाम बालक ट्रस्ट ने उसे बचाया और वह फिलहाल एनजीओ के एसबीटी डे केयर सेंटर में रहती है। सलाम बालक ट्रस्ट की स्थापना 1988 में मीरा नायर की ऑस्कर नॉमिनेटेड फिल्म 'सलाम बॉम्बे' के पैसों से की गई थी। ट्रस्ट ने शाइन ग्लोबल और कृष्ण नाइक फिल्म्स के सहयोग से अनुजा को बनाया है।

### 9 वर्षीय लड़की की है कहानी

एडम जे ग्रेव्स और सुचित्रा मट्टई के डायरेक्शन में बनी 'अनुजा' एक 9 वर्षीय लड़की की कहानी है। उसके पास दो ऑप्शन होते हैं- अपनी बहन के साथ पढ़ाई और कारखाने के काम। एक डिसीजन उसके भविष्य में मदद करेगा। फिल्म में साजदा पठान लीड रोल में हैं और अनन्या शानबाग उनकी बहन के रोल में हैं। नई दिल्ली में बनी इस फिल्म के मेकर्स गुनीत मोंगा, प्रियंका चोपड़ा और हॉलीवुड एक्टर मिंडी कलिंग हैं।

### कौन हैं 'अनुजा' की यंग स्टार सजदा पठान

फिल्म की स्टार सजदा पठान की अपनी एक अलग ही खूबसूरत कहानी है। 'अनुजा' उनकी दूसरी फिल्म है। ये लड़की झुग्गियों से उठी थी और एक एनजीओ ने उसे बचाया था। उन्होंने पहले लेटिटिया कोलंबनी की एक फिल्म 'द ब्रैड' में काम किया था, जहां मिया मेल्जर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया था।

# हर देशवासी को एक सुर में पिरोया

**नई दिल्ली।** भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में अपने संगीत को अमर बनाने वाले पंडित भीमसेन जोशी का जन्म कर्नाटक के गड़क में हुआ था। भीमसेन जोशी ने 19 साल की उम्र में अपनी पहली प्रस्तुति दी थी। उनका पहला एल्बम 20 साल की उम्र में आया, जिसमें कन्नड़ और हिन्दी में कुछ धार्मिक गीत थे। उन्होंने अपने शुरुआती संघर्ष भरे जीवन में रेडियो कलाकार के तौर पर मुंबई में काम किया। पंडित भीमसेन जोशी को बचपन से ही संगीत का बहुत शौक था। वह गुरु की तलाश में घर से निकले और जा पहुंचे अब्दुल करीम खान के पास। इसके बाद अगले दो सालों तक वह बीजापुर, पुणे और ग्वालियर में रहे।



### मिले सुर मेरा तुम्हारा

*'मिले सुर मेरा तुम्हारा' को अपनी आवाज देकर हर देशवासी को एक सूत्र में पिरोने का सुरीला संदेश देने वाले भीमसेन जोशी की गायकी ने अपने शास्त्रीय संगीत जो इतिहास रचा वह आज भी चमकदार और रोशन है।*

### भारत रत्न से किए गए सम्मानित

पंडित भीमसेन जोशी को संगीत में उनके योगदान के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्हें पद्म विभूषण, पद्म भूषण समेत कई अन्य प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स दिए गए। लंबी बीमारी के बाद 24 जनवरी 2011 को भीमसेन जोशी का निधन हो गया।

### गाना गाकर कराई थी ट्रेन की टिकट माफ

भीमसेन गुरु की तलाश में जब घर से निकले तो उनके पास पैसे नहीं थे। वह बिना टिकट के ही ट्रेन में बैठ गए और उन्होंने बीजापुर तक का सफर तय किया। ट्रेन में टी.टी. को राग भैरव में 'जागो मोहन प्यारे' और 'कौन-कौन गुन गावे' सुनाकर अपनी ट्रेन टिकट माफ कर ली और फिर उसके बाद यात्रियों ने भीमसेन के लिए सफर के दौरान खाने-पीने का इंतजाम किया।

# 'गली-गली में शोर है, आनंद बाबू चोर हैं'

## 70 के दशक के सामाजिक ताने-बाने को दिखाती फिल्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साल 1975 में आई फिल्म 'दीवार' 50 साल पहले रिलीज हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक्शन है, रोमांच है, रोमांस है और इमोशंस हैं। एक लापता पिता के परिवार की बेबसी है। मां का संघर्ष है, जो अकेले दम पर दो बच्चों को पालती है। सामाजिक भेदभाव है। सामाजिक ताना-बाना है। फिल्म उस दीवार का प्रतीक है, जो सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के चलते दो भाईयों के बीच खड़ी हो जाती है। इस फिल्म की स्क्रिप्ट और डायलॉग सलीम-जावेद यानी सलीम खान और जावेद अख्तर ने लिखे। अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, निरूपा रॉय, नीतूं सिंह और परवीन बॉबी जैसे सितारों से सजी फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई।



### कमाई के तोड़े तमाम रिकॉर्ड

यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसने मुंबई में ही करीब एक करोड़ रुपए की कमाई की थी, जो उस समय एक बड़ी रकम थी। यह फिल्म देश के कई सिनेमाघरों में करीब 100 हफ्ते तक चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे करीब 1.30 करोड़ रुपए बजट में बनाया गया था। पहले दिन फिल्म ने सात लाख रुपए की कमाई की। इसका इंडिया नेट कलेक्शन करीब 4.25 करोड़ रुपए रहा और वर्ल्डवाइड इसने 7.50 करोड़ रुपए का कारोबार किया था।

### सात फिल्मफेयर अवॉर्ड पर कब्जा

इस फिल्म को 1976 में सात फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले, जो इस प्रकार हैं।
सर्वश्रेष्ठ फिल्म- गुलशन राय
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक-यश चोपड़ा
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता- शशि कपूर
सर्वश्रेष्ठ कहानी- सलीम-जावेद
(सलीम खान और जावेद अख्तर)
सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले - सलीम-जावेद
सर्वश्रेष्ठ डायलॉग - सलीम-जावेद
सर्वश्रेष्ठ ध्वनि डिजाइन - एम ए शेख

**(बेस्ट एक्टर के लिए अमिताभ बच्चन और सहायक अभिनेत्री के लिए निरूपा रॉय को नॉमिनेशन भी मिला था)**

**शोले और दीवार की शूटिंग साथ-साथ**

इस फिल्म की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन शोले की शूटिंग भी कर रहे थे। दोनों फिल्मों की शूटिंग वे साथ-साथ कर रहे थे। अमिताभ बच्चन दिन में शोले और रात में दीवार की शूटिंग किया करते थे। दोनों फिल्में एक ही साल रिलीज हुई थीं, जिन्होंने शहंशाह के करियर को नई बुलंदियों पर पहुंचा दिया।

### स्क्रिप्ट पढ़कर रोए गुलशन राय

इस फिल्म में इमोशंस कूट-कूटकर भरे हैं। इस फिल्म के प्रोड्यूसर राय ने फिल्म 'दीवार' की स्क्रिप्ट दो बार पढ़ी और दोनों बार वे इतने भावुक हुए की आंखों से आंसू बहने लगे।

### सिर चढ़कर बोला बिग-बी का क्रेज

फिल्म 'जंजीर' (1973) और 'मजबूर' (1974) के बाद अमिताभ बच्चन की लोकप्रियता खूब बढ़ चुकी थी। फिल्म 'दीवार' के दौरान उनका अलग क्रेज था। उनकी फिल्म देखने के लिए लोग लंबी-लंबी लाइनों में लगकर टिकट लिया करते।

### राजेश खन्ना को मिलने वाला था विजय का रोल

फिल्म में विजय के किरदार के लिए यश चोपड़ा राजेश खन्ना को लेना चाहते थे, लेकिन सलीम जावेद खन्ना के साथ गलतफहमी के कारण यह रोल अमिताभ बच्चन को मिला और उन्होंने इसे लोकप्रिय बना दिया।

### फैशन बन गया अमिताभ का शर्ट टक करने का स्टाइल

इस फिल्म में अमिताभ बच्चन का शर्ट को टक करने का स्टाइल खूब चलन में आया। मगर, हकीकत में ऐसा हुआ था कि कुली की उनकी शर्ट काफी लंबी थी। उन्होंने इसे यूं ही टक कर लिया। फिल्म में उनका यही अंदाज स्टाइल स्टेटमेंट बन गया।

### 18 दिनों में तैयार हुई स्क्रिप्ट

फिल्म की स्क्रिप्ट सलीम-जावेद ने 18 दिनों में लिख दी थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन का विजय का किरदार बॉम्बे के स्मगलर हाजी मस्तान पर आधारित था।



अभी संन्यास नहीं...

जोकोविच से शुक्रवार को पूछा गया कि क्या उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपना अंतिम मैच खेल लिया है तो इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'मेरे लिए फिर से मौका हो सकता है। कौन जानता है। मैं सत्र में आगे अपने प्रदर्शन पर गौर करूंगा। मैं अभी खेलना जारी रखना चाहता हूं।'

ऑस्ट्रेलियन ओपन

पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवाने के बाद लिया फैसला

# जोकोविच ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण छोड़ा सेमीफाइनल मुकाबला, फाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए। जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए। दर्शक हालांकि उनके फैसले से खुश नहीं दिखे। जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, 'यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहला सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता।'

## दूसरी बार चोट के कारण हटे

जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला। यह पिछले चार ग्रैंड स्लैम में दूसरा अवसर है जबकि जोकोविच को चोट के कारण प्रतियोगिता के बीच से हटना पड़ा। वह पिछले साल घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल से हट गए थे। इसके बाद हालांकि उन्होंने विंबलडन के फाइनल में जगह बनाई थी और फिर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।





## ज्वेरेव-सिनर में होगा खिताबी मुकाबला

दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना इटली के मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। ज्वेरेव 2020 में अमेरिकी ओपन और 2024 में फ्रेंच ओपन के उपविजेता रहे हैं। गत चैंपियन यानिक सिनर तीसरे सेट में पैर की जकड़न से जूझने के बावजूद शुक्रवार को यहां बेन शेल्टन को 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे साल पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई और तीसरे ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाए।

## जोकोविच के फैसले का किया बचाव

ज्वेरेव ने जोकोविच के मैच से हटने के फैसले का बचाव करते हुए दर्शकों से अपनी नाराजगी दूर करने का आग्रह किया। ज्वेरेव ने कहा, 'जब कोई खिलाड़ी चोट के कारण मैच से हटने का फैसला करता है तो कृपया उस पर अपना गुस्सा नहीं उतारें। मैं जानता हूं कि हर किसी ने टिकटों के लिए भुगतान किया है और हर कोई पांच सेटों का शानदार मैच देखना चाहता है। लेकिन आपको यह समझना होगा कि नोवाक जोकोविच ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने पिछले 20 वर्षों से इस खेल को अपने जीवन का सब कुछ दिया है।'

## गैडेकी-पीयर्स को मिश्रित युगल का खिताब



ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स ने शुक्रवार को यहां अपने घरेलू दर्शकों के सामने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। गैडेकी और पीयर्स ने फाइनल में जॉन-पैट्रिक स्मिथ और किम्बर्ली बिरेल को 3-6, 6-4, 10-6 से पराजित किया। यह 1967 के बाद पहला अवसर है जबकि ऑस्ट्रेलिया की कोई जोड़ी यहां मिश्रित युगल में चैंपियन बनी। पीयर्स का यह तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल और अमेरिकी ओपन में मिश्रित युगल का खिताब जीत चुके हैं। उनके नाम पर पुरुष युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक भी दर्ज है।

## खबर संक्षेप



### भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम सम्मानित

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने श्रीलंका के कोलंबो में शारीरिक रूप से दिव्यांग क्रिकेटरों की चैंपियंस ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत के लिए शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम को सम्मानित किया। मंगलवार को कटुनायके के एफटीजेड क्रिकेट ग्राउंड्स में रोमांचक फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 79 रन से हराया। मांडविया ने एक बयान में कहा, 'यदि आप दिव्यांग हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप देश को गौरवांवित नहीं कर सकते। आपकी जीत इसका प्रमाण है।'

### ग्रिफिथ बने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी कोच

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य से एडम ग्रिफिथ को अपना नया राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।



मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस सभी 30 की उम्र पार कर चुके हैं इसलिए ग्रिफिथ को टेस्ट क्रिकेट जैसे बड़े मुकाबलों के लिए तेज गेंदबाजों को तैयार करने का काम सौंपा जाएगा। ग्रिफिथ 46 वर्ष के हैं और ऑस्ट्रेलिया के पुरुष कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और मौजूदा गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी के अधीन काम करेंगे।

### पार्ल रॉयल्स ने एसए 20 में डरबन को हराया

**डरबन।** पार्ल रॉयल्स ने डरबन सुपर जाइंट्स को पांच विकेट से हराकर एसए 20 के तीसरे सत्र में चौथे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रॉयल्स के अब 20 अंक है और प्लेऑफ के लिये क्वालीफाई करने वाली वह पहली टीम बनने के करीब है। दूसरी ओर सुपर जाइंट्स आठ अंक लेकर तालिका में नीचे है। रॉयल्स ने सुपर जाइंट्स को सात विकेट पर 142 रन पर रोक दिया। रॉयल्स के लिए रबिन हेर्मन ने 22 गेंद में 44 रन बनाए। स्पिनर नूर अहमद एक ही विकेट ले सके जो हेर्मान का यो। मिचेल वान बूरेन ने भी 44 रन की पारी खेली।

### अनुष ने अपने घोड़े मन्नी को दी विदाई

**नई दिल्ली।** भारत के एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता राइडर अनुष अग्रवाला ने शुक्रवार को अपने घोड़े मन्नी के साथ सात साल पुरानी सफल साझेदारी के अंत की घोषणा की। यह घोड़ा प्रतिस्पर्धी खेलों से 'रिटायर' हो गया है। हांगझोउ एशियाई खेल 2023 ड्रेसेज टीम स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने अपने घोड़े को भावुक विदाई दी। अनुष ने कहा कि मन्नी रिटायर होंगे और अब प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे।



## क्रिकेट : आईसीसी की टेस्ट और वनडे टीम घोषित

# बुमराह, जडेजा, जायसवाल आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में शामिल

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है। बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्येक टीम तथा प्रत्येक उस बल्लेबाज पर दबदबा बनाया जिसे उन्होंने गेंदबाजी की।

वह टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम की औसत से कम से कम 200 विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने और इतिहास में अपना नाम लिखवाया। बुमराह ने 2024 में 14.92 के औसत से 71 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में साल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे। जडेजा ने 2024 में 29.27 के औसत से 527 रन बनाने के अलावा 24.29 के प्रभावी औसत से 48 विकेट भी चटकाए। जायसवाल ने कैलेंडर वर्ष में 54.74 के प्रभावी औसत से कुल 1478 रन बनाए। उनसे अधिक रन सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट (2024 में 55.57 के औसत से 1556 रन) बना पाए।



**साल की सर्वश्रेष्ठ टीम** पैट कमिंस (कप्तान) (ऑस्ट्रेलिया), यशस्वी जायसवाल (भारत), बेन डकेट (इंग्लैंड), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), कामिंदु मेंडिस (श्रीलंका), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), रविंद्र जडेजा (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड) और जसप्रीत बुमराह (भारत)।

## मंधाना-दीप्ति महिला वनडे टीम में शामिल





**दुबई।** स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की शुक्रवार को जारी वर्ष 2024 की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है लेकिन पुरुष टीम में किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली। मंधाना ने पिछले साल 13 मैच में 747 रन बनाए तथा वह 2024 में महिला वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। दीप्ति ने भी पिछले साल 13 मैच खेले जिसमें उन्होंने 186 रन बनाने के अलावा 24 विकेट भी लिए।

### महिला वनडे टीम

स्मृति मंधाना (भारत), लौरा वोलवार्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका), चमारी अथापत्थु (श्रीलंका), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), मारिजैन कप्प (दक्षिण अफ्रीका), एशले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), एमी जोन्स (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), दीप्ति शर्मा (भारत), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), केट क्रॉस (इंग्लैंड)।

### पुरुष वनडे टीम

चैरिथ असलांका (कप्तान) (श्रीलंका), सईम अयूब (पाकिस्तान), गुरबाज़ (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह (अफगानिस्तान), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम ग़ज़नफ़र (अफगानिस्तान)।

## रणजी ट्रॉफी : जडेजा ने किए 12 शिकार, बाकी स्टार क्रिकेटर फेल



एजेंसी ▸▸| मुंबई

रविंद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी में अपेक्षाओं पर खरे उतरने वाले एकमात्र भारतीय स्टार क्रिकेटर रहे जबकि रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने निराश किया। जडेजा ने राजकोट में हुए मैच में सौराष्ट्र के लिए 12 विकेट चटकाए जिसमें पांच पहली और सात दूसरी पारी में लिए। उनके इस प्रदर्शन के दम पर सौराष्ट्र ने दिल्ली को ग्रुप डी के मैच में दस विकेट से हराकर एक बोनस अंक भी लिया। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत दोनों पारियों में नाकाम रहे और एक तथा 17 रन ही बना सके। भारतीय टीम के परिप्रेक्ष्य में जडेजा का प्रदर्शन ही सकारात्मक रहा क्योंकि गत चैंपियन मुंबई के लिए रणजी क्रिकेट में वापसी करने वाले रोहित शर्मा का बल्ला खामोश ही रहा। रोहित जम्मू कश्मीर के खिलाफ पहले दिन तीन रन ही बना सके। उन्होंने दूसरी पारी में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल रणजी मैच की दो पारियों में चार और 26 रन बना सके। श्रेयस अय्यर दूसरी पारी में 16 गेंद में 17 रन ही बना पाए।

### शारदुल का जुझारू शतक



शारदुल ठाकुर के जुझारू शतक से खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच के दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ वापसी करने की कोशिश की। पहली पारी में 86 रन से पिछड़ने के बाद मुंबई ने दूसरी पारी में 101 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन शारदुल (नाबाद 113 रन) ने तनुष कोटियान (नाबाद 58) के साथ आठवें विकेट के लिए 173 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने शारदुल और कोटियान की पारियों की बदौलत सात विकेट पर 274 रन बनाकर 188 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

## वापसी करने भारत पर दबाव डालना होगा : ब्रूक

**चेन्नई।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने शुक्रवार को कहा कि अगर इंग्लैंड कोलकाता में सात विकेट से मिली करारी हार से उबरकर श्रृंखला बराबर करना चाहता है तो मेहमान टीम को भारत पर लगातार दबाव बनाना होगा। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद भारत पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। ब्रूक ने दूसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हम बिलकुल भी दबाव में नहीं हैं। भारत एक बहुत अच्छी टीम है इसलिए हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे और हां, उन्होंने शानदार खेल दिखाया।'



## टाटा स्टील शतरंज : गुकेश आज अब्दुसत्तोरोव से भिड़ेंगे

**विज्क आन ज़ी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में पहले विश्राम दिवस के बाद छठे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से भिड़ेंगे, जबकि आर प्रज्ञाननंदा का सामना चीन के गत चैंपियन वेई यी से होगा। प्रज्ञाननंदा और अब्दुसात्तोरोव पांच दौर के बाद चार-चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं जबकि गुकेश 3.5 अंक लेकर स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी आठ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। प्रज्ञाननंदा ने अब तक तीन जीत हासिल की हैं और दो ड्रॉ खेले हैं।



## आईटीएफ डब्लू100 टूर्नामेंट में हारी सहजा

**बेंगलुरु।** भारत की सहजा यमलापल्ली को शुक्रवार को यहां केपीबी ट्रस्ट महिला ओपन टेनिस टूर्नामेंट के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आठवीं वरीय सारा बिजलेक के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेक गणराज्य की सारा ने सहजा को सीधे सेट में 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत लियोलिया जीनजीन से होगीं फ्रांस की लियोलिया ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए कनाडा की दूसरी वरी रेबेका मारिनो को 3-6, 7-5, 7-5 से रहाया। एक अन्य सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय जर्मनी की तातयाना मारिया की भिड़ंत चेक गणराज्य की लिंडा फ्रुविरतोवा से होगी।




## कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट, जिला - बालाघाट(म.प्र.)481001

(दूरभाष/फेक्स क्रमांक 07632-241377 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in)

क्रमांक./एफ- /लो.नि.वि./2025/11755 बालाघाट, दिनांक :24/01/2025

//निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं :-

| क्रं. | टेंडर आई.डी. नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 393051_2 | वार्ड नं. 14 काली पुतली चौक में प्रतिमा पायडल स्टैण्ड निर्माण कार्य। | 07 दिवस 168755=00 | 2000=00 एवं 3375=00 | 01/02/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बालाघाट
जिला -बालाघाट(म.प्र.)


# पाकिस्तान, नेपाल ने जीते चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच

एजेंसी ▸▸| कुआलालंपुर

पाकिस्तान और नेपाल ने शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच जीते। युवा तेज गेंदबाज हनिया अहमर के चार विकेट के दम पर पाकिस्तान ने समोआ को 52 रन से पराजित किया।

दूसरी तरफ नेपाल ने कम स्कोर वाले मैच में मलेशिया को सात विकेट से हराया।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 136 रन बनाए और फिर इसके बाद समोआ को 18.5 ओवर में 84 रन पर आउट कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से हनिया ने 20 रन देकर चार विकेट लिए। एक अन्य मैच में नेपाल ने मलेशिया को केवल 45 रन पर ढेर कर दिया और फिर 11 ओवर में तीन विकेट पर 47 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान पूजा महतो ने चार और रचना चौधरी ने तीन विकेट लिए।

सुपर सिक्स के मैच शनिवार से खेले जाएंगे। पहले दिन अमेरिका का न्यूजीलैंड से, इंग्लैंड का नाइजीरिया से, दक्षिण अफ्रीका का आयरलैंड से और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला वेस्टइंडीज से होगा। भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज को ग्रुप एक में रखा गया है, जबकि ग्रुप दो में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, अमेरिका, नाइजीरिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड शामिल हैं।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: डब्ल्यू 7_631_2_ ईएनजीजी _एचक्यू _जीएफएल_1, दिनांक: 22.01.2025,** मुख्य ट्रैक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मुख्यालय, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. **डब्ल्यू 7_631_2_ ईएनजीजी _एचक्यू _जीएफएल_1** के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के लिए न्यूनतम 18 केजी प्रति माह प्रति लुब्रिकेटर के साथ साइट की आवश्यकता के अनुसार रेल लुब्रिकेटर के लिए लुब्रिकेंट की आपूर्ति के साथ ट्रैक बेस्ड रेल लुब्रिकेटर (1 किमी कैटेगरी का इलेक्ट्रॉनिक टाइप) की आपूर्ति, स्थापना, आरंभ और परिचालन (5 वर्ष के लिए) (कुल 44 अदद)। **निविदा का प्रकार :** खुली। **बोली प्रणाली :** दो पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 2,51,79,871.20, **बयाना राशिः** 2,75,900/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** 07.02.2025, **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** 22.01.2025, 16.49 बजे। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **समापन अवधि :** 66 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 21.02.2025, 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैन्यूअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं मैन्यूअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। MISC-317/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 20/वर्ष 2024-25/कार्य.स. **निविदा सूचना** नरसिंहपुर, दिनांक 23/01/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु राशि (रु.लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य रामयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PWDRB _364860_8 | नरसिंहपुर | ए.आर. रोड | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत परफारमेंस गारंटी के विभिन्न भागों में सड़क, पुल, पुलिया, पेन एवं सी.सी. रोड फर्नीसर सहित आवश्यक रखरखाव मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेण्डर ।(आठवां आमंत्रण) | 5.00 | 10,000 | 2,000 | आठवां आमंत्रण | 02 माह वर्षा-ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2024_PWDRB _381647_4 | नरसिंहपुर | ए.आर. रोड | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत परफारमेंस गारंटी के विभिन्न मार्गो में सड़क, पुल, पुलिया पेच एवं सी.सी. रोड फर्नीसर सहित आवश्यक रखरखाव मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेण्डर (चतुर्थ आमंत्रण) | 10.00 | 20,000 | 2,000 | चतुर्थ आमंत्रण | 02 माह वर्षा-ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2024_PWDRB _388999_3 | नरसिंहपुर | पी.जी. रोड | गाडरवारा उपसंभाग के परफारमेन्स गारंटी अंतर्गत विभिन्न मार्गो (1) टेकापार से पीपरपानी मार्ग ( 2 ) बनवारी करहैया झिरिया माता मार्ग ( 3 )निमायर से संदूक मार्ग (4) झिकोली गाडरवारा से तूमड़ा सॉईखेडा मार्ग ( 5 ) खला प्रेमपुर सेसाडाबर पटकुली मार्ग के मरम्मत का कार्य । (तृतीय आमंत्रण) | 11.08 | 22,500 | 2,000 | तृतीय आमंत्रण | 01 माह वर्षा-ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 4 | 2025_PWDRB _398024_1 | नरसिंहपुर | रैनो-वेशन | गोटेगांव उपसंभाग के अंतर्गत शासकीय आई.टी. आई. भवन का मरम्मत एंव रेनोवेशन का कार्य। | 12.70 | 26,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 01 माह वर्षा-ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 5 | 2025_PWDRB _398026_1 | नरसिंहपुर | रैनो-वेशन | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत शासकीय चिकित्सा विभाग में मरम्मत एंव रेनोवेशन संबंधी समस्त कार्य हेतु जोनल टेण्डर। | 49.90 | 50,000 | 5,000 | प्रथम आमंत्रण | 02 माह वर्षा-ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 88.68 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 03/02/2025. (17.00) बजे निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 03 /02 /2025. (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी ।

G-22183/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग ( म / स ) संभाग नरसिंहपुर




गोराबाजार क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस, दर्दनाक मौत

# ब्रेड फैक्ट्री में छज्जा सहित गिरे मजदूर के हुए दो टुकड़े

हरिभूमि, जबलपुर।

*गोराबाजार थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक हादसे में मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल तिलहरी में ब्रेड की फैक्ट्री है। यहां पर कुछ मजदूर फैक्ट्री का पुराना निर्माण तोड़ रहे थे।*

सुबह करीब 10.30 बजे लेंटर की तुड़ाई करते-करते मंडला निवासी भूरेलाल विश्वकर्मा दूसरे माले के छज्जे के साथ नीचे आ गिरा और किसी धारदार चीज की चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर दो टुकड़ों में बंट गया। साथी मजदूरों ने उसकी हालत देखी तो चीख पुकार मच गई और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई, लेकिन फैक्ट्री के लोगों ने किसी को अंदर नहीं जाने दिया, वहीं पुलिस को भी काफी देर से सूचना दी गई। बहरहाल पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।



जानकारी अनुसार गोराबाजार के तिलहरी स्थित ब्रेड फैक्टी के पुराने हिस्से में तोडफ़ोड़ का काम चल रहा है। जिसका ठेका छोटी ओमती निवासी एक ठेकेदार को दिया गया है। जिसने कार्य के लिये कुछ रोज पहले मंडला से चार मजूदर बुलवाये थे। जिनमें मंडला मोहगांव घुघरा निवासी 30 वर्षीय भूरेलाल विश्वकर्मा भी शामिल था। शुक्रवार सुबह सभी मजदूर अपना-अपना काम कर रहे थे। भूरेलाल दूसरी मंजिल पर छज्जा तोड़ने का कार्य कर रहा था, उसी दौरान अचानक से वह छज्जे सहित नीचे गिर गया और किसी धारदार चीज की चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और कई मजदूर तत्काल ही काम छोड़कर चले गये। वहीं फैक्ट्री के लोगों ने मामले को काफी देर तक छिपाने का प्रयास किया और किसी को अंदर नहीं जाने दिया, जिसकी सूचना पुलिस को लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस घटना के वक्त मौजूद मजदूरों व संचालकों से भी पूछताछ कर रही है।

## घटना छिपाने का आरोप

क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि घटना के करीब डेढ़ घंटे बाद भी फैक्ट्री के कर्ताधर्ताओं ने पुलिस को सूचना नहीं दी। इलाके के कुछ लोगों ने जब अंदर जाने का प्रयास किया तो फैक्ट्री वालों ने उन्हें वहां से भगाया। हालांकि जैसे ही पुलिस को जानकारी लगी तो मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरु कर दी गई। घटना के वक्त वहां मौजूद मजदूरों व संचालकों से भी पूछताछ की जा रही है।

## लगातार हो रहीं घटनाएं

जबलपुर में निर्माण कार्यों के दौरान हादसों का क्रम जारी है। लेकिन प्रशासन अब तक निर्माण साईटों में होने वाली लापरवाही पर लगाम नहीं लगा पाया है। पैसा बचाने के चक्कर में ठेकेदार मजदूरों को बिना पर्याप्त सुरक्षा के काम कराते हैं। नतीजा गंभीर हादसों के रूप में सामने आ रहा है।

## पुलिस मामले की जांच कर रही है

ब्रेड फैक्ट्री पर निर्माण कार्य के लिये तोड़फोड़ की जा रहीं है। जिसका ठेका छोटी ओमती निवासी आयूब अली ठेकेदार ने लिया है। जो कि चार पांच मजदूर मंडला से लाया था। जिनमें एक भूरेलाल विश्वकर्मा था। जो कि कार्य के दौरान छज्जा सहित नीचे गिर गया और किसी धारदार चीज की चपेट में आ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हुई है। पुलिस ने मामले की बारीकी से छानबीन कर रहीं है।

**रमन सिंह**, गोराबाजार टीआई

प्रभारी प्राचार्य को जारी किए नोटिस

# हाई कोर्ट ने शिक्षक को पोर्टल से रिलीव करने पर मांगा जवाब

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विजय सराफ की एकलपीठ के शिक्षक को पोर्टल से रिलीव करने के मामले में प्रभारी प्राचार्य से जवाब मांग लिया है। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया है। याचिकाकर्ता पन्ना निवासी राजेन्द्र कुमार नामदेव की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमानगंज में विगत 14 वर्ष से अतिथि शिक्षक वर्ग-एक के पद पर कार्यरत है। वह हिन्दी विषय पढ़ाता है। विद्यालय में हिन्दी भाषा समूह वर्ग-एक के तीन पद स्वीकृत हैं। दो शिक्षक स्थायी हैं और एक पद पर याचिकाकर्ता सेवा दे रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार दुबे ने बिना किसी पूर्व सूचना के याचिकाकर्ता को पोर्टल से रिलीव कर दिया। विद्यालय आने से मना करते हुए साफ कर दिया कि हमें हिन्दी शिक्षक की आवश्यकता नहीं है। लिहाजा, याचिकाकर्ता ने दस्तावेजों सहित कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ व जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन दिया। जिसका कोई नतीजा नहीं निकलने पर हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी।



हाई कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी को सभी सेवा लाभों का भुगतान करने का दिया आदेश

# अपने ही परिपत्र को नकार कर कर्मचारी मानने से इनकार अनुचित

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि 28 वर्ष की सेवा के बाद अपने ही परिपत्र को नकार कर कर्मचारी मानने से इनकार करना सर्वथा अनुचित है। लिहाजा, पीडब्ल्यूडी सभी सेवा लाभों का भुगतान सुनिश्चित करे।

याचिकाकर्ता उर्मिला चौरसिया की ओर से अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा, असीम त्रिवेदी व रोहिणी शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पति का निधन हो चुका है। 1981 में उनकी नियुक्ति मप्र सेतु निगम में दैनिक वेतन भोगी के रूप में हुई थी। उन्हें कार्यभारित कर्मी के रूप में कार्यरत किया गया। ईपीएफ भी काटा जाता था। कालांतर में सेतु निगम का पीडब्ल्यूडी में विलय कर दिया गया। याचिकाकतर्ता के पति 2009 में मृत्युपर्यंत वहां कार्यरत रहे। इसलिए याचिकाकर्ता पारिवारिक पेंशन की हकदार है। इसके बावजूद विभाग इनकार कर रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से इस तर्क का विरोध किया गया। साथ ही लंबे समय तक विभागीय कर्मचारी होने के साक्ष्य प्रस्तुत किए। परिपत्र का भी हवाला दिया। कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर याचिकाकर्ता के पक्ष में आदेश पारित कर दिया। कोर्ट ने साफ किया कि सेतु निगम के कार्यकाल की भी गणना कर पीडब्ल्यूडी भुगतान करे।

# महाकुम्भ मेला स्पेशल आज कोटा से, 27 को रीवा से चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा हेतु महाकुम्भ-2025 के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा प्रयागराज होकर गाड़ी संख्या 09817/ 09818 कोटा-रीवा-कोटा के मध्य 03-03 ट्रिप कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन संचालित किया जाएगा। इस महाकुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन में 15 थर्ड एसी कोच एवं 2 जनरेटर कार सहित कुल 17 कोच होंगें। गाड़ी संख्या 09817/ 09818 कोटा-रीवा-कोटा के मध्य स्पेशल ट्रेन कोटा से दिंनाक 25 जनवरी, 07 एवं 22 फरवरी,2025 को तथा रीवा से दिंनाक 27 जनवरी, 09 एवं 24 फरवरी,2025 को चलेगी। गाड़ी सं 09817 कोटा से रीवा के लिए प्रस्थान सुबह 08:45 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज रात 01:45 बजे आगमन कर रीवा अगले दिन सुबह 07:30 बजे पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में रीवा से दोपहर 12:00 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज शाम 18:30 बजे आगमन कर कोटा अगले दिन सुबह 09.45 बजे पहुँचेगी।



## गाड़ी के हाल्ट

यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कोटा से रीवा के बीच इन्द्रगढ़ सुमेरगंजमंडी, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, श्री महावीरजी, हिंडौन सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मानिकपुर, जैतवार, कैमा एवं हिनौतारामबन स्टेशनों पर रुकेगी।

## शॉर्ट टर्मिनेट होगी दयोदय

जबलपुर। 1 फरवरी को चलने वाली दयोदय एक्सप्रेस शोर्ट टर्मिनेट रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे में चल रहे अधोसंरचना कार्य के चलते जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन तक चलेगी अतः यह गाड़ी सांगानेर से अजमेर के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार वापसी में 2 फरवरी को अजमेर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन से प्रारंभ होकर जबलपुर तक आएगी। यानी यह गाड़ी अजमेर से सांगानेर के मध्य रद्द रहेगी।

## इतवारी-रीवा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मण्डल पर ब्रिजों के अनुरक्षण कार्य के कारण इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कुछ गाड़ियों को एहतियातन निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन 33-33 ट्रिप और निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से रीवा एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से दिनाँक 03 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक निरस्त रहेगी । गाड़ी संख्या 11756 रीवा से नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से दिनाँक 2 फरवरी से 30 मार्च 2025 तक निरस्त रहेगी।

अनावेदकों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

# सिविल जज भर्ती परीक्षा-2022 पर हाईकोर्ट की रोक

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अपने अंतरिम आदेश से सिविल जज भर्ती परीक्षा-2022 की पूरी प्रकिया पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है।

यह जनहित याचिका एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एण्ड सोशल जस्टिस के सचिव राम गिरीश वर्मा की ओर से दायर की गई है। जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर पी सिंह और अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिका में सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 को लेकर 17 नवम्बर 2023 को जारी विज्ञापन और 17 फरवरी 2024 को जारी शुद्धिपत्र की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि 195 पदों पर होने वाली इस भर्ती में 61 नए पद और 134 बैकलॉग पदों को शामिल किया गया। इनमें से 17 पद अनारक्षित वर्ग के बैकलॉग के रूप में दर्शाए गए हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 का खुला उल्लंघन होने के कारण असंवैधानिक हैं। सुनवाई के बाद युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी करते हुए उक्त अंतरिम आदेश पारित किए।

बादल छाए, शीतल हवा चली

# पल-पल बदल रहे मौसम के तेवर



**जबलपुर।** मौसम के तेवर पल पल बदल रहे है शुक्रवार को आसमान में छाये हल्के बादलों की वजह से ठंडी हवाएं चलती रही। दिनभर बादलों की लुकाछुपी का खेल चलता रहा और शीतल बयारें चलती रही। दिन का तापमान जो अभी औसत से ऊपर चल रहा था वो औसत से नीचे आ गया है। जबकि रात का तापमान अभी औसत से ऊपर है। शुक्रवार को मौसम खुशनुमा रहा, न ज्यादा ठंडी न ज्यादा गर्मी रही। मौसम विभाग का कहना है कि अभी कुछ दिनों तक ऐसी ही शीतलता बरकरार रहेगी। शाम ढलने के बाद शीतलहर ठंड का अहसास कराती है और सुबह जोरदार ठंड बनी रहती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण आसमान पर बादल छाए हुए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया, जबकि न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 87 प्रतिशत और सायंकाल 47 प्रतिशत दर्ज की गई। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। प्रदेश में सबसे कम 9.2 डिग्री तापमान नीमच जिले में दर्ज किया गया। उत्तर पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष अधिकतम तापमान 23.05 और न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री दर्ज किया गया।

## प्राणघातक हमले के आरोपित को जमानत नहीं

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह की अदालत ने प्राणघातक हमले के आरोपित माढ़ोताल निवासी अनिल पटेल उर्फ राजा की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। अभियोजन की ओर से एजीपी कुक्कू दत्त ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर दूसरे पक्ष पर प्राणघातक हमला किया था। इस वजह से गोलू गिरी को गंभीर चोटें आईं। उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। चूंकि प्रकरण गंभीर प्रकृति का है, अतः जमानत अर्जी निरस्त किए जाने योग्य है। अदालत ने तर्क से सहमत होकर जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

## *देशी पिस्तौल पाए जाने पर जमानत नहीं*

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्रसेन मुवेल की अदालत ने देशी पिस्तौल रखने के आरोपित बिलहरी निवासी मिक्की उर्फ कृष्णा यादव की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कुक्कू दत्त ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गोराबाजार पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपित अवैध हथियार रखे हुए है। लिहाजा, मौके पर पहुंचकर तलाशी ली गई। गाड़ी की डिक्की से देशी पिस्तौल बरामद हुई, जिसमें जिन्दा कारतूस लोड थे। इससे साफ हो गया कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। आरोपित का पूर्व आपराधिक रिकार्ड है। ऐसे में उसे जमानत दिए जाने से समाज में गलत संदेश जाएगा। अदालत ने तर्क से सहमत होकर अर्जी निरस्त कर दी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240